राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 86 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है...



मां दुर्गा जी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है और नवरात्रि के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। इनका वर्ण पूर्ण रूप से गौर है, इसलिए इन्हें महागौरी कहा जाता है। इनके गौरता की उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से की गई है और इनकी आयु आठ वर्ष की मानी हुई है। इनके समस्त वस्त्र और आभूषण आदि भी श्वेत हैं। वृषभ पर सवार मां की चार भुजाएं हैं जिसमें ऊपर के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपर वाले बाएं हाथ में डमरू और नीचे के बाएं हाथ में वर मुद्रा है और इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। धन-धन्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति के लिए मां गौरी की उपासना की जानी चाहिए। अष्टमी तिथि के दिन प्रात:काल स्नान-ध्यान के पश्चात कलश पूजन कर मां की विधि-विधान से पूजा करें।

## पैन को आधार से लिंक करने की समय-सीमा 30 जून तक बढ़ी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने (स्थाई खाता संख्या) पैन कार्ड को आधार से लिंक करने की समय-सीमा को तीन महीने बढ़ाकर 30 जून कर दी है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। सीबीडीटी के मुताबिक करदाताओं को राहत देने के लिए पैन कार्ड के साथ आधार को लिंक करने की समय-सीमा को 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून, 2023 कर दिया गया है। इससे पहले भी पैन-आधार लिंक करने की आखिरी तारीख दो बार बढ़ाई जा चुकी है। पहली बार इसे 30 जून, 2022 तक बढ़ाया गया, जिसके बाद बढ़ाकर 31 मार्च, 2023 कर दिया गया था।

## चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को न हो परेशानी



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**धामी** सरकार आगामी चारधाम यात्रा को सरल, सुगम और सुरक्षित बनाएगी ताकि उत्तराखंड आने वाले हर यात्री सुखद संदेश लेकर जाए। इसी के तहत देवभूमि आने वाले सभी श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा में दर्शन कराए जायेंगे। इसके साथ ही स्थानीय लोगों के चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण की अनिवार्यता को खत्म किया जाएगा। जो भी श्रद्धालु होटलों और होमस्टे में बुकिंग पहले से करा ली है उन्हें भी दर्शन की व्यवस्था की जाएगी। सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समय रहते चारधाम यात्रा की सभी तैयारियों को पूरा करने को कहा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा में आए श्रद्धालुओं को असुविधा से न होकर गुजरना पड़े।

## पीएम मोदी से मिले सम्राट चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सम्राट चौधरी ने राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इसकी जानकारी उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर दी। सम्राट चौधरी ने लिखा, 'देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। उनके कुशल नेतृत्व में राष्ट्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने मुझे बिहार के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनयन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।' बीजेपी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को सीएम के प्रबल दावेदार के रूप में दिखाते हुए पोस्टर नजर आए। पोस्टर पर सम्राट चौधरी के बड़े से फोटो के साथ इसपर लिखा है, 'बिहार का योगी आ गया सम्राट भैया, 1- अणे मार्ग खाली करो -खाली करो', ( 1- अणे मार्ग मुख्यमंत्री का आधिकारकि आवास) बता दें कि सम्राट चौधरी ने पार्टी से जुड़ने के महज पांच साल में बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने का मुकाम हासिल किया है।

# माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा

'साबरमती जेल भेज दो, मुझे यहां नहीं रहना...', उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट में बोला अतीक

### कोर्ट में रोया अतीक

= 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में यह सजा सुनाई गई है। रिकॉर्ड में अतीक गैंग पर 101 मुकदमे दर्ज हैं

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**माफिया** अतीक अहमद को मंगलवार को प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में यह सजा सुनाई गई है। पुलिस रिकॉर्ड में अतीक गैंग पर 101 मुकदमे दर्ज हैं। यह पहला मामला है, जिसमें अतीक को दोषी ठहराया गया और सजा मिली है। इस बीच उसे साबरमती जेल वापस भेजने का ऑर्डर हो गया है। जज दिनेश चंद्र शुक्ल ने अतीक के अलावा खान सौलत हनीफ और दिनेश पासी को भी उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों पर एक-एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। यह रुपए उमेश के परिवार को दिए जाएंगे। वहीं, अतीक के वकील दया शंकर मिश्रा ने कहा कि हम फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। वहीं, अशरफ उर्फ खालिद अजीम समेत फरहान, जावेद उर्फ बज्जू, आबिद, इसरार, आशिक उर्फ मल्ली, एजाज अख्तर को बरी कर दिया गया है। सजा सुनाने के बाद दोपहर 3.30 बजे अतीक और अशरफ को वापस नैनी जेल ले जाया गया। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने अतीक-अशरफ से सवाल किए, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने अतीक को जेल में लेने से मना कर दिया है। नैनी जेल सुपरिन्टेंडेंट के मुताबिक माफिया अतीक अहमद को गुजरात और अशरफ को बरेली भेजा जाएगा। नैनी जेल में लेने का अभी कोई आदेश नहीं मिला है।

**उमेश की मां बोलीं- अतीक पैसों के बल पर कुछ भी कर सकता है:** कोर्ट के फैसले के बाद उमेश की मां शांति देवी ने कहा कि अतीक अहमद ने मेरे बेटे का मर्डर कराया। तीन-तीन लोगों की जान गई। वो पुराना खूंखार बदमाश और डकैत है वो अपने पैसों के बल पर कुछ भी कर सकता है। मुख्यमंत्री से मेरी मांग है कि उसे फांसी दी जाए। उसे अपहरण मामले में भले ही उम्रकैद की सजा हुई है, लेकिन मर्डर केस में उसे फांसी दी जाए। वहीं, उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा- मैं घर पर अकेली हूं। मुख्यमंत्री से मांग करती हूं कि मेरी सुरक्षा का ख्याल रखा जाए। अतीक को अपहरण मामले में उम्रकैद की सजा कोर्ट ने सुनाई है।



### अतीक गैंग पर 101 से ज्यादा केस

**अतीक** अहमद का 30-35 साल से प्रयागराज समेत आसपास के 8 जिलों में वर्चस्व रहा है। यूपी पुलिस के डोजियर के अनुसार, अतीक के गैंग- 227 के खिलाफ 101 मुकदमे दर्ज हैं। अभी कोर्ट में 50 मामले चल रहे हैं। इनमें एनएसए, गैंगस्टर और गुंडा एक्ट के मुकदमे भी हैं।

### अतीक को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**उमेश** पाल मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने अतीक अहमद की सुरक्षा देने की अपील खारिज कर दी है। अतीक ने याचिका में कहा था कि जब तक वो उत्तर प्रदेश पुलिस की कस्टडी में है, उसे सुरक्षा दी जाए। अतीक ने कहा था कि वह यूपी की जेल में शिफ्ट नहीं होना चाहता। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अतीक के वकील से कहा कि अपनी शिकायत लेकर हाईकोर्ट जाइए।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बस्ती के एडी अकादमी धर्मपुर, दुबौलिया बाजार में आयोजित स्व. डॉ. वाईडी सिंह की स्मृति ग्रन्थ लोकार्पण एवं प्रतिमा अनावरण किया।

## ईपीएफओ ने ब्याज दर 0.05% बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सरकार ने** वित्त वर्ष 2022-23 के लिए पीएफ अकाउंट में जमा राशि पर ब्याज दर को 8.10% से 0.05% बढ़ाकर 8.15% कर दिया है। एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (ईपीएफओ) ने मंगलवार को इसका ऑफिस ऑर्डर जारी किया। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए सरकार ने पीएफ पर ब्याज दर को घटाकर 8.10% कर दिया था, जो 43 साल का सबसे निचला स्तर था। देश के करीब 6 करोड़ कर्मचारी पीएफ के दायरे में आते हैं। ईपीएफओ एक्ट के तहत कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस का 12% पीएफ अकाउंट में जाता है। तो वहीं, कंपनी भी कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस डीए का 12% कॉन्ट्रीब्यूट करती है।

## हंगामा: संसद के दोनों सदन बुधवार तक स्थगित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

संसद के दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा में मंगलवार को 11वें दिन भी जमकर हंगामा हुआ। दो बजे दोबारा शुरू हुई राज्यसभा और लोकसभा की कार्रवाई नारेबाजी के बीच बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में अध्यक्ष के तौर पर रमा देवी ने कुर्सी संभाली। लेकिन विपक्षी सांसद 'सेव डेमोक्रेसी' के पोस्टर लहराने लगे। कार्रवाई के बीच कुछ सांसदों ने 'मोदी जी शर्म करो' के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके बाद लोकसभा भी बुधवार 29 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

**लोकसभा स्पीकर पर फेंके आदेश के टुकड़े और काला कपड़ा:** इसके पहले सुबह के सत्र में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने अडाणी मामले पर जेपीसी की मांग और राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने के मुद्दे पर हंगामा किया।

वहीं भाजपा के सांसदों ने राहुल गांधी से माफी को लेकर नारेबाजी की। इसके बाद दोनों सदन दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिए गए थे।

## 'बड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता'

### तैयारी

= जैसे-जैसे पार्टी आगे बढ़ेगी, विपक्ष के हमले तेज होते रहेंगे,स्ट्रॉन्ग फाइट के लिए तैयार रहे: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बीजेपी** ने सदन शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले संसदीय समिति की बैठक की। जिसमें सबसे पहले पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी सांसदों और मंत्रियों की मौजूदगी में पूर्वोत्तर में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री का सम्मान किया। मीटिंग में पीएम मोदी ने पार्टी नेताओं से स्ट्रॉन्ग फाइट के लिए तैयार रहने कहा। मोदी बोले- जैसे-जैसे पार्टी आगे बढ़ेगी, विपक्ष के हमले तेज होते रहेंगे। अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि पीएम मोदी ने 15 मई से 15 जून तक सभी सांसदों को अपने क्षेत्र का दौरा करने के लिए कहा है। साथ ही भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर किसी भी माध्यम से प्रचार करने को कहा है। बैठक में 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर प्लानिंग हुई। पार्टी 6 अप्रैल से 14 अप्रैल यानी बीआर अंबेडकर की जयंती तक सोशल जस्टिस वीक मनाएगी।

## 'राहुल माफी मांगें, वरना एफआईआर करूंगा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सावरकर** के पोते रंजीत सावरकर ने मंगलवार को कहा कि राहुल गांधी उनके दादाजी पर दिए बयान पर माफी मांगें। रंजीत ने कहा कि अगर राहुल ऐसा नहीं करते हैं तो वे उनके खिलाफ एफआईआर करेंगे। इधर, उद्धव ठाकरे की नाराजगी के बाद विपक्षी दलों ने यह तय किया है कि वे सावरकर जैसे संवेदशील मुद्दों पर बयान नहीं देंगे। शरद पवार मंगलवार को दिल्ली में विपक्षी पार्टियों की बैठक में शामिल हुए। ये बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुलाई थी।



इसमें पवार ने कहा कि सावरकर महाराष्ट्र में सम्मानित और पूजनीय हैं, उनको निशाना बनाने से महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन मुश्किल में आ जाएगा। इस पर विपक्षी नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सावरकर के मुद्दे पर अपनी बयानबाजी नर्म करने को तैयार है। बता दें कि राहुल गांधी ने अपनी संसद सदस्यता रद्द होने के बाद 25 मार्च को प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उनसे सवाल पूछा गया कि भाजपा आपसे बार-बार माफी की मांग कर रही है। राहुल गांधी ने जवाब दिया था कि वह गांधी हैं, सावरकर नहीं। वो माफी नहीं मांगेंगे।

**उद्धव राहुल से बोलें कि माफी मांगो:** रंजीत सावरकर ने कहा कि 'उद्धव ठाकरे और संजय राउत के मन में सावरकर के लिए बहुत सम्मान है, लेकिन जब तक वो इस मुद्दे पर अपना समर्थन नहीं देते, इसका कोई मतलब नहीं रह जाता।

## दिल्ली से आगरा चलेगी वंदे भारत ट्रेन

**मथुरा।** देश की सबसे तेज ट्रेन वंदे भारत का तीसरा टायल रन मंगलवार को आगरा कैंट से दिल्ली के बीच 160 की गति पर किया गया। ट्रेन जंक्शन रेलवे स्टेशन से दोपहर 3 बजकर 40 मिनट पर गुजरी। आगरा से मथुरा की दूरी मात्र 35 मिनट में तय कर ली। इस दौरान जंक्शन और उसके आस-पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव का कहना है कि वंदे भारत का ट्रायल होने से भविष्य में आगरा दिल्ली रूट पर इसको चलाने की उम्मीद है।

**दो टूक** जलशक्ति विभाग में बंद सभी कार्यालयों की होगी पुन:समीक्षा: अग्निहोत्री

## 'जलशक्ति विभाग में अब आउटसोर्स भर्ती नहीं होगी'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**हिमाचल** प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार जलशक्ति विभाग में प्रस्तावित 5 हजार भर्तियों को आउटसोर्स पर नहीं करेगी। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को विधानसभा में जलशक्ति विभाग को लेकर विपक्ष द्वारा लाए गए कटौती प्रस्तावों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि प्रदेश सरकार ने जलशक्ति विभाग में आधा दर्जन बंद किए गए कार्यालयों को खोल दिया है और शेष कार्यालयों को बंद करने के निर्णय की पुन:समीक्षा



कर इस संबंध में एक कार्ययोजना मंत्रिमंडल में ले जाई जाएगी और सभी जरूरी कार्यालयों को फिर से खोलने का प्रयास होगा। बाद में सदन ने विपक्ष द्वारा अपने कटौती प्रस्तावों को वापस नहीं लिए जाने पर इन्हें ध्वनिमत से नामंजूर कर दिया। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार एक नीति के तहत विभाग में 5 हजार पदों की भर्ती करेगी ताकि भविष्य में ये लोग सरकारी कर्मचारी बन सकें। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि विभाग में पहले से आउटसोर्स में लगे लोगों का क्या करना है, बाद में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जलशक्ति विभाग में ये भर्तियां पूर्व सरकार द्वारा घोषित 8370 भर्तियों के अलावा होंगी, क्योंकि इन भर्तियों को सरकार ने अभी रद्द नहीं किया हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी सरकार क्लीनवेज कंपनी को भर्तियां करने का कोई ठेका नहीं देगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जलशक्ति विभाग ने 1439 पेयजल योजनाएं प्रगति पर हैं और उन्हें तेजी से पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे ताकि पीने के पानी की कमी को दूर किया जा सके।



# सीएम ने की बजट घोषणाओं की समीक्षा

## अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से काम में तेजी लाने के दिए निर्देश, साइकिल वेलोड्रोम के लिए आवंटित की जाएगी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 10 एकड़ जमीन

**8 प्रदेश की जनता को विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं का लाभ जल्द से जल्द प्रदान किया जा सके : सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को वर्ष 2023-24 की बजट घोषणाओं संबंधी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि प्रदेश की जनता को विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं का लाभ जल्द से जल्द प्रदान किया जा सके। मुख्यमंत्री वर्ष 2023-24 की बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं पर विस्तार से चर्चा की और अधिकारियों से इस बारे में विस्तृत समय-सीमा सहित बिंदुवार समीक्षा की। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बजट घोषणाओं के तहत अधिकांश परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अंतिम चरण में है और 30 अप्रैल तक इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा।



### साइकिल वेलोड्रोम के लिए आवंटित की जाएगी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 10 एकड़ जमीन

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को साइकिलिंग वेलोड्रोम के निर्माण के लिए खेल विभाग को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 10 एकड़ भूमि आवंटित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि हरियाणा और अन्य राज्यों के राष्ट्रीय स्तर के एथलीटों को आवासीय प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने के लिए पंचकूला में स्पोर्ट्स हॉस्टल से संबंधित कार्य चल रहा है और जल्द ही पूरा हो जाएगा।

मनोहर लाल ने अधिकारियों को हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास के माध्यम से संचालित होने वाली खिलाड़ी बीमा लाभ योजना, जो चोट और उनके करियर में व्यवधान के मामले में खिलाड़ियों को सहायता प्रदान करेगी, को अधिसूचित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रक्रियाओं की समीक्षा करने और बजट घोषणाओं के तहत सभी परियोजनाओं और योजनाओं को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

**नई पैक्स नीति तैयार करें:** मनोहर लाल ने अधिकारियों को 500 पैक्स स्थापित कर सहकारी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए नई पैक्स नीति तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को एक महीने के भीतर सांझी डेयरी के पांच मॉडल को पायलट आधार पर चालू करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह एक अलग मॉडल है जो उन लोगों को सक्षम करेगा जिनके पास पशुपालन गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय बढ़ाने के लिए पर्याप्त भूमि नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी) से संबंधित योजना तैयार करने और इस संबंध में निविदाएं जारी करने के भी निर्देश दिए।

### हाउसिंग फॉर ऑल के तहत जरूरतमंद परिवारों के लिए बनाए जाएंगे 1 लाख घर

**मुख्यमंत्री** ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवास योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को एक लाख किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए ग्राउंड प्लस-3 फ्लोर का स्ट्रक्चर बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में कुछ निश्चित मापदंडों के साथ नई योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

**सफाई कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन योजना राज्य स्तर पर भी की जाएगी शुरू:** मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर पालिकाओं में सफाई कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर उनकी श्रेणी में शीर्ष पचास में शामिल करने के अलावा 1000 रुपये प्रति माह की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि के साथ इसी तरह की योजना राज्य स्तर पर भी शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर 50 प्रतिशत प्रदर्शन करने वाले नगर पालिकाओं के सफाई कर्मचारियों को शहर को स्वच्छ रखने के प्रयासों के सम्मान में प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि एक कार्ययोजना तैयार कर ली गई है और 30 सितंबर तक इस प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से पूरा कर लिया जाएगा। राजस्व अर्जित करने वाली परियोजनाओं और खाली पड़ी जमीनों के मुद्रीकरण के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को परियोजनाओं के लिए खाली पड़ी जमीनों को बेचने तथा वैल्युएबल भूमि उपयोग के लिए बाहरी परिधि पर वैकल्पिक जमीन खरीदने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि सितंबर के अंत तक पहले चरण में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और शहरी स्थानीय निकाय क्रमश: 100 और 200 अटल सेवा केंद्र स्थापित करेंगे। इसके अलावा, कपड़ा नीति को अधिसूचित किया जाएगा और नीति के तहत आठ में से चार योजनाओं को 30 अप्रैल तक अंतिम रूप दिया जाएगा।

# 'एमआईसीई से हरियाणा में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा'

**8 बेहतर कनेक्टिविटी होने के कारण हरियाणा में पर्यटन के लिए एमआईसीई मॉडल देशभर में बेहतर विकल्प साबित होगा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/नई दिल्ली**
**हरियाणा** के विरासत एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल ने कहा कि हरियाणा में एमआईसीई मॉडल (मिटिंग, इन्सेंटिव, कान्फ्रेंस एण्ड एग्जीबिशन) से पर्यटन क्षेत्र को अग्रणी बनाने की अपार सम्भावनाएं है। उन्होंने कहा कि आई टी क्षेत्र गुरुग्राम एवं दिल्ली से बेहतर कनेक्टिविटी होने के कारण हरियाणा में पर्यटन के लिए एमआईसीई मॉडल देशभर में बेहतर विकल्प साबित होगा। कंवर पाल ने यह बात नई दिल्ली में पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन को मिशन मोड में बढ़ावा देने के लिए रणनीति तैयार करने हेतू आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। पर्यटन मंत्री ने कहा कि एमआईसीई मॉडल से पर्यटन को बढावा देने के लिए बड़े स्तर पर लोगों को एकत्रित किया जा सकता हैं। इसमें सम्मेलन, व्यापार शो, खेल आयोजन, प्रोत्साहन, शैक्षणिक संगोष्ठियां और व्यावसायिक विकास की कार्यशालाएं आदि शामिल है। इसके अलावा व्यावसायिक यात्रियों एवं पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भी विशेष रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एमआईसीई पर्यटन को बढावा देने और आर्थिक क्षेत्र को मजबूत करने तथा रोजगार को बढ़ावा देने का सरकार का दूरदर्शी विजन है। इसके तहत हरियाणा के पंचकुला, यमुनानगर, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार और महेंद्रगढ़ में पर्यटन को विकसित किया जाएगा।पर्यटन मंत्री ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शी सोच से राज्य में पर्यटन क्षेत्र में कई गुणा विकास हुआ है। हरियाणा के अरावली पर्वत श्रृंखला के गुरुग्राम और नूंह जिले में लगभग 10,000 एकड़ भूमि पर दुनिया का सबसे बड़ा जंगल सफारी पार्क विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। हरियाणा एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का केन्द्र है जो पर्यटकों एवं आगंतुकों को वैदिक काल का अनुभव करवाती है। राज्य के अपने समृद्ध रीति-रिवाज और परंपराओं के साथ ही लोकगीत है जो अपनी महान सांस्कृतिक विरासत को भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में जन जन तक पहुंचा रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने और ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से होम स्टे नीति बनाई है।

# डॉ. कमल गुप्ता ने माता मनसा देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर लिया माता का आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने चैत्र नवरात्र के सातवें दिन माता मनसा देवी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर महामायी का आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत उन्होंने यज्ञशाला में आयोजित हवन-यज्ञ में आहुति डाली। डॉ. गुप्ता आज ने माता मनसा देवी मंदिर में अपना शीश नवाया और प्रदेशवासियों को नवरात्र की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने महामायी के चरणों में देश-प्रदेश की तरक्की और लोगों की सुख-समृद्धि की कामना भी की। डॉ. गुप्ता ने मंदिर परिसर में नवरात्रों के शुभ अवसर पर माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड, जिला रेडक्रास सोसायटी, शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट, महामाई मनसा देवी चैरिटेबल भंडारा कमेटी, ओंकार दास मित्तल चैरीटेबल ट्रस्ट और जागृत ब्राह्मण सभा पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान जागरूकता शिविर में पहुंच कर रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनकी हौसला अफजाई की।



# तो बहादुरगढ़ का कराऊंगा चहुंमुखी विकास : डॉ पंकज जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** बहादुरगढ़ हलके की सम्मानित जनता की सेवा करना तथा सत्ता के माध्यम से बहादुरगढ़ का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। हलके की सम्मानित जनता ने सेवा करने का एक अवसर दिया तो बहादुरगढ़ हलके को हरियाणा का सबसे विकसित हलका बनाने का काम धरातल पर करूंगा। यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने सेक्टर 6 में समाज के सभी वर्गों की हुई मीटिंग में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कही। मीटिंग में मौजूद सभी वर्गों व छतीस बिरादरी से संबंधित गणमान्य जनों ने पंकज जैन को आश्वस्त करते हुए कहा कि बहादुरगढ़ हलके का सर्व समाज आपके साथ है और 2024 के विधानसभा चुनाव में एक एक वोट आपको देकर रिकॉर्ड मतों से आपको विधानसभा में चुनकर भेजने का काम करेगा। मौजूद लोगों ने एक सुर में कहा कि डॉ पंकज जैन विधायक बनने से पहले ही समाज हित व जनहित के कार्यो में अग्रणी रखकर सभी वर्गों की सेवा करने का काम कर रहे हैं। सर्व समाज के किसी भी वर्ग को किसी भी प्रकार की जरूरत ही महसूस होती है तो उसके लिए डॉ पंकज जैन सदैव तत्पर रहते हैं इसलिए बहादुरगढ़ हलके को ऐसे ही ऊर्जावान व्यक्ति की जरूरत है जो सर्व समाज की भलाई के साथ-साथ आमजन के सुख दुख की चिंता करता हो।

# हरियाणा में फिर बदली स्कूलों की टाइमिंग

**8 बदली हुई टाइमिंग सिर्फ एक दिन के लिए ही लागू रहेगी। 29 को दुर्गा अष्टमी के चलते स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** में फिर से स्कूलों की टाइमिंग बदली गई है। हालांकि, यह बदली हुई टाइमिंग सिर्फ एक दिन के लिए ही लागू रहेगी। हरियाणा सरकार ने 29 मार्च को दुर्गा अष्टमी के चलते शिक्षा विभाग ने स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया है।

इस दिन प्रदेश में स्कूलों का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2.50 तक रहेगा। अध्यापकों और स्टूडेंट्स के लिए समय एक समान ही होगा। अध्यापकों को भी इसी समय के अनुसार उपस्थित रहना होगा। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को इस आदेश को लागू कराने के लिए निर्देश जारी किए हैं।



# मंत्री व सांसद का रखा गया आधारशिला पत्थर तोड़ा, मामला दर्ज

**8 राज्यमंत्री, सांसद नायब सिंह ने गांव में मटौर से पिंजूपुरा जाने वाले रास्ते के निर्माण के लिए आधारशिला पत्थर रखा था**

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
महिला एवं बाल विकास मंत्री वह कुरुक्षेत्र के सांसद द्वारा रखा गया लिंक रोड का निर्माण पत्थर रात को अज्ञात लोगों ने तोड़ दिया है।
पुलिस ने हरियाणा एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एचएसएएम बोर्ड की एसडीओ ने कलायत थाना में मामला दर्ज करवाया है कि 26 मार्च को शाम को राज्यमंत्री कमलेश ढांडा वह क्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी ने गांव में मटौर से पिंजूपुरा जाने वाले रास्ते के निर्माण के लिए आधारशिला पत्थर रखा था। जिसे सोमवार की रात किसी ने तोड़ दिया।

# कंवारी गोलीकांड में अब घायल कर्ण के चाचा को जान से मारने की धमकी

**8 जान से मारने की धमकी देने के मामले में हिसार की अनाज मंडी चौकी में शिकायत दर्ज की गई**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**फाग** के दिन जिले के गांव कंवारी में हुए गोलीकांड में गंभीर रूप से घायल कर्ण के चाचा और गांव में सरपंची का चुनाव लड़ने वाले सुरेश कुमार दुहन को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई है। इस मामले में मंगलवार को गांव कंवारी के ग्रामीण हिसार के आईजी कार्यालय में एडीजीपी श्रीकांत जाधव से मिले। ग्रामीणों ने कंवारी गोलीकांड में आरोपित लोगों को गिरफ्तार करने और धमकी देने वालों पर तुरंत कार्रवाई करने की गुहार लगाई। जान से मारने की धमकी देने के मामले में हिसार की अनाज मंडी चौकी में शिकायत दर्ज की गई, जिस पर पुलिस ने सोमवार रात को मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज एफआइआर के अनुसार सुरेश कुमार दुहन ने बताया कि वह अपने पिताजी को दिखाने के लिए हिसार के सिविल अस्पताल में गया हुआ था, तभी उसे सोमवार सुबह मोबाइल नंबर पर किसी अनजान नंबर बोलने वाले ने जान से मारने की धमकी दी। फोन पर उसने अभद्र भाषा भी बोली है।
इसके बाद इसी नंबर से फिर से फोन आया और उपरोक्त नंबर पर बोलने वाले ने फिर से जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता के अनुसार वह धमकी देने वाले इस व्यक्ति को नहीं जानते। न ही उससे कभी कोई किसी प्रकार का संपर्क हुआ है, लेकिन फिर भी वह व्यक्ति उसे धमकी दे रहा है।
सुरेश कुमार दुहन ने बताया कि उसने अभी सरपंची का चुनाव लड़ा था और उसके बाद चुनावी रंजिश के चलते आठ मार्च को फाग के दिन उसके भतीजे करण को गांव के वर्तमान सरपंच संजय उर्फ नर सिंह की साजिश से उसके बेटे पुनीत ने अंधाधुंध गोलियां मार दी थीं।
उसे यह जो फोन पर धमकी दी गई है इसका कनेक्शन भी उक्त गोलीकांड से ही हो सकता है।



# रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर छह लाख ठगे

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर तीन लोगों ने एक युवक से छह लाख रुपए ठग लिए गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। गांव कुतुबपुर निवासी राकेश पुत्र रिसाला राम ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि वह 12वीं पास है। वह जखौली निवासी राकेश फौजी को पहले से जानता है। सितंबर 2022 में राकेश फौजी ने उसे शौर्य अकादमी गली नंबर एक ऋषि नगर न्यू बस स्टैंड के पीछे रहने वाले सुरेंद्र व गांव पेटवाड़ निवासी सोमवीर जांगड़ा से मिलवाया।
दोनों ने उसे रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। वह 19 सितंबर 2022 को हिसार से अपने गांव आ गया।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कलायत रेलवे स्टेशन होगा अपग्रेड

**कैथल।** मंडल कलायत के रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अपग्रेड किया जाएगा।
इसके बाद यात्रियों को इस स्टेशन पर सभी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगीं। सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में कलायत रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को चढ़ाने और उतारने के लिए केवल एक ही फ्लेटफॉर्म है।

# हिसार: बहुचर्चित मूर्ति प्रकरण में हांसी अदालत ने बबलू को दी जमानत

**8 हांसी पुलिस ने पिछले दिनों बबलू व चार अन्य को आरोपी बनाते हुए केस दर्ज किया**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हांसी की अदालत ने मंगलवार को दिए अपने फैसले में बहुचर्चित मूर्ति प्रकरण में एक आरोपी बबलू को जमानत दे दी। इस मामले में पुलिस ने बबलू सहित पांच पर केस दर्ज किया था। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए हांसी पुलिस से बबलू को आरोपी बनाए जाने के पुख्ता सबूत मांगे। इससे पहले आरोपी के वकील ने अदालत को बताया कि इस मामले में हांसी पुलिस ने रेंज के एडीजीपी के आदेशों की अवहेलना की है। अदालत ने पुलिस से एडीजीपी के आदेशों की प्रति मांगी, जिसे पुलिस अदालत में पेश नहीं कर पाई। वहीं, आरोपी के वकील रोहित शर्मा ने इन आदेशों की फोटो प्रति पेश करके कहा कि पुलिस मामले को बेवजह लटकाना चाहती है। अदालत के फैसले के आद आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रवक्ता मनोज राठी ने कहा कि अदालत के इस फैसले से गरीब आदमी को न्याय की उम्मीद जगी है। उन्होंने बताया कि हांसी पुलिस ने पिछले दिनों बबलू व चार अन्य को आरोपी बनाते हुए केस दर्ज किया। हांसी पुलिस अदालत में बबलू के खिलाफ अदालत में कोई सबूत पेश नहीं पर पाई, जिस पर अदालत ने उसकी जमानत मंजूर कर ली।



# पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ महिलाओं का दिल्ली कूच

## जंतर-मंतर पर पुलिस से नोकझोंक, राष्ट्रपति को भेजा 30 हजार हस्ताक्षर का पत्र

**8 जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय भीम अवॉर्डी खिलाड़ी जगमति सांगवान ने की**

**टीम एक्शन इंडियचा/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह की मंत्रिमंडल से बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग को लेकर हरियाणा की महिलाओं ने दिल्ली कूच किया। इस दौरान महिलाओं ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। हालांकि उन्हें रोकने के प्रयास में दिल्ली पुलिस से नोकझोंक भी हुई। प्रदर्शन के बाद महिलाओं ने हरियाणा में अभियान के दौरान एकत्र किए 30 हजार हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र राष्ट्रपति को भेजा। महिला संगठनों ने चेतावनी दी है कि जल्द ही उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो वह फिर से सड़कों पर उतरेंगी।
**जंतर-मंतर पर दिया धरना:** जनवादी महिला समिति समेत कई अन्य संगठन न्याय संघर्ष समिति के बैनर तले हरियाणा भर से महिलाएं व पुरुष दिल्ली में जंतर मंतर पर एकत्र हुए और वहां धरने का आयोजन किया। धरने की अध्यक्षता जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय भीम अवॉर्डी खिलाड़ी जगमति सांगवान ने की। संचालन राज्य महासचिव उषा सरोहा ने किया। जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय महासचिव मरियम धवले ने धरनारत महिलाओं को मुख्य रूप से संबोधित किया।
**कोच के पिता भी रहे मौजूद:** धरने में पीड़िता जूनियर महिला कोच के पिता भी मौजूद रहे। धरने के दौरान वक्ताओं ने वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा भर में यौन हिंसा के आरोपी मंत्री संदीप सिंह की बर्खास्तगी एवं गिरफ्तारी की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा है, परन्तु बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार ने यौन हिंसा आरोपी मंत्री संदीप सिंह को बचाने के लिए पुरा जोर लगा रखा है। हरियाणा की भाजपा सरकार तथा राज्य महिला आयोग, खेल विभाग समेत तमाम प्रशासनिक मशीनरी मंत्री संदीप सिंह को बचाने में जुटे हुए हैं।
**सीएम पर लगाए आरोप:** महिला प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने तो तमाम हदें पार करते हुए लगातार आरोपी मंत्री का बचाव किया है। हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान जब विपक्ष द्वारा मंत्री के खिलाफ सवाल उठाए गए तो मुख्यमंत्री ने मेज ठोक ठोक कर कहा कि नहीं हटाएंगे नहीं हटाएंगे नहीं हटाएंगे की रट लगाए रखी। विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने भी अपने संवैधानिक पद की मयार्दा भूलते हुए आरोपी मंत्री के बचाव में बिल्कुल भाजपा प्रवक्ता की तरह दलीलें दी।



# एसपी की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाने का चौथा आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**8 जसवंत को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और जहीरूद्दीन को 4 दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा है**

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
कैथल के एसपी मकसूद अहमद की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाने के मामले में पुलिस ने राजस्थान से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसी मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी जसवंत से पुलिस ने पांच फर्जी एक्टिवेट सिम व मोबाइल फोन बरामद किया है। डीएसपी विवेक चौधरी ने बताया कि एसपी की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाने के मामले में साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार की टीम ने कौसीचोरा कामा राजस्थान से जहीरुद्दीन उर्फ जोरू निवासी रासयिका जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया है। रिमांड में जसवंत ने बताया था कि उसने फर्जी सिम आगे जहीरूद्दीन को बेची थी। जहीरूद्दीन भी फर्जी सिम बेचने का काम करता है। मंगलवार को दोनों को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने जसवंत को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और जहीरूद्दीन को 4 दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा है। गौरतलब है कि पुलिस पीआरओ प्रदीप नैन इस बारे में एफ आई आर दर्ज करवाई थी। इस मामले में 3 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। डीएसपी ने बताया कि कैथल पुलिस के पी.आर.ओ. प्रदीप नैन की शिकायत अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने एसपी मकसूद अहमद भापुसे के नाम से एक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई है और इस आईडी से लोगों से रुपए मांगे जा रहे है।
जिस बारे थाना साइबर क्राइम में मामला दर्ज किया गया था। मामले में पहले ही 3 आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है।

# मीडिया को विकासात्मक पत्रकारिता पर ध्यान देना चाहिए: राजेंद्र चौधरी

- पीआईबी चंडीगढ़ ने करनाल में ग्रामीण मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन किया
- भ्रामक जानकारी के प्रसार को रोकने के लिए पीआईबी तथ्य जांच का व्यापक रूप से उपयोग करने की आवश्यकता है: एडीजी (आर) राजेन्द्र चौधरी
- सकारात्मक खबरों के प्रसार के लिए हो मीडिया का इस्तेमाल: डॉ. वैशाली शर्मा
- महिलाएं सभी मोर्चों पर आगे बढ़ रही हैं और आने वाले समय में यह क्षेत्र मीडिया के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की अधिक सक्रिय भागीदारी का गवाह बनेगा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**पत्र** सूचना कार्यालय (पीआईबी), चंडीगढ़ ने जिला करनाल में ग्रामीण मीडिया कार्यशाला 'वातार्लाप' का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य पीआईबी और जिला और उप-जिला स्तर पर काम करने वाले पत्रकारों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करना था। श्री मंगलसेन ऑडिटोरियम, करनाल में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने पीआईबी चंडीगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक राजेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में किया। अतिरिक्त महानिदेशक (क्षेत्र) पीआईबी चंडीगढ़, राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि सूचना के प्रसार के लिए मीडिया सबसे शक्तिशाली साधन है। खोजी पत्रकारिता पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा, मीडिया को विकास पत्रकारिता पर भी ध्यान देना चाहिए और जमीन से सफल और सकारात्मक कहानियों पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर रिपोर्टिंग से पहले पत्रकारों के लिए मीडिया नैतिकता और आचार संहिता पर भी जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं सभी मोर्चों पर आगे बढ़ रही हैं और आने वाले समय में यह क्षेत्र मीडिया के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की अधिक सक्रिय भागीदारी का गवाह बनेगा। पत्रकारों को संबोधित करते हुए, चौधरी ने यह भी दोहराया कि पत्रकारों को विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा साझा की गई जानकारी को बढ़ाना चाहिए और जनता के बीच विकास के संदेश को प्रसारित करने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने पीआईबी फैक्ट चेक के बारे में भी बात की, जो सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पीआईबी और अन्य संबद्ध मीडिया इकाइयों के कामकाज के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति देते हुए फर्जी खबरों को नकारने में मदद कर सकता है। आज के समय में सोशल मीडिया के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, ह्लसोशल मीडिया अब सूचना प्रसार के लिए एक अत्यंत शक्तिशाली उपकरण है। हालांकि, हमें फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं से सावधान रहना चाहिए और हमें केवल सत्यापित जानकारी ही साझा करनी चाहिए।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने अपने उद्घाटन भाषण में जिला करनाल में मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' के आयोजन के लिए पीआईबी चंडीगढ़ के प्रयासों की सराहना की।













## मीडिया सरकार की आंख और कान के रूप में कार्य करता है: डॉ. वैशाली

डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होने के नाते मीडिया सरकार की आंख और कान के रूप में कार्य करता है और जमीनी स्तर पर सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के संबंध में आवश्यक प्रतिक्रिया प्राप्त करने और चिंताओं को दूर करने के लिए इस तरह का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया दोधारी तलवार की तरह काम करता है और यह मीडिया पर निर्भर है कि वह सकारात्मक और विकासात्मक कहानियों को जन-जन तक पहुंचाए या नहीं और मीडिया को रचनात्मक रिपोर्टिंग के लिए खुद का इस्तेमाल करना चाहिए।

## सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग किया जाना चाहिए: प्रो. डॉ आबिद अली

प्रो. डॉ आबिद अली ने सोशल मीडिया पर एक बहुत ही व्यावहारिक सत्र प्रस्तुत किया और कहा कि सोशल मीडिया मुख्यधारा के मीडिया के साथ दर्शकों के एकीकरण के माध्यम से सामाजिक विकास को बढ़ावा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रामाणिक जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग किया जाना चाहिए। प्रो. सत्येंद्र यादव ने ड्रोन संचालन, उपयोग और कानूनी पहलुओं की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक किसानों के जीवन के जोखिम को कम करती है, पानी और समय की बचत करती है और फसल के खेतों में कीटनाशकों के छिड़काव के दौरान लागत प्रभावी होती है।

## महिलाएं सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए योजनाओं का लाभ उठाएं: डॉ. रश्मि सिंह

डॉ. रश्मि सिंह ने आज के समाज में महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला और महिलाओं के कल्याण की दिशा में सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं से अपनी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए योजनाओं का लाभ उठाने का भी आग्रह किया। "ये योजनाएं महिलाओं को खुद को बेहतर बनाने के अलावा अन्य अवसर प्रदान करती हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, करनाल मनोज कौशिक ने प्रेस सूचना ब्यूरो के प्रयास की सराहना की और कहा कि ज्यादातर मीडिया घटनाओं के कवरेज में शामिल होने के विपरीत, आज पीआईबी ने उन्हें इवेंट का स्टार बनने का अवसर दिया है और ऐसा बेहतर समन्वय के लिए क्षेत्र में मीडिया कार्यशालाओं की नियमित रूप से मदद की जानी चाहिए। वाटिका चंद्रा, फील्ड प्रचार अधिकारी, पीआईबी चंडीगढ़ ने मीडिया और अतिथियों का स्वागत किया और अहमद खान फील्ड प्रचार अधिकारी, सीबीसी चंडीगढ़ ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के 70 से अधिक पत्रकारों ने कार्यशाला में भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न मुद्दों पर इनपुट प्रदान किए। कार्यशाला का आयोजन आम नागरिकों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में पत्रकारों को जागरूक करने के लिए किया गया था। "वातार्लाप" शीर्षक वाली यह कार्यशाला सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया आउटरीच रणनीति का हिस्सा है और सरकार की योजनाओं और नीतियों के बारे में प्रामाणिक जानकारी के साथ पत्रकारों को सशक्त बनाकर जनता और सरकार के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने के लिए संकल्पित है। तकनीकी सत्रों के बाद इंटरैक्टिव प्रश्न-उत्तर सत्र हुआ। कार्यशाला के बाद हरियाणा की पहली महिला ड्रोन पायलट सुनिशा सोलंकी द्वारा ड्रोन का प्रदर्शन भी किया गया।

पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए, और रचनात्मक फीडबैक प्रदान की। पत्रकारों ने कार्यशाला आयोजित करने के लिए पीआईबी को भी धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि भविष्य में इस तरह की और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

# हर युवा को एनसीसी का प्रशिक्षण लेना चाहिए: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि देश को सुदृढ़ व सुरक्षित बनाने के लिए हर युवा को राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के रूप प्रशिक्षण लेकर देश व समाज की सेवा के लिए आगे आना चाहिए।

राज्यपाल दत्तात्रेय मंगलवार को यहां हरियाणा राजभवन में वर्ष 2023 की गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले राज्य के एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस के स्वयंसेवकों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपना संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस के स्वयंसेवकों को देश के प्रति समर्पित अनुशासित आदर्श युवाओं के तौर पर देखता है। उन्होंने कहा कि समाज में 90 प्रतिशत लोग सदाचारी और सदव्यवहारी हैं। बाकि 10 प्रतिशत के लोगों को अनुशासन में लाने की जिम्मेदारी एनसीसी व एनएसएस के स्वयंसेवकों की है। उन्होंने ने कहा कि आज पूरे देश में लगभग 15 लाख एनसीसी के कैडेट्स और 40 लाख एनएसएस के स्वयंसेवक इस दिशा में बड़ी स्फूर्ति के साथ कार्य कर रहे हैं और इसके साथ ही उन्हें विश्वास है कि वे समग्र समाज को बुराई मुक्त कर देगें। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस के स्वयंसेवक भविष्य में भी नशे, छुआछूत, महिलाओं के प्रति अत्याचार, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर कर समाज के उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे और राज्य के सांस्कृतिक व सामाजिक दूत के रूप में मानवता की सेवा करते रहेगें। राज्य सरकार भी राष्ट्रीय कैडेट कोर व राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों को लोकप्रिय बनाने और उन्हें प्रोत्साहन देने का भरसक प्रयत्न करती रहेगी। समारोह में उच्चतर शिक्षा मंत्री मूल चंद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष-2023 गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले हरियाणा के राष्ट्रीय कैडेट कोर व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हरियाणा का नाम रोशन किया है।



### 8 राष्ट्रीय कैडेट कोर व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हरियाणा का नाम रोशन किया है

# मॉरिशस टूर पर अनिल विज: विदेश में लिया देवी दुर्गा का आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/मॉरिशस**

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री मंत्री अनिल विज इन दिनों मॉरिशस टूर पर हैं। अपने विदेश दौरे के दौरान गृह मंत्री हेल्थ सिस्टम और पुलिसिंग पर स्टडी कर रहे हैं। विज विदेश टूर के दौरान मॉरिशस के मंदिरों की यात्रा भी कर रहे हैं। मॉरिशस के गंगा तालाब मंदिर में विज ने नवरात्रों के दौरान देवी दुर्गा के दर्शन किए। साथ ही उन्होंने पूजा अर्चना के दौरान जय अंबे गौरी की आरती गाकर महामाई आशीर्वाद लिया। विज ने दुनिया में शांति और अमन कायम रखने के लिए महामाई से अरदास की और कहा कि दुनिया में सुख-शांति बनी रही और सभी लोग आपस में मिलजुल कर रहें।

# 2024 में बनाएंगे युवा सरकार: दिग्विजय

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**जननायक ज**नता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि कोरोना अब खत्म हो चुका है, अब सरकार को छात्र लोकतंत्र की बहाली करनी ही होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश-प्रदेश को अच्छा नेतृत्व देने के लिए छात्र संघ चुनाव बेहद जरूरी हैं। दिग्विजय ने कहा कि छात्र संघ चुनाव ही साधारण परिवार के छात्रों के लिए मुख्यधारा की राजनीति में अपनी जगह बनाने का एक जरिया है। उन्होंने ऐलान किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जेजेपी 50 प्रतिशत सीटें साधारण परिवार के युवाओं को देगी। वे मंगलवार को प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव बहाली के लिए छात्र संवाद कार्यक्रम के तहत पानीपत पहुंचे थे। यहां उन्होंने डीबीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को संबोधित किया। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी में इनसो के माध्यम से आम परिवार के छात्र नेता मुख्यधारा की राजनीति में अपनी जगह बना रहे हैं। उदाहरण के तौर पर उन्होंने कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इनसो राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल का जिक्र करते हुए कहा कि किसान परिवार से संबंध रखने वाले प्रदीप देशवाल इनसो से जुड़कर राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद तक पहुंचे और जेजेपी से लोकसभा चुनाव भी लड़ा। उन्होंने कहा कि जेजेपी में तो इस प्रकार के अनेक उदाहरण हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी में सिर्फ नेताओं के भाई भतीजों और रिश्तेदारों के लिए जगह है इसीलिए कांग्रेस ने आम परिवार के छात्र राजनीति से आए युवाओं को कोई टिकट नहीं दी।



# कश्मीर में शहीद हिसार का लाल सोनू पंचतत्व में विलीन

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**जम्मू कश्मीर** में उग्रवादियों के साथ में मुठभेड़ में शहीद निकटवर्ती गांव जुगलान निवासी जवान सोनू जांगड़ा का मंगलवार को उसके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया है। वे जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में तैनात थे। उग्रवादियों की गोली सोनू के सिर पर गोली लगी थी।

मंगलवार सुबह सेना के जवान हवलदार शिव सिंह, सिगनल मैन अमर यादव शहीद सोनू का पार्थिव शरीर लेकर गांव में पहुंचे। शहीद सोनू जांगड़ा का पार्थिव शरीर जब तिरंगे में लिपटा घर पहुंचा तो मां का बुरा हाल हो गया। अपने लाल को देखकर मां भतेरी देवी बार-बार बेसुध हो रही थी। पारिवारिक सदस्यों के विलाप को देखकर हर व्यक्ति की आंखें भर आई। शहीद के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देने के लिए आसपास के क्षेत्रों के लोग, प्रशासनिक अधिकारी और सैन्य अधिकारी और विधायक जोगीराम सिहाग पहुंचे। बाद में गांव में ही पूरे राजकीय सम्मान के साथ शहीद का अंतिम संस्कार किया गया। सोनू की मां ने शहीद बेटे की चिता को मुखाग्नि दी। ग्रामीणों और परिवार के सदस्यों ने भारत माता की जय, शहीद सोनू जांगड़ा अमर रहे के नारे लगाए। गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने सोनू जांगड़ा की शहादत पर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने ट्विट कर कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए उसके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि शहीद सोनू जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में तैनात थे।

सोनू जांगड़ा 2016 में आर्मी में भर्ती हुआ था। करीब ढाई महीने पहले वह जुगलान गांव में अपने घर आया था। पिता की मौत के बाद ननिहाल में ही उसका पालन पोषण हुआ था, क्योंकि उसके मामा के भी कोई संतान नहीं थी। इसलिए मामा ने उसे गोद ले लिया था। वह अपने मामा के पास रहता था और उनकी मां भतेरी देवी भी अपने मायके में रहती थी। सोनू का पालन पोषण गांव में ही हुआ था और आज उसका इसी गांव में अंतिम संस्कार किया गया।



# वैसाखी पर समर्पित हो सकता है बहुउद्देशीय हॉल का तोहफा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। शहर** के फूसगढ़ वासियों को वैसाखी पर नवनिर्मित मल्टीपर्पज हाल का तोहफा मिलेगा। इसे देखते अप्रैल माह में इसका उद्घाटन हो सकता है। करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से तैयार बहुउद्देशीय हाल मूल रूप से खिलाडि ?ों के लिए है, जो इसमें आकर बैडमिंटन व कबड्डी जैसे रोचक गेम खेल सकेंगे। मंगलवार को केएससीएल के सीईओ एवं उपायुक्त अनीश यादव ने यहां की विजिट कर निरीक्षण किया और संतुष्टिद्द जाहिर की। उन्होंने जानकारी दी कि प्रोजेक्ट लगभग तैयार है। उद्घाटन के बाद इसे खिलाडियों को समर्पित कर देंगे।



यूनिक डिजाईन में है बहुउद्देशीय हाल- निरीक्षण के दौरान डीसी ने जानकारी दी कि मल्टीपर्पज हाल का डिजाईन अपने-आप में अनूठा है। यह 30 गुणा 50 मीटर, लम्बा-चौड़ा तथा 10 मीटर ऊंचा बनाया गया है। छत पर 18 गेज की प्रेस शीट लगाई गई हैं, इनकी खासियत यह है कि इन पर जंग नहीं लगता। हाल में मौजूद लोगों को इसकी तपिश भी नहीं लगेगी। इस दौरान डीसी ने घूमकर इसका निरीक्षण किया। हाल के पीछे बनाए गए स्टोर, रूम व शौचालयों को देखा। एंट्री पर निर्मित वीआईपी रूम का भी निरीक्षण किया। इसमें दी गई एक-एक फैसिलिटी को चैक किया और इसमें प्रयुक्त किए गए मैटिरियल की भी जानकारी ली। स्वीमिंग पूल का किया निरीक्षण- इससे पूर्व उपायुक्त ने सैक्टर-32 स्थित इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स के तहत बनाए गए तैराकी के तालाबों का निरीक्षण किया। एक मुख्य तालाब है, दूसरा वार्मअप बताया गया है। बड़ा 25 गुणा 50 मीटर तथा छोटा 25 गुणा 21 मीटर का है। इसके साथ ही बैलेसिंग टैंक बनाया जा रहा है। दोनो तालाब आलवैदर यानि हर मौसम के लिए अनुकूल जल से उपलब्ध रहेंगे। फिलहाल तालाबों का इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करके उनकी सतह पर नोजल युक्त पानी के पाईपों की फिटिंग कर दी गई है। एक तालाब में दो पाईप तथा दूसरे में 6 पाईप रहेंगे। इनमें बैलेंसिंग टैंक से पानी आता-जाता रहेगा, इस टैंक में बड़े फिल्टर लगाए जाएंगे, जो साईट पर आ चुके हैं। साईट पर समूचे प्रोजेक्ट का काम युद्ध स्तर पर होता दिखाई दिया। उम्मीद है कि यह आगामी अगस्त में पूरा हो जाएगा। खास बात यह है कि स्वीमिंग पूल ओलम्पिक स्तर का बनाया जा रहा है। इसमें तैराक फैक्टिस करके प्रदेश और देश के लिए बेहतर खिलाड़ी के रूप में अपने-आप को तैयार कर सकेंगे। खेलों को लेकर हरियाणा सरकार की नीति से प्रदेश में आधुनिक स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर और खिलाडि ?ों को सुविधाएं दी जा रही हैं। करनाल स्पोर्ट्स हब बनता जा रहा है। इसमें स्मार्ट सिटी मिशन से अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं। कैलाश स्टेडियम में बन रहा राष्ट्रीय स्तर का हॉकी स्टेडियम- विदित रहे कि करनाल के उत्तर तथा कैलाश एरिया में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य जोरों पर है, उपायुक्त ने इसका निरीक्षण किया। इसके दर्शक दीर्घा यानि गैलरी का एक हिस्सा मुकम्मल हो गया है। दूसरे और तीसरे पर स्लैब डाले जाने की तैयारियां की जा रही हैं, स्लैब का काम आगामी 15 अप्रैल तक हो जाना चाहिए। हॉकी मैदान की बात करें तो इसकी सतह पर भिन्न-भिन्न एम.एम. साईज के जीएसबी (ग्राउण्ड सब बेस) यानि गटका डाला जा रहा है, जल्द ही इस पर रोलर चलाकर इसे मजबूती से समतल में लाया जाएगा। मुख्य मैदान के साथ-साथ प्रैक्टिस ग्राउण्ड में भी गटका डालने का काम चालू है। इसके बाद मैदान पर बिटुमिन की लेयर बिछेगी और उसके ऊपर डाला जाएगा टर्फ। खास यह है कि टर्फ विदेशी तकनीक से निर्मित होगा। मेन ग्राउंड 99.4 मीटर लम्बा तथा 61 मीटर चौड़ाई में है। इसी प्रकार प्रैक्टिस ग्राउण्ड 47.75 गुणा 28 मीटर का है। ग्राउण्ड की फैंसिंग वाल, पानी निकासी की ड्रेन जैसे कार्य पहले ही तैयार किए जा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान डीसी ने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि से कहा कि हॉकी ग्राउण्ड के काम की प्रोग्रेस तो है, लेकिन इसे ओर बढ़ाओ, ताकि जल्द से जल्द हॉकी प्रेमियों को इसकी सौगात मिल सके। उपायुक्त के निरीक्षण में केएससीएल के जीएम रामफल, एक्सईएन सौरभ गोयल तथा इंजीनियर संतीश कंसल भी मौजूद रहे।

# अवैध लैबर क्वार्टरों को किया गया ध्वस्त: डीटीपी ललित



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत जिला** नगर योजनाकार (डीटीपी) ललित बजाड़ ने कहा कि जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया है, जिसके तहत मंगलवार को खरखौदा तहसील क्षेत्र के गांव कुण्डल की राजस्व संपदा में 02 एकड़ में अवैध रूप से बनाए गए 35 लैबर क्वार्टरों को ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार ने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिला में किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने गन्नौर विधायक के निवास स्थान पर पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़



**गन्नौर:** हरियाणा के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ मंगलवार को गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी की माता का बिमारी के चलते हुए निधन पर शोक सभा में शामिल होकर शोक संतप्त परिवार को ढांढ़स बंधाने गन्नौर स्थित उनके निवास स्थान पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए हिम्मत दी कि वे इस दुख के समय में उनके साथ हैं। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि भगवान शोक संतप्त परिवार को हिम्मत दें और यह असीम दुख सहने की ताकत प्रदान करें। इस दौरान उनके साथ इन्द्री के विधायक रामकुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, रामकुमार धनखड़, निशांत छोक्कर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।इसके अलावा सांसद रमेश कौशिक, भाजपा प्रदेश महामंत्री वेदपाल, घरौडा विधायक हरविन्द्र कल्याण, भाजपा उपाध्यक्ष राजीव जैन, पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत, विधायक सुरेन्द्र पंवार, विधायक जगबीर मलिक, कांग्रसे नेता सुरेन्द्र दहिया, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, जजपा नेता सुमित राणा, कपूर सिंह नरवाल, कांग्रेस नेता सुरेन्द्र छिक्कारा, भाजपा नेता ललित बत्रा, विधायक महीपाल ढांडा आदि ने पहुंचकर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। विधायक निर्मल चौधरी ने बताया कि उनकी माता स्व ओमपति देवी की तेहरवीं रस्म प्रक्रिया 31 मार्च को सुबह 10 बजे गन्नौर तहसील के सामने त्यागी एक्लेव में संपन्न होगी।

### कौन बनेगा चैम्पियन ग्रांड फिनाले प्रतियोगिता में पीएस पब्लिक स्कूल के छात्र छाए



**गन्नौर:** पी एस पब्लिक स्कूल भूर्री की तीन छात्रों ने मेरठ में हुई कौन बनेगा चैम्पियन ग्रांड फिनाले प्रतियोगिता के फाईनल राऊंड में पहुंचकर दो छात्रों ने हाट सीट पर कब्जा किया है। स्कूल की छात्रा दिव्या कौशिक पुत्री तरूण कौशिक ने कौन बनेगा चैम्पियन में प्रथान प्राप्त करके स्कूल का नाम रौशन किया है। दूसरी छात्रा स्नेहा पत्र राकेश लल्हेड़ी ने प्रतियोगिता की हाट सीट पर बैठकर सवालों के जवाब देते हुए तीन राज्यों के 24 हजार छात्रों को पछाड़ते हुए बाजी मारी। तीसरे छात्र कार्तिक पुत्र अनिल गांव भूर्री ने भी दो लेवल पार कर ग्रांड फिनाले प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया। स्कूल पहुंचने पर स्कूल के निदेशक संजीव कौशिक, प्रधानाचार्य नवीन कौशिक, शिक्षिका ज्योति कौशिक, अनिता शर्मा, कोडिनेटर गौरव अनेजा, गीता शर्मा, पिंकी राठी, अनुपमा आदि ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सिवाह गांव की सुमन देवी ने नेशनल पैरा पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** पानीपत जिला के गांव सिवाह के एक साधारण परिवार की 38 वर्षीय महिला सुमन देवी ने दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 26 से 28 मार्च तक आयोजित नेशनल पैरा पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 2023 में सिल्वर मेडल जीत कर पानीपत व प्रदेश का नाम रोशन किया है। वहीं खिलाड़ी सुमन देवी को मंगलवार को गांव सिवाह की सरपंच सुनीता कादियान के पति एवं आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान एडवोकेट ने ग्राम पंचायत सिवाह की तरफ से 5100 रूपए की राशि देकर सम्मानित किया। आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि सुमन देवी ने राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर गांव सिवाह का नाम रोशन कर दिया।

वहीं गांव की सरपंच सुनीता देवी व गणमान्य लोगों ने भी सुमन देवी को बधाई दी है। इस मौके पर सरपंच सुनीता कादियान ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा गांव सिवाह के पदक जीतने वाले सभी खिलाडि ?ों और कक्षा 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भविष्य में जब तक वे सरपंच है, हर वर्ष पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं सुमन देवी ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा जिला जींद के गांव निडाना में हुई है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं.: 9991270143

# प्रतिबंधित नशीला पदार्थ गट्टू-कैम्फर सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया** स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा आरोपी गुरमेज सिंह उर्फ काला सिंह पुत्र प्यारा सिंह वासी गांव बांसा द्वारा अपनी स्विफ्ट गाड़ी में प्रतिबंधित नशीला पदार्थ गट्टू-कैम्फर, (अफीम व एल्कोहल का मिश्रण) की तस्करी करने की विश्वसनीय सूचना पर मीट मार्किट असंध के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से गाड़ी में से एक पेटी में से 15 बोतल प्रतिबंधित नशीला पदार्थ गट्टू-कैम्फर बरामद किया गया व आरोपी की गाड़ी को कब्जा में लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह उपरोक्त प्रतिबंधित नशीला पदार्थ गट्टू-कैम्फर को उत्तर पद्रेश के गाजियाबाद से एक व्यक्ति से सस्ते दाम पर खरीदकर लाता है और यहां लाकर नशे के आदी लोगों को मंहगे दाम पर बेचता है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी एक आदतन अपराधी है। आरोपी के खिलाफ पहले भी वर्ष 2019 में थाना ने निसिंग में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला दर्ज है, जो कि मामला विचाराधीन न्यायालय है।

# ट्रैक्टर से टक्कर मारकर हत्या करने वाला आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस ने थाना इन्द्री के एरिया के गांव गढपुर टापू के रहने वाले एक व्यक्ति अरसद द्वारा 14 मार्च को अपने ही गांव के रहने वाले एक व्यक्ति इसाक की ट्रैक्टर से टक्कर मारकर हत्या करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल ट्रैक्टर-ट्राली को भी बरामद कर लिया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना इंद्री व उनकी सहयोगी टीम द्वारा आरोपी अरसद पुत्र नसार वासी गांव गढपुर टापू को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। रिमाण्ड के दौरान की गई पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी यमुना से रेत के अवैध खनन का काम करता है और मृतक भी यहीं काम करता था। मृतक व्यक्ति किसी दूसरी जगह से ट्रैक्टर लाकर रेत के अवैध खनन का काम कर रहा था। इस बात पर आरोपी को ऐतराज था। जिसके कारण दोनों में एक-दूसरे का ट्रैक्टर न चलाने देने की बात पर बहस हो गई। इसी कारण आरोपी ने गुस्से में इसाक पुत्र गफुर वासी गढपुर टापू के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यू हो गई। रिमाण्ड के दौरान आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल ट्रैक्टर व ट्राली को बरामद कर लिया गया है।

इस वारदात के संबंध में थाना में एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें मृतक इसाक के लडके इस्लाक वासी गढ़पुर टापू ने बताया कि 14 मार्च को रात के समय करीब 9 बजे आरोपी अरसद ने ट्रैक्टर से जान-बूझकर टक्कर मारकर उसके पिता की हत्या कर दी और मौका से फरार हो गया।

# लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने लोगों को बिजनेस में रुपए लगवाने व तीन गुना मुनाफा देने का लालच देने के बहाने लोगों के साथ धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से 14 हजार की नकदी बरामद की गई है। ऐसी ही एक वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता नरेन्द्र कुमार पुत्र कृष्ण कुमार वासी जिरकपुर ने 22 मार्च को एक शिकायत देते हुए बताया कि 27 फरवरी को उसके पास एक अनजान नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम कासिफ बताया और शिकायतकर्ता के दिल्ली के रहने वाले किसी दोस्त द्वारा उसे उसका मोबाइल नम्बर देने की बात कही। इसके बाद कासिम ने उसे बताया कि वह बिट क्वाईन व गैल पाईप लाइन का बिजनेस करता है। इस बिजनेस में अच्छा मुनाफा है। आप भी यह बिजनेस कर लो, आपको तीन गुना करके पैसे दूंगा। शिकायतकर्ता आरोपी की बातों में आ गया और सीएचडी सिटी करनाल के एक मकान में आरोपी व उसके अन्य साथियों को पचास हजार रुपए दे दिए। इसके बाद आरोपी पांच लाख रुपए की और डिमांड करने लगे व उसे पांच लाख के बदले पन्द्रह लाख रुपए देने का लालच देने लगे। शिकायतकर्ता को आरोपियों पर संदेह हुआ और उसने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी।

इस संबंध में आरोपी कासिफ व उसके अन्य साथियों के खिलाफ थाना सदर में 23 मार्च को भारतीय दंड संहिता की धारा-406 व 420 के तहत मामला दर्ज किया गया।

## निगम कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर बैठे क्रमिक भूख हड़ताल पर

**पानीपत:** नगर पालिका कर्मचारी संघ के आहवान पर पानीपत नगर निगम के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को भी लगामार दूसरे दिन क्रमिक भूख हड़ताल रखी और पालिका बाजार स्थित निगम कार्यालय के बाहर 21 कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे रहे। भूख हडताल की अध्यक्षता निगम कर्मचारी संघ के प्रधान सुभाष चंडालिया ने की और संचालन उपप्रधान बलराज ने किया। वहीं सुभाष चंडालिया ने कहा कि सरकार अपनी हठधर्मिता को अपनाये हुए है और कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है।

# 'तनाव और चिंता को कम करने वाले प्राणायाम का अभ्यास प्रतिदिन करें'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। योग** कक्षा सेक्टर-13 ग्रीन बेल्ट में योग गुरु दिनेश गुलाटी ने पहुंचकर सभी यौगिक क्रियाएं करवाई। कक्षा में मुख्य अतिथि के रुप में पार्षद वीर विक्रम कुमार और डॉक्टर राजीव बंसल ने विशेष रुप से शिरकत की। उन्होंने कहा कि मेरा मिशन स्वस्थ भारत दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में बहुत सराहनीय कार्य कर रहा है और योग से जुडकर सैकड़ों लोग स्वस्थ हुए हैं। योग कई बीमारियों के निदान में एक औषधि का कार्य करता है। कई तरह की गंभीर बीमारियों में योग योग चमत्कारिक है। जहां योगिक क्रियाओं और आसनों द्वारा मनुष्य के शारीरिक बल में वृद्धि होती है, वहीं प्राणायाम से मानसिक विकास और अध्यात्मिक विकास में बढ़ोतरी होती है। दिनेश गुलाटी ने कक्षा में अनुलोम-विलोम का अभ्यास करवाते हुए बताया कि यह प्राणायाम शरीर के लिए नाड़ी शोधन का काम करता है, जिससे शरीर के सभी सिस्टम ऊजार्वान और बलवान बनते हैं। मांसपेशियों की प्रणाली में सुधार करता है। पूरे शरीर में शुद्ध ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाता है और शरीर की हर कोशिका तक रक्त के प्रवाह को पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि विशेष रुप से तनाव और चिंता को कम करने वाले इस प्राणायाम का अभ्यास नित्य प्रति करना चाहिए। यह हृदय की ब्लॉकेज को रुकता है और आर्टरीज को साफ रखता है, जिससे कार्डियक अरेस्ट या दिल के दौरे से बचने में मदद मिल सकती है। कक्षा में शिक्षक राजीव शर्मा और नरेश चौधरी के साथ बहुत से अन्य साधक मौजूद रहे।

> 8 पूरे शरीर में शुद्ध ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाता है और शरीर की हर कोशिका तक रक्त के प्रवाह को पहुंचाता है

# 'राजस्थान सरकार जबरन थोपना चाह रही कानून'

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर राजस्थान** विधानसभा में डॉक्टरों के भारी विरोध के बाद भी राइट टू हेल्थ बिल का आईएमए सोनीपत के अध्यक्ष डा. सी.पी. शर्मा व सचिव डा. एस के शर्मा ने करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार के इस कार्य से आईएमए सेनीपत शाखा के सभी सदस्य दुःखी एवं आक्रोशित है। इसी के चलते आईएमए के बैनर तले डॉक्टरों ने बैठक कर इस बिल के खिलाफ एक स्वर में आवाज बुलंद की है और 27 मार्च को भी चिकित्सकों ने विरोध दिवस मनाया है। सोनीपत आईएम के अध्यक्ष डा. सी.पी. शर्मा



का कहना है कि सरकार निजी अस्पताल के डॉक्टरों पर वाटर कैनन से पानी छिड़कर और डंडे चलाकर अगर राइट टू हेल्थ बिल लाई है तो यह कामयाब नहीं होगा। शर्मा ने कहा कि यह बिल आम जनों को संविधान के धारा-21 के अंतर्गत सरकार द्वारा डॉक्टर्स को राईट टू लीव अधिकार से बंचित करने का प्रयास है। सरकारें स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने दायित्व को प्राईवेट सेक्टर पर बिना किसी खर्च फेंक कर उन्हें बर्बाद करने पर उतारू है। किसी न किसी रूप में केन्द्र एवं सभी राज्य सरकारें एक जैसा कदम उठा रही है। राजस्थान सरकार जब तक इस जनविरोधी वाले काला कानून (राईट टू हेल्थ बिल) को वापस नहीं लेती है तब तक आईएमए सेनीपत भी इसका हर स्तर विरोध करना जारी रखेगी। डा. सी शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा लागू किया जा रहा राइट टू हैल्थ (आरटीएच) बिल बिना सोचे समझे थोपा जा रहा है, यह हर वर्ग के खिलाफ है। महिला चिकित्सक डा. दीप श्री शर्मा ने विरोध जताते हुए कहा कि बिल को लेकर डॉक्टर की कोई राय नहीं ली गई। ये पूरी तरह से चुनावी बिल है।

आईएमए का मानना है कि मुफ्त का कोई भी सिस्टम स्थायी नहीं है। इस प्रकार का सिस्टम एक समय के बाद बंद होना होता है और बंद होने के बाद आंदोलन होते है।

## खेडी तगा के नवनिर्वाचित सरपंच को अभी तक नहीं मिला है चार्ज

**गन्नौर।** खेडी तगा के नवनिर्वाचित सरपंच को अभी तक चार्ज नही दिया गया है,चार्ज न मिलने से गांव में विकास कार्य नही हो पा रहे है। सरपंच वेदप्रकाश ने बताया कि चार्ज दिलवाने को लेकर उन्होंने 20 फरवरी को उपमंडल अधिकारी से मिलकर अर्ज की थी उसके बाद 16 मार्च को फिर से एसडीएम को पत्र दिया था लेकिन उसको चार्ज नही दिया गया। सरपंच वेदप्रकाश ने बताया कि मंगलवार को जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर चार्ज दिलाने को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि पूर्व सरपंच जानबूझकर चार्ज नही दे रहा है ताकि गांव में कोई विकास कार्य न हो सकें।

# इसी वर्ष प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव हो बहाल: दिग्विजय चौटाला

## छात्रसंघ चुनाव करवाने के लिए किसी संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे: दिग्विजय

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव बहाली के लिए एक बार फिर से हुंकार भरी है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि अब इंतजार की इंतहा हो चुकी है, इसी वर्ष से हरियाणा में प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव बहाल कर स्टूडेंट डेमोक्रेसी को प्रदेश में फिर से स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद देशभर में सभी गतिविधियां पूरी तरह बहाल हो चुकी हैं, अब छात्रों को उनके अधिकारों से वंचित रखने का कोई औचित्य नहीं है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि इसके लिए उनका छात्र संगठन



इनसो किसी भी तरह के संघर्ष से पीछे नहीं हटेगा। इनसो ने प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव बहाली के लिए सोमवार से प्रदेश स्तरीय छात्र संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसके तहत जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला व इनसो राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल पानीपत में देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में पहुंचकर छात्रों से संवाद किया। जजपा प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि इनसो ने सदैव साधारण परिवार के युवाओं को राजनीति की मुख्यधारा में आगे बढ़ाया है, अब समय है कि छात्रों का नेतृत्व चुनाव के जरिए आगे बढ़े और जिससे साधारण किसान परिवारों, गरीब परिवारों के युवाओं को छात्र राजनीति में अपना स्थान मिले। उन्होंने कहा कि आज जो साथी कॉलेज, यूनिवर्सिटी संभालेंगे, कल को वही देश और प्रदेश को संभालेंगे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भी छात्र राजनीति से जुड़े रहे हैं। छात्र नेताओं को आगे आने का मौका दिया जाना चाहिए, इसके लिए छात्रसंघ चुनाव बहुत जरूरी हैं। वहीं इनसो राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल ने कहा कि इनसो की छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग बहुत पुरानी है। इनसो की भूख हड़ताल के बाद ही प्रदेश में 21 साल बाद छात्र संघ चुनाव बहाल हुए थे।

# संपादकीय

## आस्था के पर्व में राजधर्म का संदेश

**'यत्र** नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः' का उद्घोष एक मात्र भारतीय संस्कृति में किया गया है। वैदिक काल में भी हमारे यहां नारी को समान अधिकार प्राप्त थे। वेद ऋचाएं लिखने वालों में अनेक महिला विदुषी भी थीं। लेकिन परतंत्रता के कालखंड में भारत की यह विशेषता कायम न रह सकी। इसका कारण इतिहास में भी दर्ज है। फिर भी अनेक हिंसक बाधाओं का सामना करते हुए भारतीयों ने अपनी सभ्यता-संस्कृति को बनाये रखने का प्रयास किया। पृथ्वी माता के प्रादुर्भाव के दिन नवरात्रि उपासना का शुभारंभ हुआ। कहा भी गया है-'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ या देवी सर्वभूतेषु मातृ-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥' नवरात्रि आस्था का पर्व है। इसमें राजधर्म का भी संदेश है। मातृ शक्ति की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित होना चाहिए। तीर्थ स्थलों में सुविधाओं का पर्याप्त विकास होना चाहिए। यह शासक का दायित्व है। नेताओं का मन्दिर पहुंचना चर्चा का विषय बन जाता है, जबकि यह उनकी आस्था का विषय होता है। वैसे इस संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली बिल्कुल अलग है। दोनों ने संस्कृति और सुशासन का समन्वय किया है। यह तीर्थस्थलों की उनकी यात्रा में परिलक्षित होता है। नवरात्रि के तीसरे दिन नरेन्द्र मोदी काशी पहुंचे। उन्होंने सत्रह सौ करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास किया। वन वर्ड टीबी समिट का उद्घाटन किया। यह सुशासन और राजधर्म है। उनकी प्रत्येक यात्रा में यह तत्व शामिल रहता है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है। इसके दृष्टिगत सामाजिक जागरुकता के साथ ही महिला स्वावलंबन संबंधी अनेक योजनाओं को लागू किया गया है। इन सभी के सकारात्मक परिणाम आए है। मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का शुभारंभ किया था। इसमें बेटियों के प्रति सामाजिक चेतना को जागृत करने का विचार समाहित था। एक सर्वे में यह तथ्य उजागर हुआ था कि स्कूलों में बेटियों के लिए शौचालय न होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। बड़ी संख्या में बालिकाएं स्कूल जाना भी बंद कर देती हैं। मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत योजना लागू की। इसके अंतर्गत स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय निर्माण को प्राथमिकता दी गई। कहने को यह बात सामान्य लग सकती है। लेकिन इसने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को गति प्रदान की। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति योजना लागू की। इसके माध्यम से समाज में जागरुकता का सन्देश दिया गया। महिला सम्मान व स्वावलंबन में समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्रि पर मिशन शक्ति के प्रथम चरण का शुभारंभ किया था। वस्तुतः इस दिवस का चयन अपने आप में बड़ा सन्देश देने वाला था। महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के दृष्टिगत केंद्र और राज्य सरकार अपने स्तर से प्रयास कर रही हैं। लेकिन समाज का भी दायित्व कम नहीं है। यह विचार अन्यत्र से लेने की आवश्यकता ही नहीं है। भारतीय संस्कृति में इसका सर्वश्रेठ उल्लेख है।

# महंगाई के बोझ तले दबता आम आदमी

राजेश माहेश्वरी

> एशिया-प्रशांत के लिए त्रैमासिक आर्थिक जानकारी को अद्यतन करते हुए एसएंडपी ने कहा कि मुद्रास्फीति दर चालू वित्त की 6.8 प्रतिशत से नरम होकर 2023-24 में पांच प्रतिशत पर होगी। वहीं, भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष (2022-23) में सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगा लेकिन 2023-24 में यह कम होकर छह प्रतिशत पर आ जाएगा। इसमें कहा गया, 2024-2026 में भारत की औसत वृद्धि दर सात प्रतिशत होगी। इसके बाद, 2024-25 और 2025-26 में जीडीपी के 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, 2026-27 के लिए यह 7.1 प्रतिशत होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा, भारत में अर्थव्यवस्था को परंपरागत रूप से घरेलू मांग प्रभावित करती रही है। हालांकि बाद में यह वैश्विक चक्र के प्रति अधिक संवदेनशील हो गई

**महंगाई** से आम आदमी परेशान है। बढ़ती महंगाई के कारण मध्यम वर्ग के व्यक्ति को अपने आप को एक स्थान पर बनाए रखने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ रहा है। देशभर में नवरात्रि के चलते फलों और सब्जियो के दाम आसमान छू रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से फलों से लेकर सब्जियों के दामों में 20 से लेकर 30 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। चिंता की बात यह है कि महंगाई के प्रकोप के लंबे समय से चले आ रहे हालातों में सुधार होने की जगह परिस्थितियां दिन-प्रतिदिन विकट होती जा रही हैं। कोरोना काल के बाद देश में आर्थिक मंदी व सभी क्षेत्रों में बढ़ती महंगाई ने आम जनता के सामने वह जीवनयापन कैसे करेंकी एक बहुत बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने पिछले दिनों दावा किया था कि महंगाई का दौर बहुत पीछे छूट गया है। हम महंगाई के प्रभावों से अब देश की अर्थव्यवस्था उबर रही है। गर्वनर ने यह दावा तब किया, जब आकलन किए जा रहे हैं कि वित्त-वर्ष 2023-24 के दौरान खुदरा महंगाई दर 6.8 फीसदी, थोक की दर 11.5 फीसदी और फूड की महंगाई दर 7 फीसदी से अधिक होने के अनुमान हैं। संभावित महंगाई की दर उस लक्ष्मण-रेखा के पार लगती है, जो भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने तय कर रखी है। यह लक्ष्मण-रेखा 6 फीसदी की है। अर्थात महंगाई की दर इससे ज्यादा नहीं होनी चाहिए, लेकिन रिकॉर्ड स्पष्ट बयां कर रहे हैं कि बीते 15 माह के दौरान महंगाई ने कमोबेश 10 बार से ज्याद लक्ष्मण-रेखा को लांघा है। मोटे तौर पर बात करें तो बाजार में महंगाई का घटना और बढ़ना वस्तुओं की मांग एवं आपूर्ति पर निर्भर करता है। वस्तुओं की मांग व्यक्ति की खरीदने की क्षमता पर निर्भर करता है। अगर व्यक्ति के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वह ज्यादा चीजें खरीदेगा, ज्यादा चीजें खरीदेगा तो वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और उत्पाद की आपूर्ति कम होने के कारण उसकी कीमत बढ़ जाएगी। और इस तरह से बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। मौजूदा दौर में बाजार आंशिक तौर पर मांग और आपूर्ति के संतुलन को स्थापित नहीं कर पा रहा है जिससे महंगाई बढ़ रही है। लेकिन महंगाई के बेकाबू होने की सबसे बड़ी वजह पेट्रोल, डीजल और एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी की कीमतों



में भारी वृद्धि है. और इसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ी वजह है। हालांकि, सरकार अपने स्तर पर महंगाई दर को रोकने का प्रयास कर रही है, लेकिन वो प्रयास जमीन पर असरदार साबित होते दिखते नहीं हैं। फरवरी, 2023 में भी खाद्य महंगाई दर करीब 5.95 फीसदी थी और खुदरा दर 6.44 फीसदी रही। शायद आम आदमी इन प्रतिशतों को नहीं जानता होगा, लिहाजा मोटे तौर पर स्पष्ट कर दें कि महंगाई अब भी मौजूद है। बल्कि तय लक्ष्मण-रेखा के बाहर ही है, लिहाजा चरम पर है। बेशक केंद्रीय मंत्री और सत्ता-पक्ष के प्रवक्ता अब भी कोरोना महामारी के दुष्प्रभावों और रूस-यूक्रेन युद्ध की आड़ में छिप कर दलीलें देते रहे हैं, लेकिन महंगाई भरे दिन बीते न भैया३ की तर्ज पर एक पुराना गीत लोगों के लबों पर है। एशिया-प्रशांत के लिए त्रैमासिक आर्थिक जानकारी को अद्यतन करते हुए एसएंडपी ने कहा कि मुद्रास्फीति दर चालू वित्त की 6.8 प्रतिशत से नरम होकर 2023-24 में पांच प्रतिशत पर होगी। वहीं, भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष (2022-23) में सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगा लेकिन 2023-24 में यह कम होकर छह प्रतिशत पर आ जाएगा। इसमें कहा गया, 2024-2026 में भारत की औसत वृद्धि दर सात प्रतिशत होगी। इसके बाद, 2024-25 और 2025-26 में जीडीपी के 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, 2026-27 के लिए यह 7.1 प्रतिशत होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा, भारत में अर्थव्यवस्था को परंपरागत रूप से घरेलू मांग प्रभावित करती रही है। हालांकि बाद में यह वैश्विक चक्र के प्रति अधिक संवदेनशील हो गई, जिसकी एक वजह जिसों के निर्यात में वृद्धि है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जीवन जीने के लिए बेहद जरूरी दैनिक उपभोग की वस्तुओं व पेट भरने वाली रसोई के बढ़ते बजट ने आम व खास सभी वर्ग के लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है, प्रत्येक व्यक्ति का घरेलू खर्चे का बजट पूरी तरह से गड़बड़ा गया है, लोग भविष्य में स्थित को नियंत्रित करने के लिए अब अपनी आय के स्त्रोत बढ़ाने के लिए चिंतित नजर आने लगे हैं, लेकिन उनको सरकार के सहयोग के बिना इस गंभीर समस्या का कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है। प्रतिदिन के कुछ उदाहरणों से स्पष्ट हो जाएगा कि महंगाई कितने छद्म तरीके से हमें प्रभावित कर रही है। बिस्कुट का 5 रुपए वाले पैकेट का वजन 80 ग्राम होता था, जिसे घटाकर 52 ग्राम कर दिया गया है। चाय की पत्ती का जो 250 ग्राम वाला पैकेट 60 रुपए में मिलता था, उसे घटा कर 200 ग्राम कर दिया गया है। नमकीन का 10 रुपए वाला पैकेट 60 ग्राम से घटा कर 42 ग्राम कर दिया गया है। बेशक ये छोटे-छोटे खर्च हैं, जो आम आदमी को उतने नहीं चुभते होंगे, लेकिन आटा, चावल, दाल, चीनी, सरसों का तेल, मसाला, मांस-मछली, अंडा, दुग्ध उत्पाद, अनाज और सबसे अधिक रसोई गैस का सिलेंडर आदि लगातार महंगे होते रहे हैं, नतीजतन औसत घर का बजट भी डांवाडोल हुआ होगा!

राजधानी दिल्ली में गैस का सिलेंडर 1103 रुपए का बिक रहा है। यह स्थिति तब है, जब अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के बाजार में दाम 72 डॉलर प्रति बैरल है। यह कीमत 116 डॉलर प्रति बैरल से लुढक कर आई है, लेकिन आम आदमी के लिए पेट्रोल और डीजल के खुदरा दाम यथावत हैं। बीते 10 माह से दाम न तो बढ़े और न ही कम किए गए हैं। सवाल है कि जब कच्चा तेल लगातार सस्ता हो रहा है, तो उसका फायदा आम उपभोक्ता को क्यों नहीं दिया जा रहा है? विकास के साथ महंगाई का पुराना रिश्ता है, जहां तरक्की होगी वहां महंगाई होनी स्वाभाविक है, लेकिन सरकार का दायित्व है कि दैनिक प्रयोग में आने वाली वस्तुओं पर बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाए। जिससे कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अपना जीवन यापन ठीक प्रकार से कर सकें। आमजन को सुविधा हो। विशेषज्ञ आशंकाएं जताने लगे हैं कि महंगाई ही नहीं, शीघ्र ही मंदी की मार भी हमें झेलने को तैयार रहना चाहिए! क्या सरकार यह सब कुछ देख-सुन रही है? गरीब वर्ग को सस्ते दाम पर सरकारी राशन दिया जा रहा है। खराब मौसम व अन्य विभिन्न प्रकार के कारकों के चलते फल-सब्जियों के दाम आसमान को छू रहे हैं, अपना घरेलू बजट ठीक रखने के चक्कर में फल, दाल व सब्जियां लोगों की थाली से तेजी से गायब होती जा रही हैं। महंगाई के चलते अब गरीब तबके की तो बात ही छोड़ दो, एक आम ठीक-ठाक मध्यमवर्गीय परिवार के सामने भी अपने घर को चलाना बेहद कठिन कार्य होता जा रहा है।

आगामी लोकसभा चुनाव में एक साल का समय शेष है। अगर भाजपा और उसके सहयोगियों को फिर से सत्ता हासिल करनी है, तो महंगाई पर अंकुश लगाना होगा, अन्यथा नतीजे भाजपा की आशाओं के विपरीत भी जा सकते हैं। सरकार को कमरतोड़ महंगाई की इस गंभीर समस्या के निदान के लिए अब जल्द से जल्द धरातल पर नजर आने वाले ठोस प्रयास करने चाहिए, क्योंकि अब देश में वह समय आ गया है जब अच्छे दिन आने वालें हैं का सपना देख रही आम जनता महंगाई से बेहद त्रस्त है।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

# कविता

हवा में जो हम दीपक जलाना
सीख लेते हैं ।

हवा में जो हम दीप जलाना सीख लेते हैं ।
गमों की भीड़ में मुस्कुराना सीख लेते हैं ।।

उन्हें आता नहीं दुश्मनों को भी बुरा
कहना।
वो सलीके से गीत गाना सीख लेते हैं।।

कैसी जात,मजहब कैसी सरनहद।
प्यार से हर पर्दे हटाना सीख लेते हैं।।

पौधे नाजुक हैं, तरीके से लगाना इन्हें।।
उपजाऊ हो जमीन, फलना सीख लेते हैं।।

छोड़ो भी जिंदगी के फलसफे साहब।।
चलो संजीव अब हंसना हंसाना सीख लेते
हैं।।

संजीव

---------

## राजस्थान में भाजपा गोटिया जमाने में लग गई है

**अशोक भाटिया**

**सांसद** चंद्र प्रकाश जोशी को राजस्थान का अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने एक तीर के कई निशाने लगाए हैं। अब देखना यह होगा कि क्या सभी तीर निशाने पर लगा है या नहीं ? ज्ञात हो कि भाजपा के चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर राजस्थान में ब्राह्मण राजनीति केंद्र बिंदु बन गए हैं । इस समुदाय के राजनीतिक महत्व पर एक बार फिर से रेगिस्तानी राज्य में चर्चा शुरू हो गई है। नेताओं ने कहा कि भाजपा ने सीपी जोशी को प्रदेश अध्यक्ष घोषित कर राजस्थान में अपने सबसे महत्वपूर्ण वोट बैंक में से एक, ब्राह्मण समुदाय को साधने की कोशिश की है हालांकि बड़ा सवाल यह है कि इस फैसले से प्रभावित होने वाले अन्य जातीय समीकरणों को भाजपा कैसे संभालेगी। यह कोई संयोग नहीं है कि सीपी जोशी राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष बने हैं। इस समाज के राजनीतिक महत्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में जयपुर में आयोजित ब्राह्मण महापंचायत में बीजेपी-कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने शिरकत की। जिसमें उन्होंने मजबूत राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग की। पिछले कई साल से, इस समुदाय का कांग्रेस और भाजपा की राजनीति में बहुत कम प्रतिनिधित्व था। इससे पहले 2009 से 2013 के बीच अरुण चतुर्वेदी भाजपा के पार्टी अध्यक्ष थे। उनसे पहले महेश चंद्र शर्मा, ललित किशोर चतुर्वेदी, भंवरलाल शर्मा, रघुवीर सिंह कौशल और हरिशंकर भाभद्र अध्यक्ष थे। भाजपा ने नौ साल बाद ब्राह्मण समुदाय के किसी दिग्गज को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। दूसरी ओर, कांग्रेस में 2007 से 2011 के बीच ब्राह्मण नेता ने अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उनसे पहले कई प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण थे। जिनमें बी।डी। कल्ला, गिरिजा व्यास, गिरधारी लाल व्यास और जयनारायण व्यास शामिल रहे।

हालांकि, कांग्रेस में पिछले 12 साल से इस पद पर किसी भी ब्राह्मण नेता को मौका नहीं मिला। वर्तमान में राजस्थान में 17 ब्राह्मण विधायक हैं। इनमें दो कैबिनेट मंत्री हैं- डॉ। बीडी कल्ला और डॉ। महेश जोशी। इसके अलावा दो ब्राह्मण सांसद हैं- सी।पी। जोशी और घनश्याम तिवारी। वहीं, केंद्र में राजस्थान से कोई ब्राह्मण मंत्री नहीं है। इसलिए सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या रेगिस्तानी राज्य में ब्राह्मणों का मजबूत प्रतिनिधित्व होगा या नहीं? गौरतलब है कि , 2023 के विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राजस्थान में राजनीतिक दलों के साथ-साथ विभिन्न समाज और संगठन भी सक्रिय होते जा रहे हैं और उनके नेता भी समाज से जुड़ने और अपनी जाति और समुदायों के बेहतर प्रतिनिधित्व के लिए आवाज बुलंद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। पिछले दो सप्ताह के परिदृश्य का आंकलन करें तो जाट और ब्राह्मण समुदाय ने बड़ी-बड़ी सभाएं कर अपनी ताकत दिखाई है।

# विचार

## शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की खतरनाक जुगलबंदी के दूरगामी परिणाम

**संजीव ठाकुर**

**व्लादिमीर** पुतिन ने अपने परमाणु अस्त्र बेलारूस में स्थापित कर दिए हैं। जिससे निसंदेह अमेरिका यूरोप तथा अन्य देशों को खतरा महसूस होने लगा है। सबसे ज्यादा खतरा तो राष्ट्रपति जेलेंस्की के देश यूक्रेन और उसकी जनता को ही है। दूसरी तरफ चीन अपनी प्रभु सत्ता ताइवान पर थोपना चाहता है। ताइवान अपने को अभी तक स्वतंत्र मानता है और अपनी स्वतंत्र सरकार नियमित रूप से चला भी रहा है। ताइवान को अमेरिका का खुला समर्थन प्राप्त है वह भी कभी भी यूक्रेन की तरह चीन आक्रमण कर स्थिति को हिंसक बना सकता है इस तरह पुतिन और शी जिनपिंग चूँकी दोनों परमाणु संपन्न देश है यदि दोनों एक साथ किसी देश की तरफ लक्ष्य करेंगे तो निसंदेह युद्ध की भयानक परिणति होगी और इसके दूरगामी परिणाम भी होंगे। द रिपब्लिकन ऑफ चाइना के मुखिया सी जिनपिंग अब अपनी सत्ता के तीसरे दौर में पहुंच चुके हैं, वे अब और मजबूत हो चुके हैं। उन्होंने अपने विश्वस्त साथी ली कियांग को को प्रधानमंत्री बनाया है। यह पोजीशन चीन में सत्ता के केंद्र में शी जिनपिंग के बाद के बाद दूसरे नंबर की ताकतवर पोस्ट है, उल्लेखनीय है कि ली कियांग को करोना काल में बुरी तरह असफल होने के बाद पूरी दुनिया में आलोचना का शिकार होना पड़ा था। अब उन्हें विश्व की दूसरी आर्थिक ताकत को फिर से पटरी पर लाने का जिम्मा सौंपा गया है' अपने विश्वस्त साथी को प्रधानमंत्री बना कर शी जिनपिंग चीन की सत्ता में और भी ताकतवर हो गए हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ने वाला है' वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन की गतिविधियां विगत एक वर्ष से लगातार भारत को बेचैन करने वाली रही है, अब शी जिनपिंग के फिर से चीन के सदर हुक्मरान होने से ना सिर्फ भारत की विदेश नीति बल्कि अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, श्रीलंका, उत्तर, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, तालिबान और अन्य पड़ोसी देशों पर भी इसका प्रभाव ज्यादा पड़ने वाला है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने तथा उनकी आक्रामक नीति का असर भारत चीन संबंधों पर निश्चित तौर पर पड़ेगा, क्योंकि भारत चीन के साथ लगभग 3500 किलोमीटर लंबी भूमि सीमा लगी हुई है। यह सीमा जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है, और दोनों देशों के बीच कभी भी सीमा का निर्धारण नहीं हो सकता है। सीमा निर्धारण के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा बनाई गई है पर इस वास्तविक नियंत्रण रेखा का कोई अपना बहुत गहरा प्रभाव नहीं है। शी जिनपिंग के विस्तार वादी मंसूबों और उसकी आक्रामक शैली के कारण सीमा पर विवाद बढ़ने की संभावना नजर आती है, यह तो तय है कि दोनों देश युद्ध नहीं करना चाहेंगे। भारत ने चीन की सीमा कानून को एक सिरे से खारिज कर उसकी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कड़ी निंदा की है। अब सी जिनपिंग की तीसरी पारी में भारत को यह बात खटक रही होगी कि चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा यथा स्थिति बदलने के कदम को सही ठहराने के लिए सीमा कानून नियम का उपयोग न करें, इसके अलावा दक्षिण चीन सागर तथा हिंद महासागर में चीन तथा अमेरिका के बीच सामरिक टकराव बढ़ने की आशंका है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से अमेरिका के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है क्योंकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पास 8 लाख सक्रिय सैनिक हैं, चीन ने सेना में खर्च होने वाला बजट भी 4 गुना कर दिया है, ऐसे में चीन आगामी वर्षों में ताइवान को अपने कब्जे में लेने का प्रयास करेगा। ताइवान की आजादी के लिए अमेरिका कृतसंकल्पित एवं कटिबद्ध है और यदि चीन ताइवान की आजादी में खलल डालने का प्रयास करेगा तो अमेरिका पीछे नहीं हटने वाला,फल स्वरूप चीन और अमेरिका में तनाव बढ़ने की पूरी संभावना है। चीन पहले से ही उत्तर कोरिया के मिसाइल कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने में लगा हुआ है ऐसे में अमरीकी प्रशासन के लिए यह विषय चिंता का होगा। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से चीन, तालिबान, पाकिस्तान गठबंधन मजबूती प्राप्त कर वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं एवं आतंकवाद को नई बयार मिलने की संभावना है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## कौन कहता है कि भारत में लोकतंत्र नहीं है ?

**डा. भरत मिश्र प्राची**

**भारत** विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जहां हर कदम पर लोकतंत्र नजर आता है जिसके परिणाम स्वरूप समय समय पर सत्ता का परिवर्तन होना, आम आदमी को भी देश के सर्वोच्य पद पर आसीन होना, हर अवाम की आवाज की कीमत एवं शक्ति परिलक्षित होना आदि - आदि होता है। । जिस किसी ने भी लोकतंत्र की ताकत को न पहचानकर उसका परिहास किया, इतिहास साक्षी है , वह धड़ाम से नीचे गिर गया। देश की अवाम सिर पर बिठाती है तो उतारना भी जानती है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी यहीं ताकत है। आजादी के बाद देश में चारों ओर परचम लहराने वाला राजनीतिक दल आज सिमट कर रह गया है तो लोकसभा की मात्र दो सीट पाने वाला राजनीतिक दल आज सत्ता पर विराजमान है। सत्ता पर आसीन होकर अपने आप को सर्वशक्तिमान समझने वाला जेल की सलाखों में कैद है। जो सत्ता पर विराजमान है, उसे अवाम की ताकत को अच्छी तरह से पहचानना होगा वरना उसका की वहीं हस्त्र होगा, जो लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने वालों का हुआ। जब - जब देश में सत्ता पक्ष द्वारा पावर का दुरूपयोग करते हुये विपक्ष की आवाज दबाई जाती रही, विपक्ष को अनसूना किया जाता रहा, जांच एजेंसियों के माध्यम से एक - एक कर के विपक्ष को जांच प्रक्रिया का मोहरा बनाने का क्रम जारी रहा तो लोकतंत्र पर खतरा मड़राने की आवाज मुखर होने लगी । इस बात का साक्षी इतिहास है। आज हमारा लोकतंत्र विवादों के बीच उलझा नजर आने लगा है। वर्तमान राजनीतिक परिवेश के बदलते स्वरूप पर लोकतंत्र के अस्तित्व पर सवाल उठने लगे है। देश का सारा विपक्ष सत्तापक्ष द्वारा लोकतंत्र का हनन किया जाना बता रहा है तों सत्ता पक्ष इसे कानूनी प्रक्रिया बताकर सच्चाई से अपना पल्ला झाड ऱहा है। जब कि इस तरह की प्रक्रिया के बीच सत्ता की ताकत का समावेश समाया हुआ प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से कहीं न कहीं अवश्य परिलक्षित हो रहा है। जांच प्रक्रिया में केन्द्रीय जांच एजेंसियों की सर्वाधिक हो रही एकतरफा कार्यवाही, कोर्ट के आदेश आते ही त्वरित गति से आम जनता द्वारा चुने गये सांसद की सदस्यता को समाप्त किया जाना, लोकसभा में विपक्ष द्वारा भ्रष्टाचार के उठाये मामले की जांच प्रक्रिया हेतु जेपीसी की मांग पर मौन रहना आदि - आदि कहीं न कहीं लोकतंत्र पर सवाल जरूर खड़ा कर रहा है।

## समस्त शोक व कष्ट निवारक अशोक अष्टमी व्रत

**अशोक 'प्रवृद्ध'**

**भारतीय** संस्कृति में कण -कण में ईश्वर का वास माना गया है। ईश्वर के सब में मौजूद होने की मान्यता होने के कारण ही सृष्टि के प्रत्येक वस्तु में ईश्वर का वास माना जाता है। यही कारण है कि प्रकृति और वृक्ष की महता को समझकर इनके संरक्षण, संवर्द्धन, सम्मान व पूजन की व्यवस्था यहाँ प्राचीन काल से ही की गई है। प्रकृति व वृक्ष पूजन भारतीय संस्कृति के साथ बहुत ही घनिष्ट रुप में जुड़ा हुआ है। प्रकृति के सभी वस्तुओं, सभी पेड़-पौधों का अपना महत्व है।पेड़ -पौधे हमारे जीवन के रक्षक होते हैं। हमारी धन संपदा में भी वृद्धि करते हैं। अशोक वृक्ष भी हमारे जीवन में सुख और शांति को देने वाला माना जाता है। इसीलिएचैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को अशोक अष्टमी का पर्व अशोक वृक्ष और प्रकृति के प्रति आदर, सम्मान व आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से किया जाता है।इस वर्ष 2023 में 29 मार्च बुधवार के दिन चैत्र शुक्ल अष्टमी है, इसलिए इस दिन अशोक अष्टमी का पर्व मनाया जायेगा। पौराणिक मान्यताओं में अत्यंत शुभ, पवित्र व पुण्यदायिनी मानी जाने वाली इस तिथि को अशोक वृक्ष के पूजन का विधान है। वासन्तिक नवरात्र के चैत्र शुक्ल अष्टमी की तिथि होने और अशोक वृक्ष के पूजन की प्रथा और अशोककलिका प्राशन की प्रधानता होने के कारण यह दिन अशोक अष्टमी की संज्ञा से संज्ञायित है।अशोक अष्टमी का व्रत करने वालों के सभी शोक व कष्ट दूर होने की मान्यता होने के कारण चैत्र शुक्ल अष्टमी को अशोक अष्टमी का त्यौहार मनाये जाने की परम्परा भारत में प्राचीन काल से प्रचलित है।

भगवान शिव को अशोक वृक्ष अत्यंत प्रिय है।इसलिए इस दिन अशोक के वृक्ष के साथ ही भगवान शिव और देवी पार्वती के निमित्त भी व्रत और पूजन किया जाता है।यह समय शक्ति की आराधना का होता है, और देवी शक्ति अशोक अष्टमी की मुख्य देवी हैं। इस दिन भगवती दुर्गा के अष्टम स्वरूप श्वेताम्बरधरा महागौरी की पूजा अशोक के पुष्पों से किये जाने की परिपाटी है। इस दिन देवी भक्त समृद्ध और सुखी जीवन जीने के लिए उनसे आशीर्वाद मांगते हैं।यह त्योहार देश के पूर्वीक्षेत्रों में भव्य तरीके से उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

# जी-3 स्कूल के 8 छात्रों ने पाया नेशनल लेवल टॉपर रैंक




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान** गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के 8 विद्यार्थियों ने जिगशा एजुकेशन की तरफ से आयोजित वैदिक गणित की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नेशनल लेवल टॉपर रैंक हासिल करने में कामयाबी हासिल की है। नई दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में रिद्धि, जयवीर, भव्य, निश्चय, निशिता, ध्रुव, प्रिया व अक्षरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल लेवल टॉपर रैंक हासिल कर अपने विद्यालय व सोनीपत जिले का नाम रोशन किया। साथ ही जोनल लेवल पर भी 25 विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व अध्यापिका सोनिया ने इन विद्यार्थियों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि वैदिक गणित का मुख्य उद्देश्य गणित की गणनाओं को आसान बनाना है। गणित की इन छोटी-छोटी ट्रिक्स को सीखकर कैलकुलेशन में लगने वाले समय की बचत की जा सकती है। आजकल आइआइटी व आइआइएम आदि की प्रवेश परीक्षाओं में बेहद कम समय में गणित के लंबे-लंबे सवालों के उत्तर तलाशने पड़ते हैं। ऐसे परीक्षाओं में बेहतर परफॉर्म करने के लिए भी इस तरह की छोटी-छोटी ट्रिक्स को सीखना अच्छा रहता है। उन्होंने कहा कि गणित के मामले में भारत शुरूआत से अव्वल रहा है। वैदिक गणित सीखकर स्कूली बच्चे जीवन में बेहतर मुकाम हासिल कर सकते हैं।

सीईओ संजय जैन ने कहा कि इस वैदिक गणित की मदद से आप बड़े से बड़ा जोड़, घटाव, गुणा, भाग, वर्ग, घन, वर्गमूल, घनमूल, बीजगणितीय समीकरण. द्विघात समीकरण, पाइथागोरस प्रमेय जैसी जटिल गणना को आसानी से हल किया जा सकता है। वैदिक गणित के फामूर्ला को सीखना और समझना बहुत ही सरल और आसान है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में छोटी उम्र के बच्चे को इसकी शिक्षा दी जा रही है ताकि वह भी इसकी मदद से गणित को आसानी से समझ सके। उन्होंने कहा कि वैदिक गणित बच्चों के बौद्धिक स्तर को भी बढ़ाने में सहायक है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुए कहा था कि गणितीय चिंतन शक्ति और वैज्ञानिक मानस बच्चों में विकसित हों, यह बहुत आवश्यक है। गणितीय चिंतन शक्ति का मतलब केवल गणित के सवाल हल करना नहीं, बल्कि यह सोचने का एक तरीका है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि वर्तमान में बच्चों में गणित पढ़ने के प्रति रुचि पैदा करने व गणित का भय दूर करने के लिए उन्हें वैदिक गणित का ज्ञान दिया जा रहा है। वैदिक गणित से बच्चों की न केवल गणितीय प्रतिभा विकसित होगी, बल्कि उनकी रुचि भी बढ़ेगी।

# राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में डीबीआरएनएलयू की टीम रही उपविजेता



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**डॉ. बी.आर.** अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं की टीम ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2023 में उपविजेता रही। टीम में लॉ के तृतीय वर्ष की छात्रा सृष्टि राणा, शिवानी ढाका और निखिल अनिकेत ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान पर जगह बनाई। प्रतियोगिता में देशभर के लॉ संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों की 20 टीमों ने हिस्सा लिया था। चार चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता में डीबीआरएनएलयू के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए फाइनल राउंड में जगह बनाई। फाइनल राउंड में डीबीआरएनएलयू की टीम का मुकाबला आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ मोहाली के विद्यार्थियों की टीम से था। इसमें विधि विश्वविद्यालय सोनीपत की टीम को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश तपन सेन, झारखंड उच्च न्यायालय व एमएस मित्तल एंड एसोसिएट्स के प्रमुख वरिष्ठ अधिवक्ता एमएस मित्तल और केंद्रीय विश्वविद्यालय, पटना के डीन प्रोफेसर डॉ एसपी श्रीवास्तव ने फाइनल राउंड की अध्यक्षता की थी। डीबीआरएनएलयू के विद्यार्थियों की टीम को पुरुस्कार के तौर पर 15000 रुपए की राशि, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिया गया। कुलपति डॉ अर्चना मिश्रा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इस उपलब्धि के लिए सराहना की है। इस

**8 टीम में लॉ के तृतीय वर्ष की छात्रा सृष्टि राणा, शिवानी ढाका और निखिल अनिकेत ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान पर जगह बनाई**

अवसर पर कुलपति ने विद्यार्थियों का हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि प्रतियोगिता विद्यार्थियों के विकास को बढ़ाती है इसलिए हर प्रतियोगिता में बच्चों को हिस्सा लेना चाहिए। छात्रों के लिए मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह छात्रों की क्षमता, दृष्टिकोण और सोचने की क्षमता को बढ़ाता है। वे खुद को इसका हिस्सा बनने के लिए तैयार करते हैं। छात्रों को निकट भविष्य में न्यायिक प्रणाली का हिस्सा बनकर कार्य करना होगा। मूट कोर्ट प्रतियोगिता छात्रों को एक बार अपने विश्वविद्यालयों से बाहर निकलने के बाद अदालती कार्यवाही का आभास कराने में सक्षम बनाती है। इस दौरान मूट कोर्ट कमेटी की इंचार्ज असिस्टेंट प्रोफेसर मनवीर कौर ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी और खुशी जताते हुए कहा कि बच्चों की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होने कहा की सभी प्रोफेसर्स के मार्गदर्शन से ही हमारे बच्चे प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करते है। विधि विभाग के प्रभारी डॉ अमित गुलेरिया ने पूरी टीम को बधाई दी और उन्होने कहा कि भविष्य में ऐसी प्रतियोगिता में बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल 9 साल के संबित को उसके म्यूजिक और गणित प्रेम के साथ उसकी बाधाओं को पार करने में मदद कर रहा है

**गुरुग्राम।** ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल उन बच्चों को शिक्षित करने के लिए नित नए विचारों को विकसित करने के लिए जाना जाता है, जिन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। गुरुग्राम के साउथ सिटी 1 स्थित ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में 9 वर्षीय छात्र संबित चक्रवर्ती एक अंतमुर्खी बच्चा है, जो अपने भाषण में चुनौतियों का सामना कर रहा है और उसके पूर्ण विकास में देरी हो रही है। उसे अपनी भावनाओं और फिलिंग्स को नियंत्रित करने में कठिनाई होती है और यदि वह तेज आवाज या शोर सुनता है तो चिंतित सा हो जाता है। गुरुग्राम के साउथ सिटी 1 स्थित ऑर्किड्स इंटरनेशनल स्कूल की काउंसलर और विशेष शिक्षक सुश्री स्वाती शर्मा और सुश्री जननी बालाजी ने कहा, ह्लसंबित एक साल पहले हमारे साथ जुड़ा था। तब उसके साथ कई दिक्कतें, जैसे – मेरे साथ आई कॉन्टैक्ट की कमी और किसी तरह का कम्युनिकेशन नहीं। संवाद की कमी इस हद तक थी कि वह अपने शिक्षकों के साथ अपनी शौचालय की जरूरतों के बारे में भी बात नहीं कर पाता था। वह जोर के शोर से चौंक जाता था। एक मामूली बदलाव जैसे कि उसकी सीट या कक्षा बदलना या फिर जब उसके शिक्षक एक दिन के लिए अनुपस्थित थे, तो वह अपसेट और एंजायटी में आ गया। तब, हमने संबित के लिए एक योजना तैयार करने का फैसला किया। ताकि, वह अपने कम्युनिकेशन स्किल और भाषण के मसलों को बेहतर बनाने में मदद कर सके। साथ ही छोटी–छोटी बातों के लिए एंजायटी से निपटने में उसकी हेल्प किया जाए। स्वाति और जननी ने कहा, ह्लसंगीत एक ऐसी चीज है जो उसका ध्यान खींचने के लिए एक माध्यम के रूप में काम करता है। डक्र के काउंसलरों ने थेरेपी सेशन के दौरान शुरूआत में उसके आई कॉन्टैक्ट पर काम करना शुरू कर दिया था। इस थेरेपी के कुछ दिनों के बाद, संबित ने धीरे–धीरे हमें अपनी जरूरतों के बारे में बताना शुरू किया। हमने उसे सोशल स्टोरीज और वीडियो दिखाए, ताकि वह अपने शौचालय जाने या हमारे साथ पानी पीने की जरूरतों को समझने और संवाद करने में सहज हो पाए। वर्तमान में, वह टास्क को स्वतंत्र रूप से कर सकता है, लेकिन अभी भी निगरानी या मदद की जरूरत होती है। हम उसके साथ अपने सत्र को जारी रख रहे हैं। और मैं आपको बता दूं, वह अपने अन्य सहपाठियों के बीच कक्षा में गणित के किसी भी काम को पूरा करने वाला पहला छात्र है और वह इस विषय से प्यार करता है।" संबित को स्कूल जाना बहुत पसंद है और वह एक दिन भी स्कूल मिस नहीं करना चाहता है। संगीत, गणित और पहेलियां हल करने के प्रति उसका प्रेम दिखता है। वह हल्का रंग पसंद करता हैं और हर तरह का खाना अच्छा लगता है। संबित के पिता कौशिक चक्रवर्ती ने कहा, "हमारे बेटे को उसकी चुनौतियों से उबरने में मदद करने और हमें यह सुनिश्चित करने के लिए वह सुरक्षित हाथों में है, इसके लिए हम ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों के बहुत आभारी हैं।"

### कार्यकर्ताओं को सम्मान देना हमारी प्राथमिकता-अजय चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना/भंवर सिंह**
जननायक जनता पार्टी के सुप्रीमो अजय चौटाला ने कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। कार्यकताओं को सम्मान देना हमारी प्राथमिकता है। वह गोहाना में सोनीपत रोड पर युवा इकाई के प्रदेश सचिव रितेश शर्मा उर्फ मोने के चचेरे भाई के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे थे। रितेश शर्मा के चचेरे भाई बृजेश शर्मा का निधन 17 मार्च को हुआ था। रितेश शर्मा ने बताया कि ह्दय गति रुकने से बृजेश शर्मा का निधन हुआ। जजपा सुप्रीमो अजय चौटाला परिवार को



ढांढस बंधाने पहुंचे। उन्होंने कहा कि बृजेश बहुत मेहनती था। भगवान उन्हें अपने चरणों में स्थान दे। परिवार के सदस्यों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं। इस मौके पर चेयरमैन सुमित राणा, राष्ट्रीय सचिव भूपेंद्र मलिक, चेयरमैन पवन खरखोदा, नरेंद्र गहलावत, राकेश मलिक आदि मौजूद रहे।

# सेक्टर 14 –15 डिवाइडिंग रोड तक बनने वाली सड़क का निर्माण कार्य हुआ शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत/संजीव कौशिक**
**मेयर** निखिल मदान मंगलवार सुबह सेक्टर 14 के मुख्य बाजार में पहुंचे और उन्होंने मौके पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। निगम पार्षद सुरेंद्र मदान सहित नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार भी उनके साथ मौके पर मौजूद रहे। मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम द्वारा 2 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से सेक्टर 14 की सभी मुख्य सड़कों के नवनिर्माण कार्य का शुभारम्भ बीते दिनों किया गया था। उसी कड़ी में आज



शहर के गाँधी चौक से सेक्टर 14 -15 डिवाइडिंग रोड (पुलिस चौकी ) तक बनने वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और बुधवार दोपहर तक इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर सड़क को शुरू कर दिया जायेगा। शहर की व्यस्ततम सड़क होने के कारण यहाँ यातायात को सुचारु रूप से चलाने के लिए उन्होंने पुलिस प्रसाशन के आला अधिकारियों के साथ मौके का दौरा किया है। आमजन की सहायता के लिए पुलिस प्रसाशन यहाँ लगातार मौजूद रहेगा। साथ ही वो क्षेत्रवासियों से अनुरोध करते है कि सड़क निर्माण के दौरान इस सड़क के बजाय वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें।
मेयर निखिल मदान ने कहा कि इस सड़क पर जल भराव को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन भी बिछायी गयी है जिससे आगामी बरसात के मौसम में लोगों को निश्चित तौर पर राहत मिलेगी। मौके पर मेयर निखिल मदान ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता भी जांची जो संतोषजनक पायी गयी।

# भीख मांगने वाले नाबालिक बच्चों को ढूंढने के लिए चलाया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**उपायुक्त** ललित सिवाच के निर्देशन में जिला बाल सरंक्षण कार्यालय, क्राइम ब्रांच की टीम तथा दिव्यांग सेवा समिति गोहाना की संयुक्त टीम ने गोहाना में भीख मांगने वाले नाबालिक बच्चों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान के तहत सर्च टीम ने 27 मार्च को गोहाना के फव्वारा चौंक व बस स्टैण्ड के सामने रोहतक रोड़ से कुल 09 नाबालिक बच्चों को भीख मांगते खोजा। इसके बाद टीम ने इन बच्चों का मेडिकल करवाया और इनको बाल ग्राम राई में रखा गया। जिला बाल सरंक्षण अधिकारी ममता शर्मा ने बताया कि आज इन सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन अनीता शर्मा के समक्ष पेश किया गया, जिसके बाद इनकी काउंसलिंग करवाई गई। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग के बाद इन बच्चों को इनके परिजनों को सौंप दिया गया और इनके परिजनों को सख्त हिदायत दी गई कि अगर आगे ये बच्चे कही भी भीख मांगते पाए गए तो परिजनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने कहा नाबालिक बच्चों से भीख मंगवाना एक दण्डनीय अपराध है अगर कोई भी व्यक्ति या बच्चों के परिजन इस कार्य में संलिप्त मिले तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# अम्बेडकर भवन में खुलेगा गरीबों के लिए कोचिंग सेंटर

**टीम संजय शर्मा/एक्शन इंडिया नारनौल**
हरियाणा सरकार ने नांगल चौधरी हलके के गरीब बच्चों लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए शहरी सम्पदा और श्रम विभागों के माध्यम से बीपीएल परिवारों एवं श्रमिकों के परिवारों के बच्चों को कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है। इस आशय का पत्र श्रम विभाग की संस्तुति पर शहरी संपदा विभाग ने हाल ही में जारी किया है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार नांगल चौधरी शहर में लगभग एक करोड़ चालीस लाख रुपए की लागत से अम्बेडकर भवन का निर्माण हुआ है तथा इसके साथ ही



एक बड़ी लाइब्रेरी का निर्माण भी हुआ है। इस पर लगभग एक करोड़ रुपया खर्च आया है।
नांगल चौधरी के विधायक डॉ अभय सिंह यादव ने इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अंबेडकर भवन में गरीब विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सेंटर खुलवाने का विचार पिछले एक वर्ष से कर रहे थे। इस विषय में उन्हें दो अलग अलग अर्ध सरकारी पत्र अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रम विभाग एवं शहरी सम्पदा विभाग को लिखे तथा उनसे सकारात्मक एवं सक्रिय सहयोग मिला। उसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी इस प्रस्ताव पर तुरंत स्वीकृति प्रदान कर दी।
24 मार्च 2023 को शहरी सम्पदा विभाग ने सरकार की स्वीकृति का पत्र जारी किया है। इस कोचिंग सेंटर में गरीबों के बच्चों से फीस नगण्य होगी तथा श्रम विभाग अपने स्तर पर कोचिंग सेंटर का सारा खर्च वहन करेगा।

# मां दुर्गा की विशाल शोभायात्रा व प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**मानक** चौक स्थित सट्टा कटला के प्राचीन हनुमान मंदिर में मां दुर्गा की विशाल शोभायात्रा तथा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को मंदिर परिसर में किया जाएगा। सट्टा कटला मंदिर के धर्म प्रेमी शुभम सोनी ने बताया कि सभी धर्म प्रेमियों द्वारा बुधवार को अष्टमी के अवसर पर प्रातः 9:00 बजे मां दुर्गा की विशाल शोभायात्रा सट्टा कटला से प्रारंभ होकर माणक चौक, आजाद चौक से पनिगंज होती हुई बजाजा बाजार सट्टा कटला प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में महिलाएं कलश व निशान लेकर चलेंगी।

# माता की चौकी में हुआ भजन संध्या का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।**
न्यू टाईगर क्लब नारनौल द्वारा चैत्र नवरात्र में प्रतिदिन किसी ना किसी भक्त के निवास स्थान पर माता की चौकी का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार रात्रि छठे नवरात्र के अवसर पर सीआईए रोड स्थित नई बस्ती में मां कात्यायनी का भव्य दरबार सजाया गया। माता की चौकी में सर्वप्रथम पंडित नवीन शास्त्री ने मुख्य यजमान हरी सिंह सैनी व निर्मला सैनी के कर कमलों द्वारा संपूर्ण विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करवाते हुए माता की पावन ज्योत प्रज्वलित करवाई। क्लब सदस्य गोपाल अदलखा ने बताया कि माता के पावन नवरात्रों में माता की चौकी लगाकर मां का गुणगान करने का



सौभाग्य किस्मत वालों को प्राप्त होता है। क्लब द्वारा चैत्र नवरात्रों के आठवां नवरात्र बुधवार रात्रि रामजी लाल सैनी सुभाष स्टेडियम और नौवा नवरात्रा वीरवार को सिटी पोस्ट ऑफिस गली मे मोहन बोहरा के निवास स्थान पर माता की ज्योत और चौकी लगाई जाएगी। सोमवार रात्रि चौकी में भजनों की श्रंखला में विकास म्यूजिकल द्वारा गणेश जी का आह्वान किया गया, पवन सोनी ने मुंह फेर जिधर देखूं मुझे मैया नजर आए, नवीन वशिष्ठ ने तेरे दर्शन में खड़ा हूं कब आएगी मेरी बारी, संजय वर्मा ने राम जी के दास बाला जी, भूपसिंह लोहार ने सीना चीर के मां तस्वीर दिखा दूं, काशी भगत ने आ के दर्शन दिखा जा मेरी मां, त्रिलोक सैनी ने जब दिन गर्दिश के थे कोई पूछने वाला न था, शिवा सिंघल ने मेरी आस तू है मां विश्वास तू है मां, दीपक वालिया ने हम आपके चरणों में, परमानंद वर्मा ने पवन उड़ा कर ले गई मेरी मां की चुनरिया, नरेंद्र बंसी ने सज धज कर बैठी मां जैसी भक्तिपूर्ण भजनों से सभी भक्तों को भक्ति रस में डूबो दिया। मुख्य यजमान द्वारा उपस्थित सभी भजन गायकों व क्लब सदस्यों को माता की चुनरी ओढाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब के प्रधान राजेश लखेरा, राहुल वर्मा, दिनेश शर्मा, मुकेश वालिया, नरेंद्र वंशी, टिंकू जैन, अमित जैन, मोहित, राहुल राजोरिया, नवनीत चौधरी, रिंकू सोनी, गोपाल अदलखा, नितीन गुप्ता, गजेंद्र नंबरदार, सज्जन सिंह, अमित राजपूत और काफी भक्तजन मौजूद रहे।

# विधायक ने फल-सब्जी मंडी के सफाई की जांच के लिए विजिलेंस को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
विधायक सुरेंद्र पंवार ने महानिदेशक विजिलेंस, हरियाणा को पत्र लिखकर फल व सब्जी मंडी सोनीपत में सफाई, सीवरेज व पार्किंग के कार्य की विजिलेंस जांच की मांग की है।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने विजिलेंस को लिखे पत्र में बताया कि सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं, आढ़तियों व किसानों ने उन्हें समस्याएं सुनने के लिए बुलाया था। इस दौरान सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि आज फल व सब्जी मंडी, सोनीपत की हालत इतनी बदत्तर हो चुकी है कि जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे है, आमजन का मंडी से आसानी से निकलना मुमकिन नहीं है। सीवरेज व्यवस्था डगमगा गई है। चारों तरफ बदहाली ही बदहाली है। सब्जी मंडी में सफाई का टैंडर सिर्फ कागजो तक सीमित है, धरातल पर कोई सफाई नहीं होती। इसके साथ ही एक साल



से सीवरेज व्यवस्था डगमगा गई है, सीवरेज लाइन ब्लॉक रहती है, कोई सफाई नहीं करता। मंडी से महामारी फैलने की आशंका बनी हुई है। आढ़तियों व सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि कुछ दिन पहले मंडी में पार्किंग में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाने का कार्य किया गया था, उसकी भी गुणवत्ता ठीक नहीं है। आढ़तियों, सब्जी विक्रेताओं ने सफाई, सीवरेज व पार्किंग के कार्य की विजिलेंस जांच की मांग की थी।

# डाटा मैनेजमेंट पर जीवीएम में हुआ कार्यशाला का आयोजन

## प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने दी नई शिक्षा नीति व नैक मान्यता के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
जीवीएम गर्ल्ज कालेज में छात्राओं को आंकड़ा प्रबंधन के साथ तकनीकी संसाधनों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने इस सफल आयोजन की बधाई देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे आज के दौर की इस मांग को अवश्य पूरा करें। जीवीएम की इंटरनल क्वालिटी एस्योरेंस सैल (आईक्यूएसी) तथा ई-लर्निंग सैल के तत्वावधान में डाटा मैनेजमेंट एंड आईसीटी टूल्स पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका



शुभारंभ प्राचार्या डा. रेनू भाटिया व संयोजक प्राध्यापिकाओं ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इस दौरान प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने नई शिक्षा नीति-2020 के साथ नैक मान्यता को लेकर विस्तृत रूप में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने नई

**8 आयोजन की बधाई देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे आज के दौर की इस मांग को अवश्य पूरा करें**

शिक्षा नीति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने नैक की बेहतरीन ग्रेडिंग हासिल करने की भी टिप्स दी। इस दौरान आईक्यूएसी की संयोजक डा संगीता सिंह तथा उप-संयोजक सुनीता धवन और ई-लर्निंग सैल की संयोजक मीनू सुखीजा ने विस्तार से डाटा मैनेजमेंट तथा इन्फोरमेशन एंड कम्यूनिकेशन टैक्रॉलोजी (आईसीटी) टूल्स की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से आंकड़ों के एकत्रिकरण व प्रबंधन में आईसीटी टूल्स मददगार साबित होते हैं। उन्होंने प्रतिभागी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। ई-लर्निंग सैल के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों सहित विभिन्न विभागाध्यक्षों, प्रकोष्ठद्वों, क्लब व समितियों के संयोजकों ने हिस्सा लिया। संयोजकों ने प्रतिभागियों के सवालों के भी जवाब देते हुए उन्हें नवीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहन दिया।

# एसडी कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस आज से



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
एसडी पीजी कॉलेज में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित आधुनिक विज्ञान और तकनीकी में उभरते रुझान विषय पर चलने वाली दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आगाज 29 मार्च को मुख्य अतिथि प्रो.अनिल वोहरा डीन आफ कॉलेज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र करेंगे। कीनॉट संबोधन डॉ.सुमन बाला बेरी भौतिकी विभाग पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ द्वारा दिया जाएगा। प्रथम दिन के पहले तकनीकी सत्र की अध्यक्षता गेस्ट आफ ऑनर प्रो.संजीव अग्रवाल भौतिकी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र और दूसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता गेस्ट आफ ऑनर प्रो.अश्वनी कुश विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस विभाग आईआईएचएस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र करेंगे।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं.: 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं.: 9466035040









# अदाणी पर इतने मेहरबान क्यों हैं पीएम मोदी?

## दिल्ली विधानसभा में सीएम अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर बोला हमला, पीएम मोदी रहे निशाने पर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गौतम अदाणी के मुद्दे पर हमला बोला है। दिल्ली विधानसभा में बजट सत्र के दौरान सीएम केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अदाणी पर इतना क्यों मेहरबान हैं।

**मोदी का सारा पैसा अदाणी के पास लगा है:** अरविंद केजरीवाल ने सदन में कहा कि अभी कुछ दिन पहले भाजपा का एक बहुत बड़ा नेता मिला, उसने मुझसे पूछा कि मोदी जी अदाणी जी पर इतने मेहरबान क्यों है। उसने बताया कि मोदी जी अदाणी को क्यों बचा रहे हैं? मैंने पूछा कि आईटी मामला क्या है, तो उन्होंने बताया कि मोदी जी का सारा पैसा अदाणी के पास लगा है। अदाणी तो सामने है पीछे मोदी जी हैं। मोदी जी दुनिया के सबसे पैसा वाला आदमी बनना चाहते हैं।





**श्रीलंका में अदाणी को दिया गया बिजली का प्रोजेक्ट:** केजरीवाल ने आगे कहा कि श्रीलंका में एक प्रोजेक्ट अदाणी को दिया गया बिजली का। यह प्रोजेक्ट मोदी जी ने अदाणी को नहीं दिलाया, स्वयं लिया है। बांग्लादेश में भी मोदी जी ने प्रोजेक्ट अदाणी को दिलाए, ये भी अदाणी जी को नही स्वयं मोदी जी लिए हैं। देश के 6 एयरपोर्ट भी अदाणी के पास गए हैं। ये ईडी और सीबीआई से ये रेड कराते हैं और फिर उस संस्थान को अदाणी जी खरीद लेते हैं, यह क्या खेल चल रहा है, यह जनता समझ रही है।

**दोनों हाथ से देश लूट रहे हैं प्रधानमंत्री:** अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि 2800 करोड़ का कोयला हर साल फ्री में अदाणी जी ले जाते हैं। मैं जनता से कहना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री जी दोनों हाथों से देश को लूट रहे हैं। दिमाग अदाणी का चलता है और इस पर पैसा मोदी के पास जाता है। मोदी जी काम पढ़े लिखे हैं, विदेशी आते हैं और पता नही किस किस पर साइन करा ले जाते हैं और इनकी तारीफ कर जाते हैं। मोदी जी से भ्रष्ट प्रधानमंत्री देश में अभी तक नही हुआ है।

## सार्वजनिक परिवहन रैंकिंग में 35वें स्थान पर पहुंची दिल्ली : केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक परिवहन सेवाओं की रैंकिंग में 35वें स्थान पर पहुंच गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी की जनता को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

ओलिवर व्यामन फोरम ने दुनिया के 40 देशों की यातायात व्यवस्था की सूची जारी की है। इसमें भारत का एकमात्र शहर दिल्ली को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली की दो करोड़ जनता मेहनत कर रही है। सार्वजनिक परिवहन सेवा के क्षेत्र में दिल्ली जल्द दुनिया के शीर्ष 10 शहरों में अपनी जगह हासिल करेगी। इस सूची में पहले स्थान पर हांगकांग और 40वें पायदान पर रियो डी जेनेरियो को शामिल किया गया है।



# कंझावला केस: 1 अप्रैल को चार्जशीट दाखिल करे दिल्ली पुलिस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** की रोहिणी कोर्ट ने मंगलवार को कंझावला हिट एंड ड्रैग मामले में सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को अगली सुनवाई यानी एक अप्रैल को चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**कोर्ट ने जांच अधिकारी को दिए निर्देश:** मामले की सुनवाई करते हुए मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट सान्या दलाल ने पुलिस से पूछा कि वे चार्जशीट कब दाखिल करने जा रही हैं। जांच अधिकारी ने जवाब दिया कि चार्जशीट की जांच की जा रही है और एक या दो दिन में फाइल कर दी जाएगी। पुलिस के इस जवाब पर अदालत ने कहा कि एक-दो दिन में क्यों, सुनवाई की अगली तारीख पर चार्जशीट दाखिल करें। साथ ही कोर्ट ने अगली तारीख को सभी वकीलों को भी मौजूद रहने का निर्देश दिया है।

**1 अप्रैल को पूरी हो रही है 90 दिनों की अवधि:** पुलिस को चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने पांचों आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ा दी है। 90 दिन की यह अवधि एक अप्रैल को पूरी हो रही है। आपको बता दें कि अगर किसी कारण वश 90 दिनों में चार्जशीट फाइल नहीं होती है तो आरोपितों को जमानत का आधार मिल जाता है और इसी वजह से अदालत में पुलिस को चार्जशीट दाखिल करने का आदेश दिया है।

**जेल में हैं 5 आरोपित:** इस मामले में पुलिस ने आशुतोष भारद्वाज, अंकुश, दीपक खन्ना, अमित खन्ना, कृष्ण, मिथुन और मनोज मित्तल को दो जनवरी को गिरफ्तार किया था।

### तारीख तय

**= जांच अधिकारी ने जवाब दिया कि चार्जशीट की जांच की जा रही है और एक या दो दिन में फाइल कर दी जाएगी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा केंद्रीय कार्यालय (विस्तार) का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के आवासीय परिसर और सभागार का भी उद्घाटन किया। पीएम ने निर्माण कार्य में लगे लोगों से भी बात की।

# सट्टा और शराब तस्करों से रंगदारी वसूलने वाला कुख्यात गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कुख्यात बदमाश अभिषेक राठी उर्फ काला बच्चा को गिरफ्तार किया है। यह सदर बाजार, पहाड़गंज, नबी करीम, ख्याला में सट्टा, जुआ और शराब तस्करों को धमकी देकर रंगदारी वसूलने का धंधा करता था। इसकी गिरफ्तारी से पुलिस ने सदर बाजार में हुई दस लाख रुपए लूट की गुत्थी सुलझा ली है। इसके खिलाफ पहले के तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**राजेंद्र नगर में किसी से मिलने वाला था अभिषेक राठी:** विशेष आयुक्त क्राइम ब्रांच रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक अभिषेक राठी मोतिया खान, सदर बाजार का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि अभिषेक राठी राजेंद्र नगर इलाके में किसी से मिलने आने वाला है। संयुक्त आयुक्त एसडी मिश्रा, डीसीपी विचित्र वीर, एसीपी राकेश कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर राजीव कक्कड़ व सुनील कुमार के नेतृत्व में एएसआई राजेश, उमेश, हवलदार संदीप, हरेंद्र, धीरेंद्र, मुकेश, गौतम, राज प्रकाश और कृष्ण की टीम ने राजेंद्र नगर से सोमवार को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध पिस्टल और तीन कारतूस बरामद किए गए। अभिषेक, मोतिया खान इलाके का रहने वाला है।

# जामिया हिंसा: हाईकोर्ट से शरजील-सफूरा फिर आरोपी घोषित

## हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटा, 11 में 9 के खिलाफ फिर चलेगा केस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने मंगलवार को ट्रायल कोर्ट के उस फैसले को आंशिक रूप से पलट दिया, जिसमें जामिया मिलिया इस्लामिया में दंगे कराने के आरोपियों को बरी किया गया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में बरी किए गए 11 में से 9 लोगों को फिर से आरोपी बनाया है। इनमें सफूरा जरगर, शरजील इमाम, आसिफ इकबाल तनहा, मोहम्मद कासिम, महमूद अनवर, शजर रजा, उमैर अहमद, मोहम्मद बिलाल नदीम और चंदा यादव शामिल हैं। दिसंबर 2019 में हुई हिंसा में दिल्ली पुलिस ने 11 लोगों को आरोपी बनाया था। इन लोगों पर हिंसा, गैरकानूनी रूप से इकट्ठा होने, पब्लिक सर्वेंट्स का रास्ता रोकने और कई अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है। ट्रायल कोर्ट ने 4 फरवरी को सभी 11 लोगों को हिंसा के मामले से बरी कर दिया था। इसके खिलाफ दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

**जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा:** 'अभिव्यक्ति की आजादी से किसी को नहीं रोका जाता है, लेकिन यह इस कोर्ट अपनी जिम्मेदारी से वाकिफ है और कोर्ट ने इसी बात को ध्यान में रखकर मामले में फैसला देने की कोशिश की है। शांति से बैठक करने का अधिकार पर भी पाबंदी लगाई जा सकती है। संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और शांति भंग किए जाने का कोर्ट बचाव नहीं करता।'

**क्या है जामिया में हिंसा का मामला:** दिसंबर 2019 में दिल्ली की जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के कुछ छात्रों और स्थानीय लोगों ने सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट और नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया। इन लोगों ने ऐलान किया कि वे संसद तक रैली निकालेंगे। हालांकि, ये विरोध प्रदर्शन जल्द ही हिंसक हो गए।




### आरोपियों पर कई मामलों में दर्ज हुआ केस

**इमाम**, जरगर, मोहम्मद कासिम, महमूद अनवर, शहजर रजा, उमैर अहमद, मोहम्मद बिलाल नदीम और चंदा यादव को आपीसी की धारा 143, 147, 149, 186, 353, 427 और प्रिवेंशन ऑफ डैमेज टु पब्लिक प्रॉपर्टीज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मोहम्मद शोएब और मोहम्मद अबुजार को आपीसी के सेक्शन 143 के तहत आरोपी बनाया गया था। इन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। तनहा को सेक्शन 308, 323, 341 और 435 से बरी कर दिया गया था। उसे खिलाफ दूसरे सेक्शंस के तहत आरोपी बनाया गया है।

# 'आप' ने 11 भाषाओं में 'मोदी हटाओ, देश बचाओ' के पोस्टर जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आम आद**मी पार्टी आगामी 30 मार्च को पूरे देश में लगाएगी मोदी हटाओ, देश बचाओ के पोस्टर, 11 भाषाओं में जारी किए गए। यह पोस्टर हिंदी, अंग्रेजी , मराठी, पंजाबी , मलयालम ,उड़िया , कन्नड़ , बांग्ला , गुजराती , उर्दू और तेलुगु भाषाओं में लगाए किए जाएंगे। दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि देश में भाजपा की अघोषित तानाशाही लागू हो चुकी है।

भाजपा देश में लोकतंत्र खत्म करने में लगी हुई है। चुनाव आयोग व सीबीआई-ईडी को इशारों पर नचाया जा रहा है और न्यायपालिका को भी कंट्रोल करने की कोशिश की जा रही है। देश के अंदर चुनी हुई राज्य सरकारों को स्वतंत्र रूप से काम नहीं करने दिया जा रहा है। लेकिन अब देश और विपक्ष किसी भी तरह के षड़यंत्र या फर्जी एफआईआर से डरने वाली नहीं है और अब देश के लोगों की आवाज नहीं दबेगी। आप पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने मंगलवार को बताया कि जिस तरह के घटनाक्रम आज पूरे देश में चल रहे है , जिस तरह से गैर संवैधानिक तरह से विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। आम आदमी से जुड़े मुद्दों को डाइवर्ट करने की कोशिश की जा रही है। जिस तरह से अडानी के मामले में केंद्र कन्नी काटने की कोशिश कर रहा है तो ऐसे में विपक्ष में ही नहीं बल्कि देश के लोगों के मन में भी यह सवाल उठने लगा है की अगर ऐसी ही स्थितियां रही तो भारत खतरे की तरफ जा रहा है। आज जमीनी तौर पर भी यह देखा गया है की लोगो में भाजपा की सरकार के खिलाफ एकीकरण की भावना उठने लगी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई और ईडी आज पिंजरे में कैद पंछी के समान है। जिनका काम केवल विपक्ष के नेताओं के ऊपर फर्जी मुकदमे चलाकर के जेल के अंदर बंद करने तक सीमित रह गया है।

### पोस्टर वॉर

**= यह पोस्टर हिंदी, अंग्रेजी , मराठी, पंजाबी, मलयालम, उड़िया, कन्नड़, बांग्ला, गुजराती , उर्दू, तेलुगु भाषाओं में लगाए जाएंगे**




# विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के साथ लूट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में आम से लेकर खास तक, कोई भी सुरक्षित नहीं है। विदेश मंत्रालय में काम करने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी के साथ लूट की घटना सामने आई है। विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी से उनके आधिकारिक लैपटॉप, पासपोर्ट और अन्य कीमती सामान लूट लिया गया।

**कार का शीशा तोड़कर हुई वारदात:** अधिकारी के साथ लूट की घटना उस समय हुई, जब दक्षिणी दिल्ली में अरबिंदो मार्ग पर बेहोश पड़े एक व्यक्ति की मदद करने की कोशिश की। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अज्ञात लोगों ने उसकी कार की खिड़की का शीशा तोड़ दिया और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। वहीं पुलिस को विदेश मंत्रालय के अधिकारी के साथ लूट की इस घटना के पीछे कुख्यात 'ठक ठक' गिरोह का हाथ होने का शक है। पुलिस ने कहा कि घटना सोमवार शाम को हुई जब विदेश मंत्रालय (एमईए) में तैनात उप सचिव (कानूनी अधिकारी) कार्यालय से ग्रेटर कैलाश में घर लौट रहे थे।

**बेहोश व्यक्ति की मदद के लिए रुका था अधिकारी:** अधिकारियों ने बताया कि कोटला मुबारकपुर थाने में शाम साढ़े छह बजे चोरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल आई। पुलिस कर्मचारी एम्स गेट नंबर 2, रिंग रोड के सामने मौके पर पहुंचे, तो पीड़ित ने कहा कि उसने देखा कि साउथ एक्सटेंशन की ओर अरबिंदो मार्ग (आईएनए मार्केट) पर एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है।

**लैपटॉप, मोबाइल और नकदी की लूट:** इसके बाद पीड़ित ने अपनी कार खड़ी की और मदद के लिए पीसीआर को फोन किया। बाद में पीसीआर वैन उस व्यक्ति को ले गई। जब पीड़ित अपनी कार में वापस लौटा, तो वह कार की खिड़की का शीशा टूटा हुआ देखकर चकित रह गया और उसका आधिकारिक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन और उसका राजनयिक पासपोर्ट, आधिकारिक आईडी, बैंक कार्ड, 20 यूरो और 7,000 रुपये नकद सहित सामान गायब थे। उसकी शिकायत पर, भारतीय दंड संहिता की धारा 379 (चोरी) और 427 (नुकसान पहुंचाने वाली शरारत) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# खूंखार 78-गैंग के 5 बदमाश मुठभेड़ के बाद अरेस्ट

**नई दिल्ली:** मध्य दिल्ली के खूंखार 78-गैंग के पांच बदमाशों को पटेल नगर थाना पुलिस ने हल्की मुठभेड़ के बाद दबोचा है। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने टीम पर गोली चलाने का प्रयास किया, लेकिन गोली तमंचे के चैंबर में फंस गई। इसके बाद चाकू से हमला करने का प्रयास किया गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने एक गोली चलाकर पांचों बदमाशों को काबू किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गैंग सरगना रमन महाना (29), प्रिंस उर्फ पिंचू (18), किश्विन चावला उर्फ मीकू (30), अंकित मारवाह उर्फ पप्पल (22) और जतित (22) के रूप में हुई है।

# पार्षदों को बजट पढ़ने का नहीं मिला समय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

बजट पर चर्चा के लिए दिल्ली नगर निगम की मंगलवार को बैठक बुलाई गई। हालांकि, बैठक बुलाए जाने के तुरंत बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा कि नगर निगम का सत्र बुधवार को दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों ने कहा था कि उन्हें बजट दस्तावेज को पढ़ने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला और इसलिए बुधवार को सत्र शुरू होने तक का समय दिया गया है।

**31 मार्च तक बजट को दी जानी है मंजूरी:** बता दें कि मंगलवार का सत्र दोपहर 2 बजे शुरू होना था, लेकिन 15 मिनट देरी से शुरू हुआ। महापौर द्वारा सत्र स्थगित किए जाने पर कार्यवाही संक्षिप्त अवधि के लिए हुई थी। मानदंडों के अनुसार, निगम बजट को 31 मार्च तक मंजूरी दी जानी है। एमसीडी ने 15 फरवरी को 2023-24 के निगम बजट में करों की अनुसूची पारित की थी, लेकिन शेष बजट प्रक्रिया को रोक दिया गया था क्योंकि निगम निकाय की स्थायी समिति का चुनाव होना बाकी था।

**2 बजे से होनी थी निगम की बैठक:** एमसीडी ने पहले कहा था कि 2022-2023 और 2023-2024 के संशोधित अनुमानों के प्रस्तावों के लिए विशेष बजट बैठक मंगलवार को दोपहर 2 बजे अरुणा आसफ अली मीटिंग हॉल में होगी। इससे पहले एमसीडी ने दिल्ली सरकार को पत्र लिखकर मार्च अंत से पहले बजट पेश करने के लिए विशेष सत्र बुलाने की अनुमति मांगी थी।

**अधर में लटक सकती हैं चीजें:** अगर 31 मार्च तक पूरा बजट पारित नहीं किया गया तो चीजें अधर में लटक सकती हैं। विभिन्न विभागों को बजट में किया गया आवंटन समुचित निगम कामकाज के लिए महत्वपूर्ण है।

करों की अनुसूची को एमसीडी के विशेष अधिकारी द्वारा पारित किया गया था, जिसका कार्यालय महापौर के चुनाव के बाद समाप्त हो गया था।



# दिल्ली से 7 अप्रैल को 'श्रीरामाय□यात्रा' के लिए रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भगवान** श्रीराम में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। भारतीय रेलवे द्वारा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन श्री रामायण यात्रा के लिए राम नवमी के बाद 7 अप्रैल को चलायी जाएगी। यह विशेष पर्यटक ट्रेन दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होगी व पर्यटकों को मर्यादा पुरुषोत्तम राम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का भ्रमण व दर्शन कराएगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस पूर्णतया वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन में एसी प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी के यात्री कोच हैं और इसके अतिरिक्त दो रेल डाइनिंग रेस्तरां एक आधुनिक किचन कार व यात्रियों के लिए फुट मसाजर, मिनी लाइब्रेरी, आधुनिक एवं स्वच्छ शौचालय और शॉवर क्यूबिकल आदि की सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड, इलेक्ट्रॉनिक लॉकर एवं सीसीटीवी कैमरे भी प्रत्येक कोच में उपलब्ध रहेंगे।

पूरी यात्रा में कुल 18 दिन लगेंगे। यात्रा का पहला पड़ाव प्रभु श्री राम का जन्म स्थान अयोध्या होगा जहां श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री हनुमान मंदिर व नंदीग्राम में भरत मंदिर के दर्शन कराये जाएंगे। अयोध्या से रवाना होकर यह ट्रेन सीतामढ़ी जाएगी। यहां से कुछ दूरी पर नेपाल के जनकपुर स्थित राम जानकी मंदिर का दर्शन प्राप्त किया जा सकेगा। जनकपुर के बाद ट्रेन का अगला पड़ाव बक्सर होगा जहां रामरेखा घाट व पुरातन मंदिरों के भ्रमण के उपरांत पर्यटक ट्रेन द्वारा काशी के लिए प्रस्थान करेंगे। भगवान शिव की नगरी काशी में पर्यटक काशी के प्रसिद्ध मंदिरों का भ्रमण करेंगे। काशी सहित सीता समाहित स्थल, प्रयाग, श्रृंगवेरपुर, व चित्रकूट की यात्रा बसों द्वारा सम्पन्न होगी। इस दौरान काशी प्रयाग व चित्रकूट में रात्रि विश्राम होगा। चित्रकूट से चलकर यह ट्रेन नासिक पहुंचेगी जहां पंचवटी व त्रयंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण किया जा सकेगा। नासिक के पश्चात प्राचीन किष्किंधा नगरी हंपी इस ट्रेन का अगला पड़ाव होगा जहां अंजनी पर्वत स्थित श्री हनुमान जन्म स्थल व अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक व विरासत मंदिरों का दर्शन कराया जाएगा। हम्पी के पश्चात ट्रेन रामेश्वरम पहुंचेगी। रामेश्वरम में पर्यटकों को प्राचीन शिव मंदिर व धनुषकोडी का दर्शन लाभ प्राप्त होगा। यहां से पर्यटक अगले गंतव्य स्थल तेलंगाना राज्य में स्थित भद्राचलम के लिए रवाना किए जाएंगे जिसे दक्षिण की अयोध्या भी कहा जाता है। इस ट्रेन का अंतिम पड़ाव नागपुर होगा जहां पर्यटक रामटेक मंदिर का भ्रमण करेंगे।

### आस्था

**= सफदरजंग रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होगी व पर्यटकों को मर्यादा पुरुषोत्तम राम से जुड़े धार्मिक स्थलों का भ्रमण व दर्शन कराएगी**



# आदर्श नगर से डॉक्टर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के आदर्श नगर से एक 4 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बताया जा रहा कि बच्ची से छेड़छाड़ करने वाला शख्स डॉक्टर है और उसने अपने क्लीनिक में बच्ची के साथ कथित रूप से छेड़छाड़ की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली के उत्तरी पश्चिम जिले के आदर्श नगर में एक डॉक्टर ने 4 साल की बच्ची से कथित तौर पर अपने क्लीनिक में छेड़छाड़ करने की शिकायत मिली थी, जिसके बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले में आगे की जांच की जा रही है।

**मां के साथ दवा लेने गई थी बच्ची:** पुलिस अधिकारी का कहना है कि उन्होंने पीड़िता की मां द्वारा शिकायत देने के बाद यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है और आरोपित डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पीड़िता के साथ रविवार को कथित छेड़छाड़ की घटना हुई थी और सोमवार को पीड़िता की मां ने मामले की पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार बच्ची के पेट में दर्द था और रविवार को उसकी मां उसे घर के पास आदर्श नगर स्थित एक क्लीनिक पर ले गई।

**पीड़िता की मां ने सुनाई डॉक्टर की करतूत:** पीड़िता की मां ने बताया, "जब वह लड़की के साथ क्लिनिक के अंदर गई, तो उसे याद आया कि वह अपना पर्स बाहर भूल गई है। मां ने पुलिस को बताया कि जब वह अंदर गई तो उसने पाया कि डॉक्टर ने लड़की की ड्रेस के अंदर हाथ डाला था। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया।"



### शिकंजा

**= बच्ची से छेड़छाड़ करने वाला शख्स डॉक्टर है और उसने अपने क्लीनिक में बच्ची के साथ कथित रूप से छेड़छाड़ की**

# सजंय गुर्जर बने पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष

## संजय गुर्जर की नियुक्ति से पानीपत जिले में संगठन को ओर अधिक मजबूती प्रदान होगी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**पानीपत** जिला काँग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ पूर्व जिला महासचिव संजय गुर्जर की काग्रेस पार्टी के प्रति कर्तव्य व निष्ठा को ध्यान में रखते हुये काँग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व पिछड़ा वर्ग के राष्टीय चेयरमैन कैप्टन अजय यादव एव प्रदेश चेयरमैन रमेश सैनी की सस्तुति के पानीपत जिला कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला चेयरमैन सुभाष तंवर ने संजय गुर्जर को पानीपत जिला काग्रेस पिछड़ा वर्ग का जिला उपाध्यक्ष किया है इससे पहले संजय गुर्जर प्रकोष्ठ के जिला महासचिव रहते हुये पार्टी को मजबूती प्रदान करने में संगठन की विभिन्न गतिविधियों में अपनी महत्त्वपूर्ण निभाते आये है। प्रकोष्ठ के जिला चेयरमैन सुभाष तवंर ने



संजय गुर्जर की नियुक्ति पर कहा है कि संजय गुर्जर की नियुक्ति से पानीपत जिले में संगठन को ओर अधिक मजबूती प्रदान होगी और पिछड़ा वर्ग के साथ वंचित समाज के लोगो के हितों की आवाज को पुरजोर तरीके से उठाते हुये उनको काँग्रेस पार्टी की नीतियों के साथ जोड़ने का कार्य करेगें । नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष संजय गुर्जर ने

**8 आज काँग्रेस पार्टी के साथ सभी वर्गों के लोग हर रोज भारी जुड़ते जा रहे है क्योंकि आने वाला समय काँग्रेस का है**

अपनी नियुक्ति पर बोलते हुये कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे काग्रेस के नेताओ द्वारा सौपी गई है उसे मैं पूरी निष्ठा व लग्न के साथ निभाते हुये काँग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे प्रकोष्ठ के राष्टीय चेयरमैन कैप्टन अजय यादव, प्रदेश चेयरमैन रमेश सैनी की नीतियों आस्था व निष्ठा रखते हुये पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुचाने में अपना महत्त्वपूर्ण समय देकर सगठन की मजबूती के साथ साथ कार्य कर समाज पिछडे वर्गों व शोषित व वंचित समाज की आवाज को उठाकर काग्रेस पार्टी के साथ जोड़ने का कार्य करुंगा । जिला चेयरमैन सुभाष तंवर व वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार संजय गुर्जर को नियुक्ति पत्र सौपते हुये कहा कि आज कॉंग्रेस पार्टी के साथ सभी वर्गों के लोग हर रोज भारी जुड़ते जा रहे है क्योंकि आने वाला समय कॉंग्रेस का है भाजपा से सभी वर्गों का आये दिन मोहभंग होता जा रहा है। संजय गुर्जर ने अपनी नियुक्ति पर काग्रेस की राष्टीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा, चेयरमैन कैप्टन अजय यादव, प्रदेश चेयरमैन रमेश सैनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पवार एव जिला चेयरमैन सुभाष तंवर के साथ जिला के कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुये सभी का हार्दिक धन्यवाद किया है।

# भाजपा महिलाओं का कर रही है पूरा मान सम्मान: डा. नीना सतपाल राठी

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**

झज्जर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत कई ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहर के कई वार्डों कां का दौरा किया। उन्होंने भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करते हुए सरकार की ओर से महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके सम्मान में किये जा रहे कार्यों व जनहितैषी नीतियों के बारे में भी अवगत कराया। साथ में शहीद सम्मान समारोह में उमड़ी मातृशक्ति, युवाओं व अन्य लोगों की भारी भीड़ पर उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिलावासियों ने इस कार्यक्रम में



बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए शहीदों को याद कर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि भी दी। इससे पहले गांव टांडाहेड़ी समेत कई अन्य गांवों में पहुंचने पर झज्जरभाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी का महिलाओं द्वारा फूलमालाओं से जोरदार अभिनंदन किया गया। वहीं अपने जनसम्पर्क अभियान व शहीद सम्मान समारोह की सफलता के बाद धन्यवादी दौरे दौरान उन्होंने महिलाओं का भी सम्मान किया और उनसे सीधा संवाद करते हुए डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि बेटियों व महिलाओं के सम्मान को लेकर भाजपा सरकार की ओर से पूरा ध्यान दिया जा रहा है। उनके सशक्तिकरण से लेकर राजनीति समेत अन्य क्षेत्रों में उनका पूरा हक मिले इसको लेकर भी वह स्वयं निरंतर आवाज उठाती आ रही।

# दो बेटियों को घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ एक अनोखा बनवारा निकाला गया

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव महेंद्रगढ़।** गांव पहाड़वास में सोमवार की शाम को राजपूत समाज की दो बेटियों का घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ एक अनोखा बनवारा निकाला गया। दोनों बेटियों को घोड़ी पर सवार देखकर ग्रामीणों ने इस पहल की जमकर प्रशंसा की। लड़की के पिता जससिंह चौहान ने अपनी बेटी आरती व ज्योति की शादी लड़कों की तरह धूमधाम से की। शादी से पहले दूल्हे की तरह लड़की को घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ गांव में बनवारा निकाला गया। जयसिंह चौहान ने बताया कि उनकी दोनों लड़कियों की शादी गांव बसई निवासी राहुल व राजेश के साथ तय हुई है। उन्होंने बताया कि जब समाज में



संदेश दिया जाता है कि लड़का-लड़की एक समान है तो फिर लड़का ही घोड़ी पर क्यों बैठता है, लड़की घोड़ी पर क्यों नहीं बैठ सकती। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने बेटियों को बिना किसी भेदभाव के हमेशा लड़कों के समान माना है। उन्होंने बताया कि बदलते जमाने के साथ-साथ हर माता-पिता को अपनी सोच में बदलाव कर उनके अधिकार स्वरूप उनको भी उतना ही सम्मान देना चाहिए। डीजे के साथ घोड़ी पर बनवारा निकालना आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# छावनी में आवारा कुत्तों का आतंक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**

**अम्बाला** छावनी के गांधी नगर से अनेक लोग आज परिषद के अधिकारियों से मिलने पहुंचे और परिषद अधिकारियों को बताया कि छावनी में कुत्तो का आंतक इस कदर छा गया है कि लोग घरों से निकलते हुए भी कतरा रहे है। पिछले कुछ महीनों के दौरान आवारा कुत्ते लगभग 140 लोगो को काट चुके है। तीन दिन पहले ही गांधी नगर निवासी महेश नगर में गुरूद्वारे के पाठी नरेंद्र सिंह को 4 से 5 लावारिस कुत्तों ने बुरी तरह नोच डाला था। आज क्षेत्रवासियों के साथ नरेंद्र ने भी अधिकारियों से गुहार लगाते हुए कहा कि यह कुत्ते किसी और पर हमला न करें इसलिए वह अधिकारियों के पास गुहार लगाने के लिए आये है।

# राशन कार्ड कटने के बाद धक्के खाने को मजबूर है छावनीवासी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** अम्बाला छावनी नगर परिषद कार्यालय में परिवार पहचान पत्र में अपनी आय ठीक करवाने आए लोगो को उस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा जब उन्हे यह कहा गया कि आज फिर से साइट बंद है। जिसके चलते लोग निराश होकर वापिस लौट रहे थे। हालाकि इसस दौरान वह कर्मचारियों को कोसते नजर आए। उनका कहना था कि वे सुबह 8 बजे ही कार्यालय आ गए थे। उन्हे कर्मचारियों द्वारा टोकन भी दिये गए थे। लेकिन अब बोर्ड पर कागज चिपका दिया गया है कि परिवार पहचान पत्र की साइट आज बंद है कृप्या कल आएं। मिलाप नगर के यतिंद्र दत्त ने बताया कि वह 40 प्रतिशत दिव्यांग है। उसका राशन कार्ड काट दिया गया है। जिसका कारण



उसे बताया गया कि उसकी आय अधिक है। ऐसे में वह फैमली आइडी में आय ठीक करवाने आया था। लेकिन कई बार चक्कर लगाने के बाद भी उसका कार्य नहीं हुआ।
इसी प्रकार राम बाग रोड से आई मनीषा, कच्चा बाजार के सुरेंद्र, छावनी के सचिन, विनोद व अन्य ने बताया कि वे सब पिछले कई दिनों से नगर परिषद में अपनी फैमली इनकम ठीक करवाने के लिए चक्कर काट रहे है। उनके राशन कार्ड भी कट चुके है। ऐसे में अब उन्हे रोजाना परेशान होना पड़ रहा है।
महिलाओं ने बताया कि वह घर के काम काज छोड़ रोजाना नगर परिषद कार्यालय में चक्कर काट रहीं है।
परिषद कार्यालय में आए रोहित ने बताया कि वह रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोशन करता है। लेकिन सुबह से फैमली आईडी में इनकम ठीक करवाने के लिए परिषद कार्यालय के धक्के खा रहा है और अब उसे यह बताया जा रहा है। साइट बंद है और कल फिर से आना।
वहीं इस मामले में जब नगर परिषद के एडमिनस्ट्रेटर डॉ निर्मल नागर से जानकारी मांगी गई तो उन्होंनें बताया कि कभी कभी वेबसाइट को मोडइफाइड किया जाता है।
हांलाकि उन्होनें यह भी बताया कि यदि वेबसाइट से संबंधित कोई भी दिक्कत आ रही है तो अधिकारियों व कर्मचारियों को बुलाकर समझाया जाएगा। जिससे यहां पर आने वाले लोगो को परेशानी का सामना न करना पड़े।
लोगों का कहना है कि राशन कार्ड के बिना उन्हे सरकारी राशन नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण उन्हे परेशानी हो रही है।

# वन विभाग के घूसखोर अधिकारी व कर्मचारी भेजे जेल

## ठेकेदार से एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए थे काबू, विभाग के 2 अन्य अधिकारी भी विजिलेंस की रडार पर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार))**

पंचकूला के चंडी मंदिर मे शेड बनाने के टेंडर का टाइम पीरियड बढ़ाने के मामले में रिश्वत मांगने के मामले में विजिलेंस विभाग ने वन विभाग के प्रबंधक, दरोगा व फोरस्ट गार्ड को 1 लाख की रिश्वत लेते पकड़ा था। इन्हें अम्बाला अदालत में पेश किया गया, जहां से इन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इन तीनों के पकड़े जाने के बाद विभाग के 2 अन्य अधिकारी भी विजिलेंस की रडार पर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार

**8 आज इन्हें अम्बाला अदालत में पेश किया गया, जहां से इन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है**

चीका निवासी ठेकेदार दिनेश कुमार की एक फर्म दी शिव शंभू को-ऑपरेटिव मल्टीपर्पज सोसाइटी है। उसने चंडीमंदिर में शेड बनाने का ठेका लिया था। दिनेश का कहना है कि जब उसने ठेका लिया था कि तब से डिप्टी मैनेजर एवं दरोगा विजय कुमार ने पैसे मांगने शुरू कर दिये थे। उससे 60 हजार रुपए नकद लिए थे लेकिन इन पैसों का रिकॉर्ड उसके पास नहीं है। टेंडर का टाइम बढ़ाने की एवज में उससे कुल 2.70 लाख रुपए मांगे गए थे, प्रबंधक राकेश कुमार व दरोगा विजय कुमार ने अपने 60-60 हजार रुपए व डेढ़ लाख रुपए विभाग के 2 बड़े अफसरों के लिए मांगे थे। राकेश कुमार, डिप्टी मैनेजर एवं दरोगा विजय कुमार व फारेस्ट गार्ड से हुई बातचीत की रिकार्डिंग में ये लोग इन अधिकारियों का हिस्सा मांगते हैं। इसके बाद उसने पूरा मामले की शिकायत विजिलेंस को दी। 23 मार्च को जब 80 हजार रुपए और देने गया तो इंस्ट्रूमेंट से इन लोगों की बातचीत की रिकॉर्डिंग कर ली। बातचीत में प्रबंधक राकेश कुमार, दरोगा विजय कुमार व फॉरेस्ट गार्ड प्रिंस मौजूद था। जिन्होंने बातचीत में माना कि उनके पास 1 लाख 70 हजार रुपए आ चुका है और कहा कि इसमें दोनों बड़े अधिकारियों के डेढ़ लाख रुपए आ चुके हैं और अब 1 लाख बकाया रह गया है। सोमवार को वह बकाया 1 लाख रुपए देने आया था। यह पैसा विजय कुमार ने पकड़ा लेकिन उसके भाई की पर्सनल गाड़ी में विजिलेंस को देखकर इसने पैसा प्रिंस को दे दिया।

# बब्याल में नगर परिषद सदर की टीम ने निकाली मशाल यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** गाठ दिवस नगर परिषद अंबाला सदर की टीम के द्वारा 'इंटरनेशनल जीरो वेस्ट' पर आधारित मशाल यात्रा बब्याल में निकाली गई जिसमें आंगनवाड़ी वर्कर्स ,सेल्फ हेल्प ग्रुप और आमजन की महिलाओं ने भाग लिया। स्वच्छ भारत मिशन कोऑर्डिनेटर ऋतु शर्मा और ठवछट से रवि ने गीला सूखा कचरा अलग अलग रखने व प्रत्येक कार्यक्रम में प्लास्टिक और थमार्कोल से बनी वस्तुओं का इस्तेमाल ना करने के लिए



महिलाओं को प्रेरित किया व शपथ भी दिलाई। लगभग 190 महिलाओं ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। नगर परिषद अंबाला सदर की स्वच्छ भारत मिशन की टीम कुणाल ,रमन, तरुण व सुमित ने भी महिलाओं को जागरूक किया। रितु शर्मा ने कहा कि स्वच्छता को लेकर सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाए जा रहे है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। तथा उन्हें बताया जा रहा है। कूडा कूडे दान में ही डाले। गीला व सूखा कूडा कूडे दान में ही डालें।

# टूंडला के स्वास्थ्य मेले में 628 मरीजों को जांचा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**

अम्बाला प्रदेश के स्वास्थ्य एवं गृह अनिल विज के विधानसभा क्षेत्र के गांव टुंडला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य मेले का आयोजन सिविल सर्जन डॉक्टर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में किया गया। मेले की देख रेख नोडल ऑफिसर डॉक्टर विशाल गुप्ता व डॉक्टर सुनील हरि द्वारा की गई।
नवरात्रों के बावजूद स्वास्थ्य मेले में लोगो का अच्छा रुझान देखने को मिला। क्षेत्र के प्रधान व अन्य समाजसेवी का भी मेले में सहयोग देखने को मिला। स्वास्थ्य मेले में प्रवेश करते ही मरीजो के लिए पंजीकरण काउंटर की व्यवस्था की गई जहाँ पर पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग अलग कतारे बनवाई गई। इसी के साथ मे एन.सी.डी. काउंटर रहा पंजीकरण करवाने के बाद ही मरीजो का वजन की जांच की गई साथ बी पी, शुगर की भी जांच की गई। इसके बाद मेले में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई जिनका कार्य मरीजो को डॉक्टर्स के पास तक पहुचाने का कार्य रहा। मेले में मरीजो की जांच के लिए सामान्य चिकित्सा, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक, कान गला रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, चमड़ी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ के अलावा आयुवेदिक विभाग के डॉक्टर्स ने भी मरीजो का उपचार लिखा। मेले में योग अभ्यास और सहज योग मेजिटेशन के काउंटर की भी अलग ही व्यवस्था रही। गाँव टुंडला के मरीजो को तनावपूर्ण जीवन से मुक्त रहने के तरीकों से भी मेजिटेशन के जरिए स्वस्थ रहने के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इसके अलावा प्राणायाम, कुंडलनी शक्ति के जागरण के द्वारा आत्म साक्षात्कार की प्राप्ति व उससे होने वाले लाभ के बारे में पूरी जानकारी दी गई।

# किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

सिविल सर्जन अम्बाला के मार्गदर्शन में पी एच सी बोह में राष्टीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 5 पीयर एयूकेटर जिन्होंने अपने फील्ड में बेहतरीन कार्य किया। उन्हें आर के एस के की नोडल ऑफिसर डॉक्टर प्रियंका एवं कॉउंसलर शालिनी वालिया के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नोडल ऑफिसर डॉक्टर प्रियंका ने बताया कि सरकार व स्वास्थ्य विभाग अम्बाला के द्वारा पीयर एडुकेशनर ने किशोर अवस्था मे होने वाली समस्याओं



के निवारण को लेकर अन्य किशोरों व समाज मे जागरूक करने का कार्य किया व भविष्य में भी पी एच सी लेवल पर इस तरह का कार्य करते रहेंगे। इस कार्यक्रम में ए एन एम दीपा, कामिनी, सपना रमेश एवं रितु मौजूद रही।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में व्यक्तित्व विकास कैंप आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** मुरलीधर डीएवी सीनियर सेकंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे त्रिदिवसीय व्यक्तित्व विकास कैंप का आयोजन किया गया क यह कैंप 25 , 27 तथा 28 मार्च तक चला कइस कैंप मे कक्षा तीसरी, चौथी व पांचवी के छात्रों ने भाग लिया कप्रथम दिवस मे छात्रों ने संगीत मे प्रार्थना उच्चारण तथा आर्ट एंड क्राफ्ट मे चावल व रंगो द्वारा फोटो फ्रेम बनाना सीखा तथा छात्रों को व्यक्तित्व विकास के अंतर्गत आत्म परिचय सिखाया गया कद्वितीय दिवस मे छात्रों



को संगीत मे नृत्य सिखाया गया व आर्ट एंड क्राफ्ट के अंतर्गत डिस्पोजल गिलासों को रंगो व मोतियों से सजा कर वाल हैंगिंग बनाना सिखाया व व्यक्तित्व विकास के अंतर्गत छात्रों को प्रेरणादायी कहानियां सुनाई गई व व्यक्तित्व विकास के अंतर्गत अपने व्यक्तित्व का विकास हम कैसे कर सकते हैं व कैट पिलर गेम खिलाया गया कछात्रों को प्रतिदिन रिफ्रेशमेंट दी गई क तृतीय दिवस मे कार्यक्रम के समापन समारोह मे मुख्य अतिथि डॉ आर आर सूरी का श्रीमती प्रभा सैनी व श्रीमती वंदना ने ओउम पट पहना कर स्वागत व अभिनन्दन किया क विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी के समक्ष छात्रों ने विशेष प्रस्तुति की व अपने द्वारा बनाया गया फोटो फ्रेम व वाल हैंगिंग उनको भेंट स्वरूप दिया कडॉ आर आर सूरी ने सभी छात्रों को सर्टिफिकेट व पुरस्कार वितरित किये व छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्र ऐसे ही कार्यक्रम व कैंपो के माध्यम से बचपन से ही अपने व्यक्तित्व का विकास करना शुरू कर सकते है व उनके जीवन मे ये नीव की ईंट का काम कर सकते है।

# भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी, मांगे ना मानी तो आंदोलन होगा तेज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**

अम्बाला छावनी नगर परिषद कार्यालय परिसर में दूसरे दिन भी पालिका कर्मचारी संघ के आवाहन पर कर्मचारियों ने भूख हड़ताल की। इस अवसर पर प्रधान सेवा राम, जिला प्रधान वीरपाल, राहुल कुमार, सुनील , प्रदीप राठी, सोहन लाल, सोनू कमल, राकेश सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।
उन्होनें कहा कि सरकार कर्मचारियों की अनदेखी कर रही है। 29 अक्तूबर 2022 को सरकार और कर्मचारियों के बीच समझौता हुआ था। जिस पर सभी मांगो पर सहमती जताई गई थी।



लेकिन सरकार ने अभी तक पत्र जारी नहीं किया। जिससे कर्मचारियों में गहरा रोष है। उन्होनें कहा कि बराड़ा में पिछले 4 महीनों से टैंडर खत्म हो चुका है। लेकिन इसके बाद भी यहां पर प्रशासन को न ही लोगो की चिंता है और न ही कर्मचारियों की चिंता है। उन्होनें कहा कि लगभग 5 महीनों से कर्मचारयों को वेतन नहीं मिला।
जिसका कर्मचारी विरोध भी कर रहे है। ऐसे में महंगाई के इस दौर में इन लोगो को परिवार का खर्चा चलाना भी मुश्किल हो रहा है।

**8 समझौते को तुंरत लागू करने की मांग की थी। लेकिन अब तक उनकी मांगो पर कोई कार्य नहीं किया गया**

कर्मचारियों ने कहा कि हम अपनी मांगो को लेकर कई बार पहले भी धरने प्रदर्शन कर चुके है। लेकिन उसके बाद भी कोई कार्यकवाही नहीं हो रही। उन्होनें कहा कि गत माह विधायकों और मंत्रियों व अधिकारियों को ज्ञापन भी दिये गए थे। जिसमें उन्होनें अपनी समस्याओं और समझौते को तुंरत लागू करने की मांग की थी। लेकिन अब तक उनकी मांगो पर कोई कार्य नहीं किया गया।

# नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**8 4 अप्रैल को चाणक्य एकेडमी नियर जगदम्बा मैरिज प्लेस नांगल चौधरी में स्वैच्छिक रक्तदान कैंप का आयोजन किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**

**उपायुक्त** एवं जिला रेडक्रॉस समिति के प्रधान डॉ जयकृष्ण आभीर के मार्गदर्शन में आज रेडक्रॉस कार्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर गरीब, जरूरतमंद तथा दिव्यांगजन को व्हील चेयर भी प्रदान की गई। जिला रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता



ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। नशा एक अभिशाप है। हमें किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। नशे से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक नुकसान भी होता है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस समिति की ओर से समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 2 अप्रैल को जैन मांगलिक भवन नियर बहादुर सिंह तालाब तथा 4 अप्रैल को चाणक्य एकेडमी नियर जगदम्बा मैरिज प्लेस नांगल चौधरी में स्वैच्छिक रक्तदान कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# श्रीराम मंदिर ने निकाली रामनवमी के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के मजलिस पार्क के श्रीराम मंदिर के द्वारा श्रीराम मंदिर मजलिस पार्क से लेकर केवल पार्क तक रामनवमी के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई। समाजसेवी और आरडब्ल्यूए के कोषाध्यक्ष नीरज कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 तारीख को विशाल शोभा यात्रा भी निकाली जायेगी। इस मौके पर श्रीराम मंदिर के प्रधान नरेश टंडन, सुधीर अग्रवाल कोषाध्यक्ष, आरडब्ल्यूए के कैशियर नीरज कपूर, गोपाल खनेजा, अनन्त कुमार गर्ग, नरेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र पाल बोरा, नरेश कुमार राठौर, राकेश खन्ना, सुशील बंसल, श्रीराम नाटक संकीर्तन मंडल की टीम, महिला मंडल टीम भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रभात फेरी का स्वागत सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी और निगम प्रत्याशी अनुभव धीर ने किया।



**नवीन त्यागी, पूर्व चेयरमैन सिविल लाईन जोन:** आज बड़े ही भव्य रूप में श्रीराम मंदिर मजलिस पार्क के द्वारा श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई है। मैं इसके लिए मंदिर की पूरी टीम का धन्यवाद करता हूं। सभी को इस प्रकार के आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए।



**नीरज कपूर, कोषाध्यक्ष, आरडब्ल्यूए:** आज रामनवमी के उपलक्ष्य में प्रभु श्रीराम की प्रभात फेरी निकाली गई। इस फेरी की शुरूआत मजलिस पार्क के श्रीराम मंदिर से शुरू हुई। यह फेरी क्षेत्र के कई इलाको से होते हुए केवल पार्क तक गई। इस दौरान जगह-जगह क्षेत्र के लोगों ने इस प्रभात फेरी का स्वागत किया और प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद लिया।



**सुनील खन्ना, महासचिव:** सभी को सच्चे मन से प्रभु श्रीराम की आराधना करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। उन्होंने यह भी बताया कि आज मजलिस पार्क और केवल पार्क इलाके में रामनवमी के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई है।



वजीरपुर वार्ड के पार्क में हो रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## दिल्ली में रैन बसेरे कोर्ट के आदेश के बगैर नहीं हटाए जाएंगे: कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में रैन बसेरों में रहने वालों को बड़ी राहत दी है। जस्टिस एस रविंद्र भट्ट की अध्यक्षता वाली बेंच ने अहम निर्देश जारी करते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश के बगैर न तो रैन बसेरे हटाए जाएंगे और न ही गिराए जाएंगे। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से भविष्य के लिए भी योजना बनाकर छह हफ्ते में कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया। इसके अलावा कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से गूगल डॉक्यूमेंट्स बनाकर रैन बसेरों के निरीक्षण और सुविधाओं से

**8 कोर्ट ने दिल्ली सरकार से भविष्य के लिए भी योजना बनाकर छह हफ्ते में कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया।**

संबंधित अन्य जानकारियां एक दूसरे से शेयर करने और अपडेट करने को भी कहा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि दिल्ली हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस कैलाश गंभीर कमेटी की रिपोर्ट पर आपने अब तक क्या किया। क्या आप किसी और का इंतजार कर रहे हैं जो उन सिफारिशों पर अमल करेगा।



जहांगीरपुरी वार्ड में क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा व अन्य।

# शालीमार बाग विस: सहीपुर गांव में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के सहीपुर गांव के प्राचीन शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, शालीमार गांव के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. ईश्वर दयाल सैनी, ब्राह्मण सभा के चेयरमैन गोविंद शर्मा, ब्राह्मण सभा के प्रधान एसके मुद्गल, पूर्व पार्षद ममता नागपाल, शक्ति सिंह सोनू, सुरभि जाजू, वीरेन्द्र सिंह (पिंटू), विशाल पांडेय, खेमचंद चंदेल, जतिन, सागर, सरिता कुमारी, सिम्मी सतीजा, भैरव झा, तरुण जैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद।

इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने कहा कि सभी को प्रभु की भक्ति सच्चे में मन से करनी चाहिए और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतराना चाहिए। इस मौके पर डॉ. ईश्वर दयाल सैनी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सभी को करने चाहिए, इस प्रकार के आयोजनों से क्षेत्र में धार्मिकता का संचार होता है। इस मौके पर समाजसेवी मनीष कुमार ने कहा कि यहां पर भव्य रूप में कथा का आयोजन किया जा रहा है। सभी को ऐसे कार्यक्रम अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक करने चाहिए। इस मौके समाजसेवी मनीष कुमार, आजाद सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, चौधरी लाखुराम, चौधरी बलबीर सिंह, चौधरी रतन सिंह, चौधरी दलजीत सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



केंद्र सरकार की तानाशाही और दमनकारी नीतियों के खिलाफ दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में लाल किला से टाउन हॉल चांदनी चौक तक आयोजित लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च में हिस्सा लेते हुए आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल, भारत सिंह राघव व अन्य।

## बढ़ती महंगाई से जनता हो रही है परेशान: अमित गुप्ता



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस नेता** अमित गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।
एक अन्य सवाल के जवाब में कांग्रेस नेता अमित गुप्ता ने कहा कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है, लेकिन सरकार महंगाई कम करने की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है। अमित गुप्ता ने बताया कि साल में कई बार तो दूध के दाम बढ़ाये गये है व अन्य चीजों के दाम भी बढ़ाये गये है। जिससे लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए।

## भड़काऊ भाषण के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को भी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भड़काऊ भाषण के मामले पर सुप्रीम कोर्ट कल (बुधवार को) भी सुनवाई जारी रखेगा। आज याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील निजाम पाशा ने जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद महाराष्ट्र में कई और रैलियां निकाली गईं। यह कोर्ट की अवमानना का मामला बनता है। पाशा ने मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में 50 से ज्यादा रैलियां निकाली गईं। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर मामले की सुनवाई का विरोध करते हुए कहा कि मीडिया रिपोर्ट के आधार पर बहस नहीं की जा सकती है। अगर ऐसा है तो और भी मीडिया रिपोर्ट होंगी, जिनमें ऐसे भड़काऊ भाषण का इस्तेमाल किया गया है। मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मामले में सिर्फ एक धर्म द्वारा हेट स्पीच की बात ना करें बल्कि वह अन्य वर्गों द्वारा दिए गए हेट स्पीच के मामलों को भी संज्ञान में लाएं। अगर ऐसा नहीं करते तो यह इनकी मंशा पर सवाल खड़ा कर रहा है। जस्टिस केएम जोसेफ ने सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि आपको नहीं लगता कि सांप्रदायिक सौहार्द्र के लिए हेट स्पीच जैसी चीजों को हमें छोड़ना होगा। कोर्ट ने पूछा कि इस मामले में कितनी एफआईआर दर्ज की गई हैं। तब मेहता ने कहा कि 18 मामले दर्ज किए गए हैं। तब जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि अगर ऐसा है तो और अवमानना के मामलों की बाढ़ आ जाएगी। यहां हम केस के मेरिट की बात नहीं कर रहे हैं बल्कि मामले की प्रक्रिया पर है।
सुप्रीम कोर्ट ने 3 फरवरी को महाराष्ट्र सरकार को मुंबई में हिन्दू जनाक्रोश मोर्चा की 5 फरवरी को होने वाली रैली में कोई भड़काऊ भाषण न होने देने के लिए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

# संजय एन्कलेव डीडीए फ्लैट वेलफेयर सोसायटी के चुनाव हुए संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के संजय एनक्लेव कॉलोनी में संजय एनक्लेव डीडीए फ्लेट्स वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा सम्पूर्ण कालोनी में वार्षिक चुनाव का आयोजन किया गया।
इस चुनाव में कॉलोनी के निवासियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। चुनाव के दौरान चार महत्वपूर्ण पदों पर चुनाव करवाया गया। कॉलोनी में कुल 704 फ्लैट हैं, जिसमें कुल वोटिंग 532 हुई। इस चुनाव में स्थानीय पुलिस की भागीदारी भी सराहनीय रही। चुनाव पूर्ण रूप से शांति पूर्ण हुआ और चुनाव का परिणाम उसी दिन रात को 9.00 बजे घोषित हुआ। इस चुनाव में वीरेंद्र लूथरा को सर्वाधिक मत प्राप्त हुए







उन्होंने आपने प्रतिद्वंदी प्रदीप सोनी को बहुत बड़े अंतर से हराया और प्रधान पद पर काबिज हुए। इसी प्रकार उपप्रधान सुखविंदर सिंह, सचिव गीता बत्रा और कोषाध्यक्ष के पद विजय कश्यप को विजय प्राप्त हुई। इनके विपक्षी हरीश मेहता, राकेश डोगरा और विष्णु गोपाल शुक्ला का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। इनके अतिरिक्त सहसचिव चेतन गिरी निर्विरोध चुने गये। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ महेन्द्र पाल भारद्वाज, चुनाव अधिकारी रवि आहूजा, संदीप बल्हारा, संदीप सोनी, जगजीत सिंह, सचिन कुमार के अतिरिक्त वैलफेयर के चेयरमैन नरेन्द्र शर्मा (बबल), वाइस चेयरमैन सतीश सहगल, मुकेश नंदराजोग, पंकज कटोच, चमन सैनी, प्रेम लता, हरसिमरन कौर, सीमा शर्मा, संतोष अरोड़ा, सुमन पठानिया, सुरजीत कौर, प्रदीप शाक्य, अजय सूद, सचिन वडेरा, रविन्द्र रावत, अमरजीत सिंह, रोहित सहगल, डॉ धर्म सिंह, सरदार सुरजीत सिंह चड्ढा, सरदार हरभजन सिंह, राज पाल बाटला सहित सभी कॉलोनी वासियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।
इस दौरान संस्था के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों के लिए विद्यासागर ने वितरित की 7 लाख की स्कॉलरशिप

## समय-समय पर बेहतर कार्य करने वाले बच्चों व स्टाफ को भी किया जाता है सम्मानित: दीपक यादव

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**
ग्रेटर फरीदाबाद घरौड़ा स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को स्कॉलरशिप प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी नर्सरी से लेकर 11 वीं कक्षाओं में वर्ष भर में बेहतर प्रदर्शन कराने वाले विद्यार्थियों को सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा उनके अभिभावक भी मौजूद रहें। वहीं विद्यालय में आईआईटी एमबीबीएस,मैनेजमेंट आदि कोर्स की तैयारी कराने वाले नामचीन शिक्षा के इंस्टिट्यट जैसे राजस्थान कोटा का




एएलएलईएन व रोबोंटिक लैब के सेमिनार का आयोजन किया गया। इसी के साथ अभिभावकों के लिए युवराज सिहं क्रिकेट एकडमी की बारिक जानकारी व सैल्फी इस्टैंड,बेहतर सुविधाएं स्कूल प्रांणय में मौजूद रहीं। इस क्रम में विद्यालय के चैयरमैन धर्मपाल यादव ने विद्यार्थियों, स्कूल स्टॉफ और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय की तरफ से विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए हमने लगभग सात लाख रूपए की स्कॉलरशिप दी है। क्योंकि हमारे स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान दिया जाता है, चाहे वे खेल में हो या फिर टॉपर हो पढ़ाई में। वहीं श्री यादव ने कहा कि स्कूल के शुभारंभ से लेकर आज तक बेटियों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के लिए निशुल्क दाखिला रखा हुआ है और यह भी एक आश्चय और खुशी देने वाली बात यह है कि इस स्कॉलरशिप में 70 प्रतिशत छात्राओं ने कक्षाओं में अपना वर्चस्व रखा है। इस क्रम में विद्यालय के निदेशक दीपक यादव ने कहा कि हमारा स्कूल विद्यार्थियों की प्रतिभा को सबसे अधिक महत्व देता है। जहां बच्चें की रूचिनुसार उसको ढाल कर योज्य और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाता है। इसके उपरांत बेहतर प्रदर्शन करने पर उनको विद्यालय की तरफ से सुविधाएं देते हुए प्रोत्साहित किया जाता है। इसी क्रम में स्कूल की तरफ से समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों व स्टॉफ को सम्मानित किया जाता रहा है। इसके अलावा खेल व पढ़ाई में बेहतर रहने वाले जरूरतमंद विद्या?थयों की मदद करते है। इतना ही नहीं विभिन्न कक्षाओं में पढने. वाले बच्चों के जन्मदिवस पर हवन-यज्ञ कर प्रसाद वितरण करके मनाने का चलन है। दीपक यादव ने बताया कि इस क्रम में नर्सरी से प्रथम स्थान कविश एलकेजी प्रथम केतकी, यूकेजी से प्रथम दिशा, कक्षा फर्स्ट में प्रथम आरव, सैकेंड क्लास में शानवी यादव, थर्ड में त्रिशा, फोर्थ ए में योगिता, फार्थ-बी में सौर्या, पांचवीं कक्षा ए में सुशांत प्रथम रहे तो पांचवीं-बी धैर्यवी, वहीं कक्षा-6 ए में शिवांक, तो इसी के सैक्शन बी में आर्शिया प्रथम रहीं। इसी प्रकार कक्षा 7 वीं-ए में रूद्धांश जबकि इसीके के बी सैक्शन में अक्षित गुप्ता को प्रथम स्थान मिला। इसी क्रम में कक्षा 8 ए में परी अग्रवाल, वहीं बी में हर्षिता,कक्षा 8 सी में लक्की ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी तरफ कक्षा 9 वीं-ए में गौरी, 9 वीं के सैक्शन बी में जिया प्रथम रही इसी तरह सीनियर कक्षा 11 वीं ए रूचिता,11वीं में नेहा नागर,तो इसी कक्षा के सी सैक्शन में पायन को प्रथम स्थान पर रहीं। जिसको विद्यालय की तरफ से स्कॉलशिप दी गई हैं। इस कार्यक्रम में छात्रा गरीमा द्वारा 'बहको मतना बेटियों कुल को समझो खास 35 टूकड़ों में बटा श्रद्धा का विश्वास,इ लेकर सुनाई कविता ने स्कूल प्रांणय में पहुंची माता की आंखों को पानी से भर गया। कुछ समय के लिए तो मानों ऐसा लगा जैसे समय ठहर गया हो। बाद में पूरा प्रांगण तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा। इस क्रम में योगेश चौहान वाइस प्रिंसिपल ने वार्षिक रिर्पोट पढ़ी, जिसमें विशेष तौर पर स्कूल के निदेशक शम्मी यादव को हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### एस.एस.बी. अस्पताल के सीएमडी डॉ. एस.एस. बंसल को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**में उत्कृष्ट कार्य करने पर एस.एस.बी. हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, फरीदाबाद के सीएमडी एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम सुंदर बंसल को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सम्मानित किया है। चंडीगढ़ में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्हें यह सम्मान मिला। इस कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों और भारत में युवा हार्ट अटैक रोगियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक्स-रे, ई.सी.जी, अल्ट्रासाउंड और ड़िफब्रिलेटर जैसी मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए। सभी पैरामेडिकल स्टाफ को कम से कम बेसिक-लाइफ-सपोर्ट के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को जिला अस्पताल में टेलीमेडिसिन विभाग से जोड़ा जाना चाहिए, जहाँ विशेषज्ञ उन्हें ई.सी.जी, एक्स रे और उल्ट्रासाउंड के अनुसरण के बारे में बता सकते हैं क्योंकि ऐसी जानकारियाँ आजकल मोबाइल फोन के माध्यम से आसानी से कहीं भी पहुंचाई जा सकती है।

### पंचायत समिति डेवलपमेंट प्लान को लेकर एसडीएम ने ली पंचायत समिति सदस्यों की बैठक

गन्नौरः बीडीपीओ कार्यालय में मंगलवार को एसडीएम और कार्यवाहक बीडीपीओ डॉ अनुपमा मलिक की अध्यक्षता पंचायत समिति डेवलपमेंट प्लान को लेकर बैठक हुई। जिसमें सरकार की हिदायतओं के अनुसार 30 अप्रैल से पहले डेवलपमेंट प्लान के बारे में अवगत करवाया गया। डा. अनुपमा मलिक ने बताया कि डेवलपमेंट प्लान 3 स्टेज में पास होकर आएगा, जिसमें सबसे पहले सेक्टोरियल डिवेलपमेंट ग्रुप, दूसरा ब्लॉक लेवल प्लानिंग कमेटी और फाइनल स्टेज पर ब्लॉक समिति पास करेगी। जिसमें मेंबर चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के द्वारा चुने जाएंगे। जिसका गठन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अभी हाल में गन्नौर पंचायत समिति के लिए लगभग 3 करोड़ 60 लाख रुपए का बजट अवेलेबल है। पंचायत मेंबर को हिदायतें दी गई कि वे डेवलपमेंट प्लान के लिए जिस भी गांव या कार्यक्षेत्र में काम करवाना चाहते हैं, उन्हें लिखित रूप में दें। इस मौके पर एग्रीकल्चर विभाग हॉर्टिकल्चर विभाग और हेल्थ डिपार्टमेंट के अधिकारीगण भी मौजूद थे और अन्य विभागों को भी हिदायतें दी गई कि वे ब्लॉक की अगली मीटिंग में अपना प्रतिनिधि अवश्य भेजें।

### नहरी विभाग से बिना एनओसी लिए रजवाहा खत्म कर नपा ने करवाया गली निर्माण कार्य शुरू

**गन्नौर**। नगरपालिका की बड़ी लापरवाही सामने आई है। नपा की तकनीकी विंग ने नहरी विभाग से बिना एनओसी के रजवाहें को खत्म करके अवैध रूप से गली निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया है। आरोप है कि कुछ लोगों के साथ मिलकर कर अवैध रास्ते का निर्माण करके सरकार के पैसे को बर्बाद करने का काम किया जा रहा है, जब कि नालियां का गंदा पानी भरने वाली गलियों के निर्माण को किया नही जा रहा। ज्ञात रहे कि रेलवे रोड़ पर महादेव नगर के बीचों बीच एक सदियों से चला आ रहा रजवाहा लंबे समय से बंद पड़ा था। नगरपालिका ने उसे समतल करके रास्ता बनाने में जुटी हुई है। जब कि नहरी विभाग से इसकी कोई भी इजाजत नही ली है। शहर के संदीप, सुनील, मंदीप, प्रदीप व राजेश ने बताया कि शहर में अपरूड़ कालोनियों में तो गलियां कच्ची पड़ी है लेकिन संबंधित विभाग चंद प्रापर्टी डीलरों को फायदा पहुंचाने के लिए सभी नियमों को ताक पर रखकर उक्त रास्ते का निर्माण करवाया जा रहा है।

### राई हलके में ग्रामीणों के लिए 4 ई-रिक्शा फॉगिंग मशीन की सुविधा दी

**राई**। ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मच्छरों से बचने के लिए ग्रामीण विभिन्न प्रकार के विकल्पों का प्रयोग कर रहे हैं। इन विकल्पों में से कोई विकल्प ग्रामीणों की सेहत पर नुकसान न कर जाए, उससे बचने को लेकर आंतिल बाहरा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने राई क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए 4 ई-रिक्शा फॉगिंग मशीन की सुविधा दी है, जो क्षेत्र के प्रत्येक गांव में पहुंचकर फॉगिंग करेगी। प्रधान जयभगवान आंतिल ने कहा कि गर्मी मौसम की दस्तक हो चुकी है।

## नवरात्रों के उपलक्ष में कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स वितरित किए

**सोनीपत**। चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति की प्रधान मैडम चांदनी और पायल गुप्ता ने फाजलपुर आंगनवाड़ी में कूलर फ्रूट्स महिलाओं के लिए नवरात्रों के उपलक्ष में कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स वितरित किए। फाजिलपुर आंगनबाड़ी में इस प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने बच्चों को गर्मियों से राहत के लिए कूलर जूस और बिस्किट के पैकेट बांटे पायल गुप्ता जी ने अपने प्रोडक्ट्स का लांच किया और सभी महिलाओं को नवरात्रि के उपलक्ष पर कॉस्मेटिक किट वितरित की।

# सातवें नवरात्रों में हुई मां कालरात्रि की भव्य पूजा

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**
**नवरात्रों** के सातवें दिन श्री महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में मां कालरात्रि की भव्य पूजा अर्चना की गई। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की तथा अपने मन की मुराद मांगी। इस धार्मिक आयोजन में बडखल विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक सीमा त्रिखा ने मंदिर में पहुंचकर मां के समक्ष अपनी हाजिरी लगाई तथा ज्योत प्रवज्जलित की। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने विधायक श्रीमति सीमा त्रिखा का जोरदार तरीके से स्वागत किया तथा उन्हें प्रसाद तथा मां



की चुनरी भेंट की। हवन पूजन के अवसर पर श्रीमति त्रिखा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रों के शुभ अवसर पर माता रानी के दरबार से कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं जाता। सच्चे मन से मां से अपनी कामना करने वाले लोगों की मनोकामना अवश्य पूण होती है। नवरात्रों के शुभ अवसर पर एक ऐसा साकारात्मक माहौल बनता है, जिससे लोगों को अदभुत शक्ति मिलती है। वह स्वयं इसकी जीती जागती मिसाल हैं। नवरात्रों के शुभ दिनों में वह स्वयं मां के व्रत रखती हैं, जिससे उनके भीतर एक ऐसी शक्ति जागृत होती है, जोकि उन्हें थकने नहीं देती। वह व्रत के दिनों में पहले से भी अधिक काम करती हैं तथा लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनती और उनका समाधान करती है। उन्हें यह शक्ति नवरात्रों में माता रानी से मिलती है। श्रीमति सीमा त्रिखा ने सभी भक्तों को नवरात्रों की शुभकामनाएं दीं। इस इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा ने मां की भेंट लिखने वाले माता रानी के भक्त अनिल कत्याल को विशेष रूप से सम्मानित भी किया। बता दें कि गीतकार अनिल कत्याल प्रतिदिन वैष्णोदेवी मंदिर में दो भेंटें लिखते हैं, जिन्हें हर रोज मंदिर में पूजा अर्चना के अवसर पर गाया जाता है। अनिल कत्याल के भक्ति भाव को देखते हुए ही विधायक सीमा त्रिखा ने उन्हें विशेष तौर पर सम्मानित किया। इस धार्मिक आयोजन के उपरांत मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रों की शुभकामनाएं देते हुए मां कालरात्रि की महिमा का बखान किया। श्री भाटिया ने कहा कि मां कालरात्रि का एक अन्य नाम शुभकंरी है तथा उनकी सवारी गधा है।

# 'स्मार्ट सिटी फरीदाबाद की विकास परियोजनाएं जून माह तक पूरा करना सुनिश्चित करें'

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**
भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के ज्वाइंट सेक्रेटरी ने कहा कि फरीदाबाद स्मार्ट सिटी की भी जो भी विकास परियोजनाएं चल रही हैं, उनका सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के ज्वाइंट सेक्रेटरी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से यह है दिशा निर्देश दिए। फरीदाबाद स्मार्ट सिटी के सीईओ कम डीसी विक्रम सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए बताया कि स्मार्ट सिटी फरीदाबाद



में विकास कार्यों का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जा रहा है। जो विकास परियोजनाओं पर कार्य करवाए जा रहे हैं वह सभी आगामी जून माह में पूरे कर लिए जाएंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंस में स्मार्ट सिटी फरीदाबाद के डीजीएम अरविंद सिंह, डीजीएम कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## श्री राम आज भी तत्व रूप में इस ब्रह्माण्ड के कण कण में

सोनीपत दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा श्री आशुतोष महाराज जी के दिव्य मार्ग दर्शन में सोनीपत हुडडा ग्राउंड सैक्टर-23 में सात दिवसीय भव्य श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस पर श्री आशुतोष महाराज की शिष्या कथाव्यास साध्वी सुश्री पद्महस्ता भारती ने उपस्थित जन समूह को श्रीराम के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक जीवन चरित्रों से अवगत करवाते हुए कहा, " श्री राम पुरुषों में उत्तम अर्थात मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाते हैं।

# मानव रचना के कल्चरल फेस्ट में मिलिंद गाबा परफॉर्म करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**
**मानव** रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस 30 और 31 मार्च, 2023 को अपने वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव, 'रस्यररेक्शन 2य23' का आयोजन कर रहा है। सांस्कृतिक उत्सव छात्रों को नेटवर्क करने और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करेगा। यह छात्रों को अपनी अनूठी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा। 30 मार्च, 2023 को छात्र विभिन्न श्रेणियों और उप श्रेणियों जैसे डांस (डांस फीवर, ओल्ड इज गोल्ड); संगीत (सुरो का खेल, रैप द रैप, डाउनबीट, बैटल ऑफ बैंड्स, वोकल पर्क्यूशन), फैशन (स्पंदन- द वोग (फैशन शो); फाइन आर्ट्स एंड लिटरेरी (ब्रश विद ब्रिलियंस, फेस पेंटिंग कॉम्पिटिशन, स्क्रिबल योर थॉट्स), लिटरेरी (वर्ड वार, स्पेल बी, पोएट्री पार्टी, टेल-ए-टेल, ग्रामर नाजी, इंस्टास्टोरी टेलिंग), थिएटर (रंग मंच, द चोजेन वन, आरंभ), ई-स्पोर्ट्स (वेलोरेंट टूनामेंट, कॉल ऑफ ड्यूटी मोबाइल), और कुलिनरी (स्पाइस रूट)। मानव रचना में 31 मार्च एक शानदार दिन होगा क्योंकि संगीत उद्योग की प्रसिद्धि मिलिंद गाबा और डीजे कशिश परिसर में प्रदर्शन करेंगे। इन आयोजनों के विजेताओं को 3 लाख रुपये के पुरस्कार वितरित किए जाने के साथ, छात्र पूरी क्षमता तक अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए कमर कस रहे हैं। जजों के लिए यह निश्चित रूप से एक कठिन काम होने जा रहा है क्योंकि मानव रचना के छात्र हर बार अपनी रचनात्मकता और अभिनव दृष्टिकोण के लिए वाहवाही जीतने के लिए बेहतर प्रदर्शन करते हैं। गौरतलब है कि इससे पहले मानव रचना में लोकप्रिय अभिनेताओं और गायकों ने परफॉर्म किया था। इनमें फरहान अख्तर, निखिल चिनपा और बेनी दयाल शामिल हैं।

# ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में मिलेगा मल्टीपल एंट्री एवं एग्जिट विकल्प

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**
जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 उल्लिखित प्रावधानों के अनुरूप मौजूदा ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों को मल्टीपल एंट्री एवं एग्जिट के साथ शुरू करने तथा पोस्ट-ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों को लचीला बनाने की व्यवहार्यता पर काम कर रहा है। यह जानकारी एनईपी-2020 पर विश्वविद्यालय के सलाहकार समूह की पहली बैठक में दी गई। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की अध्यक्षता में हुई बैठक में शिक्षा विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय



से सेवानिवृत्त प्रो. सुषमा शर्मा, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली से प्रो. अरशद नूर सिद्दीकी, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन (इंस्टीट्यूशन्स) प्रो. संदीप ग्रोवर, और सलाहकार समूह के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। उन्होंने बैठक में एनईपी-2020 के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। विश्वविद्यालय की एनईपी कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रो. तिलक राज ने बैठक में सदस्यों का स्वागत किया और एनईपी-2020 के विभिन्न प्रावधानों को लागू करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें मल्टीपल एंट्री एवं एग्जिट सिस्टम, संस्थागत विकास योजना, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की रैंकिंग में सुधार के लिए विभिन्न बिंदु, विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीयकरण के लिए विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही पहल, माइनर डिग्री तथा मूल्य वर्धित पाठ्यक्रमों में सर्टिफिकेट जैसे प्रावधान शामिल रहे।

# अग्रवाल महाविद्यालय में चल रहा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**
अग्रवाल महाविद्यालय में गत 23 मार्च से चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छटे दिन भी स्वयंसेवकों ने शिविर की शुरूआत योग से की। शिविर में आज मुख्य वक्ता के रूप में हरीश जो एनएसएस के ऐसे स्वयंसेवक हैं जिन्होंने राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया हुआ है और राष्ट्रपति से भी सम्मानित हैं, आज स्वयंसेवकों ने अपने बीच में से एक वक्ता को पाकर अपने गौरवांवित महसूस किया। उन्होंने "काम वो गैर जरूरी हैं जो सब करते हैं, एनएसएस वाले कुछ नहीं करते बस गजब



करते हैं" जैसी पंक्तियों से स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा की खास लोगों को ही एनएसएस से जुड? का अवसर प्राप्त होता है और एनएसएस कोई संगठन नहीं है यह एक सोच, विचारधारा एक जीवनशैली है जो एक व्यक्ति को व्यक्तित्व की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय अवार्ड पाने के लिए एनएसएस को मोटो मैं नहीं आप को जीना होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्ण कांत जी चाहते हैं शिविर की थीम "भारतीय युवाःचरित्र, व्यक्तित्व एवम स्वाबलंबन" को सार्थक बनाने के लिए सभी गतिविधियां की जाएं। आज स्वयंसेवकों के मध्य अंतर महाविद्यालय एकल गान व एकल नृत्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं जिनमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। पुरुषों व महिलाओं में समानता, नशामुक्ति की लिए शपथ, कौशल समावेश, बौद्धिक स्वास्थय, यातायात जागरूकता, पर्यावरण जागरूकता आदि विषयों पर बल दिया जा रहा है। आज शिविर में स्वयंसेवकों के बीच खेलकूद जैसे दौड़, ऊंची कूद, गोला फेंक की प्रतियोगिताएं भी कराई गईं जिनमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन के पीछे मुख्य लक्ष्य स्वयंसेवकों में बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास करना है। गौरतलब है इस विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले 10 महाविद्यालयों के 133 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं यह शिविर 29 मार्च 2023 तक चलेगा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्ण कांत जी ने शिविर के कुशल संचालन के लिए शिविर के समग्र प्रभारी डॉ. अशोक कुमार निराला, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शोभना गोयल, सुभाष कैलोरिया, मनमोहन सिंगला, व शिविर से जुड़े सभी गैर-शिक्षक वर्ग की प्रसंशा की।

# संस्कृति मंत्रालय लेकर आया फोटोग्राफी के शौकीनों लिए 'मेला मोमेंट्स फोटोग्राफी प्रतियोगिता: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद/हरपाल सिंह यादव**
डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि देश में मेलों का विशेष सांस्कृतिक महत्व है। वहीं मेले लोगों को सांस्कृतिक विरासतों और दिलों को एक सूत्र में आपस में जोड? का कार्य करते हैं। इसी उद्देश्य के मद्देनजर सरकार द्वारा आजादी के अमृत काल में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा फोटोग्राफी के शौकीनों व फोटो प्रेमियों के लिए फोटोग्राफी प्रतियोगिता 'मेला मोमेंट्स का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में जनजातीय समाजों के कई पारंपरिक मेले



आयोजित किए जाते हैं। इनमें से कुछ मेलों का जुड़ाव जहां जनजातीय संस्कृति से है, वहीं कुछ अन्य मेले जनजातीय इतिहास एवं विरासत के संबंध में आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रतिभागियों का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता चैत्र नवरात्रि (31 मार्च 2023) तक जारी रहेगी। बेहतरीन फोटो के लिए प्रतिभागियों को अलग-अलग श्रेणी के हिसाब से पुरस्कार दिए जाएंगे। डीसी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि फोटोग्राफी प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार किसी भी मेले के दौरान खींची गई। सर्वश्रेष्ठ फोटो जमा कर सकते हैं और नकद पुरस्कार एवं आकर्षक इनाम जीत सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेताओं को अंतिम एवं मासिक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 29 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# फ्यूचर वॉर से फाइट करने का बनेगा ब्लूप्रिंट

## मोदी परखेंगे तीनों सेनाओं की 'शक्ति', आप भी देख सकेंगे आर्मी के टैंक और बोफोर्स

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**तीनों** सेना की 'रण'नीति बनाने के लिए जल, थल और वायु सेना के प्रमुख और चीफ डिफेंस स्टॉफ (सीडीएस) 4 दिनों के लिए भोपाल में डेरा डाल रहे हैं। 30 मार्च से 1 अप्रैल तक 3 दिनों में यहां तीनों सेनाओं की कमांडर कॉन्फ्रेंस में भविष्य के युद्ध से निपटने का ब्लू प्रिंट तैयार होगा। पहला मौका है जब ये कॉन्फ्रेंस दिल्ली से बाहर किसी दूसरे शहर में हो रही है। 1 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां सैन्य कमांडरों के साथ बैठक करेंगे। इसी बैठक में फ्यूचर वॉर से निपटने के लिए सेना की रणनीति को अंतिम रूप मिलेगा। आम लोग भी यहां सेना के शौर्य को निहार सकेंगे। इसके लिए मिंटो हॉल के बाहर मोतीलाल नेहरू विज्ञान महाविद्यालय के ग्राउंड में तीनों सेनाओं ने अपने अपने सैन्य उपकरण प्रदर्शित करने की तैयारी पूरी कर ली है। संभवतः 29 मार्च से




इसे आम लोगों के लिए खोला जाएगा। यहां आप ये देख सकेंगे कि भारतीय सेना कितनी ताकतवर है। इस प्रदर्शनी में बोफोर्स गन, मिसाइल लॉन्चर और टैंक के अलावा युद्ध में उपयोग किए गए हथियार भी दिखाए जाएंगे। प्रदर्शनी स्थल पर टैंक और दूसरे गैजेट पहुंचने शुरू हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी तो 1 अप्रैल को आएंगे, लेकिन तीनों सेनाओं के प्रमुख यहां 29 मार्च को आमद दे देंगे। 30 को तीनों सेनाओं के प्रमुख सहित सैन्य



कमांडरों को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान संबोधित करेंगे। इसके अगले दिन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सीडीएस व तीनों सेनाओं के प्रमुख सहित सैन्य कमांडरों को संबोधित करेंगे। तीनों सेनाओं के प्रमुखों से रणनीतिक मामलों पर भी चर्चा करेंगे। सैन्य कमांडरों की कॉन्फ्रेंस हर साल दिल्ली में होती है। माना जाता है कि इसी कॉन्फ्रेंस में तय होता है कि हमारी सेना किस तरह से अपनी तैयारी रखेगी।

**रूस और यूक्रेन वॉर ने सोचने पर किया मजबूर:** तीनों सेनाओं की ये कॉन्फ्रेंस बेहद अहम है। आमतौर पर सेना 7 से 10 दिन के युद्ध के लिए तैयार होती है, लेकिन रूस और यूक्रेन वॉर जितनी लंबी चल रही है, इससे हमें नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत महसूस हो रही है। ये बड़ी चुनौती है कि लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में हमारी रणनीति क्या होगी? अग्निवीर को लेकर सरकार को जिस तरह के फीडबैक मिले हैं, उस पर नए सिरे से चर्चा हो सकती है। कुछ दूसरे सुरक्षा बलों आईटीबीपी, बीएसएफ में भी अग्निवीरों को रियायत देने पर बातचीत होने की उम्मीद है। वायु सेना के पुराने विमान हमारे लिए चिंता का विषय हैं।

### चीन के संभावित ड्रोन हमले से निपटने पर बनेगा प्लान

**भारतीय** सेना के पराक्रम को बीते दिनों चीन भी डोकलाम में समझ चुका है, इसलिए चीनी सेना अब भारत से आमने-सामने की लड़ाई से परहेज कर रही है। वे भारत से मुकाबले के लिए ड्रोन हमले और ऐसी ही दूसरी रणनीति बना रहे हैं। भारत ऐसे हालातों से निपटने के लिए अपनी रणनीति को यहां अंतिम रूप देगा। इसके अलावा मिडिल ईस्ट के देशों के साथ अपने संबंधों व हिंद महासागर क्षेत्र पर भी बात होगी। कहां-कहां कौन सी अड़चन है और उससे निपटने के लिए क्या प्लान है, इस पर भी प्रजेंटशन होंगे। 1971 की लड़ाई और कारगिल की लड़ाई से हमने जो सीखा और आगे भविष्य को लेकर हमारी सेना की जो तैयारी है, उस पर भी बात होगी। हिन्दुस्तान ने वैश्विक पटल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। भारतीय सेना दुनिया की किसी भी सेना से कमतर नहीं है।

### डिफेंस सिस्टम के लिए ये कॉन्फ्रेंस बहुत अहम

**इस** कॉन्फ्रेंस में जल, थल, वायु तीनों सेना के प्रमुख के साथ खुद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भी मौजूद रहने वाले हैं। भारत के डिफेंस सिस्टम के लिए ये कॉन्फ्रेंस बहुत महत्वपूर्ण है। कॉन्फ्रेंस में तीनों सेनाओं के जोइंटनेस यानी संयुक्त रूप से काम करते हुए किसी एक लक्ष्य को पाने के मुद्दे पर बात होगी। इस समय चीन और पाकिस्तान भारत पर हावी हो रहें हैं, दोनों देशों से कैसे निपटा जाए इस विषय पर भी नए सिरे से रणनीति बनाई जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। थिएटर कमांड्स पर भी बात हो सकती है।

## न्यूज फ्लैश

### वंदे भारत का रानी कमलापति स्टेशन से आगरा के बीच हुआ ट्रायल

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

एक अप्रैल से चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली के बीच सोमवार को ट्रायल हुआ। पहले ट्रायल के लिए ट्रेन रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सोमवार रात 9.00 बजे आगरा लिए रवाना हुई। रेल विभाग के अनुसार, ट्रायल के लिए रवाना हुई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को रानी कमलापति स्टेशन से बीना रेलवे स्टेशन तक 120 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाया गया। इसके बाद गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटे की गई। इस तरह औसत 100 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेन आगरा तक चलाई गई। ट्रायल की कमान भोपाल रेल मंडल के विशेष दल को दी, जो ट्रेन की गति को अलग-अलग मापदंडों पर परख रहा। इस दल को इंटीग्रल कोच फैक्टरी से आए विशेषज्ञ सहयोग करते रहे। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, इस ट्रेन का मंगलवार को आगरा से पलवल के बीच अलग-अलग चरणों में ट्रायल किया जाएगा, जो 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से होगा। हालांकि, रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि जरुरत और तकनीकी पहलुओं को देखते हुए ट्रायल के दौरान गति सीमा को कम भी किया जा सकता है। वंदे भारत एक्सप्रेस में 16 कोच हैं। इन्हीं में मोटरकार कोच भी शामिल है, जिसमें लोको पायलट और सहायक लोको पायलट रहते हैं। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक 1128 सीटें हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वंदे भारत एक्सप्रेस को एक अप्रैल को हरी झंडी दिखाने वाले हैं। यह मप्र से चलने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस होगी। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम अभी आधिकारिक रूप से नहीं आया है लेकिन रेलवे के अधिकारी संभावित कार्यक्रम के अनुसार तैयारियां कर रहे हैं।

### हार्डकोर नक्सली बढन भुईया गिरफ्तार

**पटना:** बिहार में गया जिले के तरचुआं जंगल में हार्डकोर नक्सली बढ़न भुईया को पकड़ने में आखिरकार पुलिस को सफलता मिल गयी। बढ़न भुईया प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का हार्डकोर नक्सली है, जो 16 साल की उम्र में ही नक्सली संगठन में शामिल हुआ था। इसके बाद वह एक के बाद एक नक्सली वारदातों को अंजाम देता रहा। पांच साल पहले हुए पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में वह भी मौजूद था। इसके बाद से वह फरार चल रहा है। पुलिस 19 साल से बढ़न भुईया को तलाश रही थी। इसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी लेकिन हर बार वह पुलिस को चकमा देकर जंगल के रास्ते भाग जाया करता था। इस बार वह गया के तरचुआं जंगल में वह देखा गया। फिर सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर उसे गया के तरचुआं जंगल से दबोच लिया। गया के एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि वर्ष 2018 में पचरुखिया जंगल में हुए मुठभेड़ में भी वह शामिल था। उसी समय से बढ़न की तलाश में पुलिस लगी थी। कई बार पुलिस ने छापेमारी भी की लेकिन वह हाथ नहीं आया लेकिन अब वह सुरक्षाबलों के हत्थे चढ़ गया है।

### बेगूसराय में 6314 लोगों पर धारा 107, 80 डीजे जब्त

**बेगूसराय:** रामनवमी, चैती दुर्गा और रमजान का त्यौहार सद्भाव के साथ शांतिपूर्ण मनाने के लिए बेगूसराय में प्रशासन ने बड़ी तैयारी की है। एक हजार से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। डीजे बजाने का पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। विगत 24 घंटा के दौरान चलाए गए विशेष अभियान में 62 डीजे जब्त किया गया है।

## 'नवाचारों से ही आज राजस्थान अग्रणी राज्य'



**टीम एक्शन इंडिया/बीकानेर**

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के उत्थान और उनकी प्रगति के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। युवाओं और विद्यार्थियों को समर्पित बजट पेश कर भविष्य के संकल्पना को साकार किया जा रहा है। शिक्षा क्षेत्र में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों एवं नवाचारों से ही आज राजस्थान अग्रणी राज्य बना है। इसी का परिणाम है कि भारतीय सिविल सेवा में चयनित होने में राज्य के युवा आगे हैं। गहलोत मंगलवार को बीकानेर के राजकीय डूंगर महाविद्यालय में छात्रसंघ कार्यालय उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सशक्त माध्यम है, जिससे युवा अपने भविष्य के लिए सही रास्ता चुन सकते हैं। युवा वर्ग शिक्षा प्राप्ति के साथ देश की हर घटना की जानकारी भी रखें। देश की आजादी से पूर्व एवं बाद के त्याग

**प्रगति के लिए प्रतिबद्धता**

**शिक्षा क्षेत्र में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों एवं नवाचारों से ही आज राजस्थान अग्रणी राज्य बना है**

और बलिदान को पढ़ें और अन्य ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भी शामिल हों। इसी से व्यक्तिव और कृतित्व मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि इतिहास वही बनाता है, जो इतिहास जानता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में आज जो फैसले ले रही है, उनका लाभ भविष्य में मिलेगा। उन्होंने समारोह में महाविद्यालय के छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने छात्र हितों को देखते हुए 30 नए कक्षा कक्षों के निर्माण के लिए घोषणा की। गहलोत ने कहा कि सभी को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।



भाजपा ओबीसी मोर्चा के सांसदों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की स्टेच्यू के पास कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### बम रखे जाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**मुंबई:** उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नागपुर स्थित घर के सामने बम रखे जाने की धमकी देने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस धमकी को देखते हुए देवेंद्र फडणवीस के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस के अनुसार सोमवार को आधी रात में अज्ञात व्यक्ति ने नागपुर पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर देवेंद्र फडणवीस के घर के सामने बम रखने की धमकी दी थी। इसके बाद उस व्यक्ति ने फोन काट दिया। इसके बाद फडणवीस के घर बम निरोधक टीम भेजी गई और पुलिस बल तैनात किया गया था।

## सदन की कार्यवाही देखने आये छात्रों ने की कुलदीप से मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया शिमला/चमन शर्मा**

गत दिवस को पूर्वाह्न 10:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुगा घाट सोलन के छात्र-छात्राओं ने सदन की कार्यवाही देखने से पूर्व हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की। इस दौरान छात्रों ने विधान सभा अध्यक्ष से आज होने वाली कार्यवाही के बारे पूछा तथा संसदीय प्रणाली की जानकारी ली।

## एसजेवीएन ने जापान बैंक से ग्रीन फंडिंग हासिल की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

नन्द लाल शर्मा, अध्यकक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने अवगत कराया कि एसजेवीएन ने अपनी 90 मेगावाट की ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर और 100 मेगावाट राघनसेडा सौर परियोजनाओं की फंडिंग हेतु जापान बैंक फ ॉर इंटरनेशनल को-ऑपरेशन जेबीआईसी से 915 करोड़ रुपए 15 बिलियन जापानी येन की ग्रीन फंडिंग हासिल की है। नन्द लाल शर्मा ने आगे बताया कि एसजेवीएन और जेबीआईसी ने आर्थिक विकास और पर्यावरण



संरक्षण ग्रीन कार्यक्रम के समाधान के लिए ग्लो बल एक्शेन के अंतर्गत वर्चुअल रूप से 'फैसिलिटी एग्रीमेंटइ पर हस्ताक्षर किए। जापानी प्राईवेट फ इनेंशियल इंस्टीट्यूट्स के साथ 915 करोड़ रुपए के इस ऋ ण को जेबीआईसी को-फ इनेंस कर रहा है। ऋ ण का उद्देश्य मध्य प्रदेश में 90-मेगावाट ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजना तथा गुजरात में 100-मेगावाट राघनसेडा सौर ऊर्जा परियोजना का वित्त पोषण करना है, जिसकी संयुक्त अनुमानित लागत 1,288.35 करोड़ रुपए है। जबकि व्यवस्थित ऋ ण का 60 प्रतिशत स्वयं जेबीआईसी द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा, शेष राशि जापान के वाणिज्यिक बैंकों अर्थात एमयूएफ जी बैंक और सैन-इन गोडो बैंक से आएगी।

**साधा निशाना**

**एप्पल बेल्ट में सीए स्टोर स्थापित करने के मामले में कथित अनियमितताओं की जांच करेगी**

## अदानी ग्रुप सुक्खू सरकार के निशाने पर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार अदानी ग्रुप द्वारा एपीएमसी एक्ट का उल्लंघन करने और एप्पल बेल्ट में सीए स्टोर स्थापित करने के मामले में कथित अनियमितताओं की जांच करेगी और यदि कुछ भी गलत पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह घोषणा बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने मंगलवार को विधानसभा में विधायक कुलदीप सिंह राठौर द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में की। राजस्व मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सीए स्टोर का निर्माण 2008 से 2011 के बीच



राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा नाबार्ड के फं ड के तहत किया गया था और इसके लिए 15.98 करोड़ रुपए से अधिक की सब्सिडी दी गई थी, लेकिन इन्हें स्थापित करने को लेकर कोई एमओयू साइन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात का पता लगाएगा कि क्या वह कानूनी रूप से इतने सालों बाद उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए एमओयू हस्ताक्षरित कर सकती है या नहीं। इससे पूर्व कुलदीप सिंह राठौर ने प्रतिपूरक सवाल के माध्यम से कहा कि एप्पल बैल्ट में बिना एमओयू साइन किए सीए स्टोर अदानी ग्रुप में स्थापित कर दिए। उन्होंने कहा कि जब सेब सीजन शुरू होता है तो अदानी समूह सीजन के बीचोंबीच अपनी सेब दरें घोषित करता है और फि र इससे सेब के दामों में अचानक गिर जाती है और बागवानों को भारी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि अदानी समूह ने वर्ष 2006 में बिथल में पहले सीए स्टोर बागवानों को बिचौलियों और कमीशन ऐजेंटों के शोषण से बचाने के लिए खोला था, लेकिन वही अदानी समूह कथित तौर पर बागवानों का शोषण कर रहा है।

